रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 2 अक्टूबर 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 43 मूल्य 3.00 ₹


## नवरात्रि का सातवे दिन मां कालरात्रि



नवरात्रि के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजन का विधान है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां कालरात्रि दुष्टों का विनाश करने वाली हैं। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, मां कालरात्रि की पूजा करने वाले भक्तों पर मां दुर्गा की विशेष कृपा बनी रहती है।

# मुख्यमंत्री बघेल ने पंडरिया में 68 करोड़ से अधिक, 81 कार्यों का किया लोकार्पण और भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कबीरधाम प्रवास के दौरान विधानसभा पंडरिया में 68 करोड़ 87 लाख रूपए के 81 कार्यो का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इसके अंतर्गत लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण उप संभाग के तहत 4 करोड़ 30 लाख रूपए की लागत से ग्राम मुनमुना से कामठी मार्ग के आगर नदी पर पुल निर्माण का कार्य, जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा अंतर्गत 7 लाख 41 हजार रूपए की लागत से ग्राम पंचायत उड़ियाकला में सीसीरोड़ निर्माण का कार्य, 7 लाख रूपए की लागत से ग्राम पंचायत गोछिया में वीरांगना अंवतीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आहता निर्माण, 5 लाख 20 हजार रूपए की लागत से ग्राम पंचायत मोहगांव में सीसी रोड़ निर्माण, 5 लाख 20 रूपए की लागत से ग्राम पंचायत भगवताटोला में सीसी रोड़ निर्माण, 5 लाख 20 हजार रूपए की लागत से ग्राम पंचायत जमुनिया में सीसी रोड़ निर्माण और छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के अंतर्गत 132/33 केव्ही उपकेन्द्र गंडई का लोकार्पण किया।

**62 करोड़ 85 लाख रूपए के कार्यो का शिलान्यास एवं भूमिपूजन**

मुख्यमंत्री बघेल ने 5 करोड़ 7 लाख रूपए की लागत से धौराबंद से कृतबांधा, 4 करोड़ 35 लाख रूपए की लागत से ग्राम विरेन्द्र-पटपर में विरेन्द्र नगर से पटपर और 3 करोड़ 88 लाख रूपए की लागत से सोनपुरी से भुडकुड़ा मार्ग का निर्माण कार्य, 45 लाख 15 हजार रूपए की लागत से ग्राम कुण्डा में परियोजना कार्यालय सह संसाधन केन्द्र, 24.70 लाख रूपए की लागत से मेनरोड़ से बिरमपुर, 60.53 लाख रूपए की लागत से मेनरोड़ से पालीगुढ़ा, 50.44 लाख रूपए की लागत से मेनरोड़ से मिरमिट्टी, 75.62 लाख रूपए की लागत से धरमपुरा से जिंदा, 127.96 लाख रूपए की लागत से खैरझिटी से घिरघोसा, 32.51 लाख रूपए की लागत से इंदौरी रोड़ बिलकुलीकला से बिटकुली खुर्द, 55.89 लाख रूपए की लागत से इंदौरी तमरूआ रोड़ से नवागांव, 26.66 लाख रूपए की लागत से बिरनपुर लिटिपुर से बिसनपुरा, 75.01 लाख रूपए की लागत



से हथलेवा से सिंघनपुरी, 546.39 लाख रूपए की लागत से मेनरोड़ से गगरिया से खम्हरिया, 22.53 लाख रूपए की लागत से हरदी से रगरा, 23.05 लाख रूपए की लागत से दनियाखुर्द से बनिया, 25.70 लाख रूपए की लागत से बिरोड़ा साजा रोड से खैरबना, 78.70 लाख रूपए की लागत से एसएच-09 से केसलीगोड़ान, 150.44 लाख रूपए की लागत से दामापुर से डोंगरिया, 116.59 लाख रूपए की लागत से एसएच-09 से चारभांटा, 63.83 लाख रूपए की लागत से बसनी से घोरपेन्ड्री, 120.70 लाख रूपए की लागत से एसएच-09 से लाड़गपुर, 47.76 लाख रूपए की लागत से भरतपुर से धनेली, 108.64 लाख रूपए की लागत से एसएच-09 से लडुवा, 183.57 लाख रूपए की लागत से मेनरोड़ से बोहिल, 352.49 लाख रूपए की लागत से रहमानकांपा से बिरनबाह, 351.24 लाख रूपए की लागत से बदना से पंडरीपानी, 55.62 लाख रूपए की लागत से नानापुरी से भैंसबोड़, 93.82 लाख रूपए की लागत से पोलमी से आमापारा, 287.67 मेनरोड़ से कोयलारी कापा, 51.21 लाख रूपए की लागत से मंझोलीरवन से गुढ़ा, 35.21 लाख रूपए की लागत से कामठी से नवापारा तक कुल 28 सड़क निर्माण कार्य कुल लागत 32 करोड़ 34 लाख 48 हजार रूपए का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन अंतर्गत 128.89 लाख रूपए की लागत से सिंगल विलेज नल जल प्रदाय योजना ग्राम पंचायत सिंघौरी, 177.04 लाख रूपए की लागत से दानीघटोली, 141.33 लाख रूपए की लागत से लोखान(ओडाडबरी), 106.98 लाख रूपए की लागत से दुल्लीपारा(माकरी), 121.39 लाख रूपए की लागत से भगतपुर, 117.15 लाख रूपए की लागत से धनेली (भगतपुर) और 185.92 लाख रूपए की लागत से रेट्रोफिटिंग नल जल प्रदाय योजना ग्राम भंडारपुर (सुखतरा) में कुल 7 कार्य कुल लागत 8 करोड़ 78 लाख 70 हजार रूपए, पंडरिया में 50 लाख रूपए की लागत से ब्लाक पब्लिक हेल्थ युनिट का निर्माण कार्य, जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा में 6.50 लाख रूपए ➤शेष पेज 2 पर

## क्विक न्यूज

### व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत घटी

**नयी दिल्ली।** व्यावसायिक रसोई गैस सिलेंडर (एलपीजी) की कीमतों में शनिवार को 25.5 रुपये प्रति सिलेंडर की कमी की गई है। इंडियन ऑयल की कीमत अधिसूचना के अनुसार घटी हुई कीमत से लागू होगी। व्यावसायिक उपयोग के लिए 19 किलो के एलपीजी सिलेंडर की कीमत अब दिल्ली में 1,885 रुपये के बजाय 1,859 रुपये होगी।

## पीएम मोदी ने 5 जी सेवाओं का किया शुभारंभ

एजेंसी ✓ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक नए तकनीकी युग की शुरुआत करते हुए देश में 5जी सेवाओं का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने भारतीय मोबाइल सम्मेलन (आईएमसी) के छठे संस्करण के उद्घाटन के साथ ही देश में 5 जी सेवाओं का भी शुभारंभ किया। आईएमसी 2022 का आयोजन 01 से 04 अक्टूबर तक 'न्यू डिजिटल यूनिवर्स' विषय के साथ किया जा रहा है। मोदी द्वारा चुनिंदा 13 शहरों में लॉन्च किया जायेगा। 5जी अगले कुछ वर्षों में पूरे देश को कवर करेगा। 5जी तकनीक से निर्बाध कवरेज, उच्च डेटा दर, कम विलंबता और अत्यधिक विश्वसनीय संचार सुविधाऐं प्राप्त की जा सकेंगी। इससे ऊर्जा दक्षता, स्पेक्ट्रम दक्षता और नेटवर्क दक्षता में भी बेहतर रूप से सुधार होगा। इस मौके पर संचार, इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव और संचार राज्य मंत्री देवुसिंह चौहान के साथ ही देश की प्रमुख दूरसंचार कंपनियों के प्रमुख भी मौजूद थे। इसमें रिलायंस जियो का संचालन करने वाली कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष मुकेश अंबानी, भारती एयरटेल के सुनील भारती मित्तल और वोडाफोन आइडिया के कुमार मंगलम बिरला, रिलायंस जियो के अध्यक्ष आकाश अंबानी मौजूद थे।

## बृजलाल खाबरी को उत्तर प्रदेश कांग्रेस की कमान



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने अपनी उत्तर प्रदेश इकाई में महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए वरिष्ठ नेता बृजलाल खाबरी को प्रदेश कांग्रेस का नया अध्यक्ष नियुक्त कर उनके सहयोग के लिए छह कार्यकारी अध्यक्ष भी बनाये हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने इन सभी नामों को मंजूरी दी है और उन्हें तत्काल प्रभाव से काम करने को कहा है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने वरिष्ठ नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी, अजय राय, वीरेंद्र चौधरी, नकुल दुबे, अनिल यादव (इटावा) और योगेश दीक्षित को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है।

## स्वच्छ सर्वेक्षण में छत्तीसगढ़ ने लहराया परचम

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com




स्वच्छ सर्वेक्षण में एक बार फिर छत्तीसगढ़ ने देशभर में परचम लहराया है। छोटे शहरों की कैटेगरी में दुर्ग जिले के पाटन ने ईस्ट जोन में पहला और देश में दूसरा स्थान पाया है। वहीं स्वच्छ शहरों में अंबिकापुर ने अपनी बादशाहत कायम रखी है। बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट की श्रेणी में छत्तीसगढ़ दूसरे स्थान पर रहा। दिल्ली के ताल कटोरा स्टेडियम में आयोजित स्वच्छ अमृत महोत्सव में एक बार फिर छत्तीसगढ़ ने स्वच्छता में बाजी मारी है। छत्तीसगढ़ के नगरीय प्रशासन एवं श्रम मंत्री शिव डहरिया ने आवासन और शहरी कार्य मंत्री हरदीप पुरी के हाथों सम्मान ग्रहण किया। कार्यक्रम में संयुक्त सचिव आर एक्का, सूडा के सीईओ एवं मिशन डायरेक्टर सौमिल रंजन चौबे, एडिशनल सीईओ आशीष टिकरिया भी उपस्थित रहे। एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में अंबिकापुर राज्य में पहले नंबर और कोरबा दूसरे नंबर पर रहा।

## कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव में खड़गे और थरूर आमने-सामने



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की जांच के आखिरी दिन शनिवार को दोनों उम्मीदवार मलिकार्जुन खड़गे और शशि थरूर के नामांकन पत्र वैध पाए गए हैं और अब चुनाव में ये दोनों उम्मीदवार रह गये है। कांग्रेस चुनाव विभाग के प्रभारी मधुसूदन मिस्त्री ने यह जानकारी देते हुए बताया कि नामांकन पत्रों की जांच का काम पूरा हो गया है। जांच के दौरान झारखंड के के एन त्रिपाठी का फार्म प्रस्तावकों के हस्ताक्षर नहीं मिलने तथा अन्य कारणों से निरस्त हुआ है।







# छत्तीसगढ़ में लोगों की जीवन में फिर से रोशनी लाने चल रहा है महाअभियान

## छत्तीसगढ़ को 2025 तक मोतियाबिंद दृष्टिहीनता मुक्त राज्य बनाने का लक्ष्य

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में दृष्टिहीनता को मिटाने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल से एक बड़ा अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान में मोतियाबिंद के लगभग 4 लाख मरीजों की आंखो की रोशनी लौटाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सभी जिलों में व्यापक तैयारी शुरू कर दी गई है। मोतियाबिंद के मरीजों के ऑपरेशन का काम शुरू कर दिया गया है। इस अभियान में छत्तीसगढ़ को 2025 तक मोतियाबिंद मुक्त राज्य बनाने का संकल्प रखा गया है। मोतियाबिंद मुक्त राज्य बनाने के लिए गांव-गांव में मरीजों के चिन्हांकन के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, मितानिनों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा दृष्टिदोष रोगियों की सूची तैयार की जा रही है। जिला अस्पताल में ऑपरेशन के लिए पर्याप्त संख्या में चिकित्सक एवं जरूरी स्टॉफतैनात किए गए हैं। मरीजों की नेत्र परीक्षण के साथ-साथ मोतियाबिंद ऑपरेशन की भी व्यवस्था है। मोतियाबिंद के मरीजों को लाने और ले जाने के लिए वाहनों की व्यवस्था भी की गई है। ऑपरेशन के बाद मरीजों की भर्ती के लिए पर्याप्त संख्या में बिस्तरों की व्यवस्था भी की गई है। ऑपरेशन के अलावा मरीजों को आंखो की देखभाल के लिए परामर्श के साथ-साथ चश्मा एवं दवाईयों की निःशुल्क व्यवस्था भी की जा रही है। इसके अलावा लोगों को आंखों की देखभाल और आंखों में होने वाले बीमारियों के बारे में इलाज के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। बस्तर अंचल में आंखों की बीमारी और आंखों की देखभाल करने के संबंध में लोगों को स्थानीय बोली में जागरूक भी किया जा रहा है। सुकमा जिले के कोयाबेकुर निवासी ओयामी पाण्डू ने अपने जीवन की 20 बरस अंधकार में गुजार दिए। जब उनका मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद उनके आंखों की रोशनी लौटी तो उनकी खुशी का ठिकाना ही नहीं रहा। पांडू ने जब पुनः दुनिया के रंगों को देखा, तो उसने उत्साह में गिनती भी गिनी, डॉक्टर को धन्यवाद भी दिया और अपनी चमकती आंखों के साथ अपने गांव लौटने की आतुरता भी पांडू में साफ नजर आ रही थी। ओयामी पाण्डू ने बताया कि उम्र बढ़ने के कारण धीरे-धीरे आंखों की रोशनी कम होने लगी थी, जिससे वे अपने दैनिक जीवन का कामकाज नहीं कर पा रहे थे। शुरू में वे बैगा-गुनिया के पास भी गए और देशी दवाइयों का भी सेवन किया। कई प्रयासों के बाद भी आंखों की रोशनी नहीं लौटी। पाण्डू ने बताया कि आंखों की रोशनी जाने से खेती किसानी का काम भी नही हो पा रहा था।

# रेल मंडल के 16 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित स्वच्छता पखवाड़े की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय रेलवे में स्वच्छ-रेल, स्वच्छ-भारत के तहत स्वच्छता-पखवाडा का आयोजन किया गया । इसके तहत् दिनांक 16 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2022 तक चल रहे इस स्वच्छता-पखवाडा में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल में प्रत्येक दिवसों के थीम के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया इस स्वच्छता समीक्षा पर अपर मंडल रेल प्रबंधक लोकेश विश्नोई ने स्वच्छता पखवाड़े की समीक्षा के दौरान मीडिया सदस्यों से वार्ता करते हुये बताया कि अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों की टीम द्वारा योजनाबद्ध तरीके से स्वच्छता पखवाडा की सार्थकता को सफ्ल किया गया । परिसरों एवं गाडियों में बेहतर स्वच्छता बनाये रखने मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों, गाडियों, रेलवे कालोनियों, कार्यालयों, रिटायरिंग रूम, डारमेटरी, यात्री प्रतिक्षालयों, रनिंग रूम, रेलवे अस्पताल में अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा श्रमदान कर सफाई का कार्य किया गया तथा यात्रियों को स्वच्छता जागरूकता का संदेश दिया गया । कचरे को कूडेदान में डालने तथा गंदगी नही फैलाने हेतु यात्रियों से आग्रह किया गया। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की भी सलाह दी गई तथा कपडे के थैले उपयोग करने को कहा गया। स्वच्छता जांच के दौरान पाया गया कि यात्री जागरूक हो रहे हैं। स्वच्छता एक सतत प्रक्रिया है, निरंतर जारी रहेगी। स्टेशनों, प्लेटफार्मो और यात्री गाड़ियों को स्वच्छ रखने के लिए हर संभव प्रयास किया जाता है । साफ -सफाई की नियमित जांच की जाती है एवं आवश्यकता अनुसार सुधारात्मक कार्रवाई की जाती है। इस स्वच्छता समीक्षा पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) लोकेश विश्नोई एवं मंडल के अधिकारी गण एवं मीडिया सदस्यगण उपस्थित रहें। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के स्टेशनों में स्वच्छता पखवाड़े के दौरान क्षेत्रों मे किये गए कार्यो की समीक्षा में सफलतापूर्वक प्रभात फेरी आयोजित, अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता शपथ, स्टेशनों में साफ -सफाई एवं निरीक्षण, कॉलोनियो में श्रमदान हेतु बड - चढ़ कर शामिल हुए , स्पेशल रेलगाड़ियों में निरीक्षण , यात्रियों को सफाई हेतु जागरूक, फुड स्टॉल में खानपान, साफ़ -सफाई का जायजा, स्टेशनों एवं ट्रेनों के टॉयलेट को साफ किया गया, स्वच्छता पोस्टर, फ्लेक्स और बैनरों के माध्यमो से कालोनियों में सफाई के प्रति जागरूकता लाने हेतु स्वच्छ रथ मुहिम चलाई गई।

# विधायक जुनेजा एवं महापौर ढेबर ने किया 22वीं राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता 2022 का आगाज

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय स्तर पर खेलो में लगातार अपना स्थान बना रही है छत्तीसगढ़ सरकार ने ग्रामीण, नगरीय निकाय एवम शहर के खिलाड़ियों को एक मंच देने एवम खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए लगातार कार्य कर रही है छत्तीसगढ में राष्ट्रीय स्तर ही नही बल्कि इंटरनेशनल खेलो के लिए लगातार प्रयास कर रही है हाल ही में इंटरनेशल चेस टूर्नामेंट, बॉक्सिंग, बैडमिंटन के खेल छत्तीसगढ़ में आयोजित हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश खेल की क्षेत्र में खिलाड़ी लगातार प्रदेश का नाम रोशन कर रहे है। स्कूल शिक्षा विभाग छ ग शासन के तत्वाधान में चार दिवसीय 22वी छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2022 रायपुर का आयोजन किया गया है जिसमे उत्तर विधायक कुलदीप सिंह जुनेजा मुख्य अतिथि के रुप में एवम रायपुर महापौर एजाज ढेबर शामिल हुए जुनेजा ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया को हमारे प्रदेश के युवाओं को उनके प्रतिभा को निखारना के लिए मंच प्रदान कर रहे है पूरा प्रदेश खेलबो जितबो गढ़बों नवा छत्तीसगढ़ के साथ आगे बढ़ रहा है जुनेजा एवम महापौर ढेबर ने मशाल जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की इसमें छत्तीसगढ़ के 5 संभाग के 14से 19वर्ष के बालक बालिका भाग लेंगे इसमें साफ्ट टेनिस, बास्केट बॉल, स्पीड बॉल, स्क्रेस, कुश्ती फ्री स्टाइल, कुश्ती ग्रीकोरोमन, रोलार्सकेटिंग, हाकी, पावर लिफ्टिंग, भारोत्तोलन जैसे खेल शामिल है इस अवसर पर डीआईओ आर एल ठाकुर, आई पी वर्मा सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी, खिलाड़ियों के कोच, अधिकारीगण प्रमुखरूप से उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्त दान दिवस पर स्वास्थ्य विभाग के सचिव प्रसन्ना और एनएचएम के संचालक संदीपान ने किया रक्तदान

## रक्तदान एक सामूहिक प्रयास है, इससे जुड़कर लोगों का जीवन बचाएं: प्रसन्ना

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर आज स्वास्थ्य विभाग के सचिव प्रसन्ना आर. और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक भोसकर विलास संदीपान ने डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय के मॉडल ब्लड-बैंक में रक्तदान किया। रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करने और स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए प्रतिवर्ष 1 अक्टूबर को राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष यह ÷डोनेटिंग ब्लड इज एन एक्ट ऑफ सॉलिडरिटी. ज्वॉइन द इफर्ट एंड सेव लाइव्स की थीम पर मनाया जा रहा है। विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा इस दिन रक्तदान शिविर एवं अन्य जागरूकता अभियान का आयोजन किया जाता है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव प्रसन्ना आर. ने लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान अभियान से जुड़कर बढ़-चढ़कर रक्तदान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और समाज तथा मानवता की महान सेवा है। इस अभियान का उद्देश्य नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान के बारे में जागरूकता लाना है। उन्होंने सभी से बड़ी संख्या में आगे आकर इस नेक काम में अपने साथ अपने मित्रों, रिश्तेदारों व सहकर्मियों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति के शरीर में 5 से 6 लीटर तक रक्त होता है और वह हर तीन महीने में एक बार रक्तदान कर सकता है।

## त्वरित संज्ञान में लेकर जल्द ही हटाने का दिया आश्वासन

# चांपा प्रेस क्लब ने गौरव पथ स्थित शराब दुकान को हटाने कलेक्टर से की मांग

पायनियर संवाददाता ➤ चांपा
www.dailypioneer.com



पंजीकृत प्रेस क्लब चांपा का प्रतिनिधि मंडल जांजगीर चांपा कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा जी से मुलाकात की और चांपा नगर की समस्याओं से रूबरू कराया इस दौरान देशी शराब दुकान जो को गौरव पथ पर बस स्टैंड के सामने स्थित है और इसी के आसपास कॉलेज, नगर पालिका कार्यालय, हॉस्पिटल और अन्य कई संस्थान हैं जिसके कारण स्थानीय लोगों जिसमे महिलाऐं और छात्र छात्राएं उसी मार्ग से होकर आना जाना करते हैं। जिससे हमेशा डर बना रहता है कि कहीं कोई अप्रिय घटना न घट जाए, आए दिन वहां लड़ाई झगड़ा गाली गलौज होते ही रहता है जिससे नगरवासी और खासकर महिलाऐं अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहीं हैं समस्या से अवगत होने के बाद कलेक्टर ने इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए अन्यत्र ले जाने की व्यवस्था नगरपलिका से कराने की बात कही। इसी तरह नगर विकास के अन्य और कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई इस अवसर पर प्रेस क्लब चांपा के अध्यक्ष कुलवंत सिंह सलूजा, पूर्व अध्यक्ष शैलेश शर्मा, सचिव मूलचंद गुप्ता, कोषाध्यक्ष विक्रम तिवारी, कार्यकारी सदस्य गौरव गुप्ता, करन सिंह भाटिया, आशीष अग्रवाल उपस्थित रहे।

# सुप्रीम कोर्ट के स्थगन पर कांग्रेसी खुश ना हों: उपासने

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने ने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों के पेंशन प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए स्थगन से कांग्रेसी ऐसे खुश हो रहे हैं मानो उन्होंने बहुत बड़ी लड़ाई जीत ली हो ।उपासने ने कहा कि अपनी वैधानिक अज्ञानता के परिणाम स्वरुप थोड़े दिनों तक मन के लड्डू कांग्रेसी खा लें ।उपासने ने कहा विधि कि यह स्पष्ट मान्यता है कि जब भी किसी निम्न न्यायालय के निर्णय के विरुद्ध पीड़ित पक्ष ऊपरी अदालत में उसे चुनौती देता है तो इस प्रकार का स्थगन आदेश जारी कर सभी पक्षकारों को अंतिम सुनवाई हेतु नोटिस जारी की जाती है ।सुप्रीम कोर्ट ने भी इसी विधिक प्रक्रिया का निर्वहन कर छत्तीसगढ़ सरकार की मीसा बंदियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के पारित आदेश के विरुद्ध पेश की गई अपीलों में किया है,न कि मीसा बंदियों की पेंशन निरस्त करने बाबत कोई निर्णय दिया। उपासने ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा मीसा बंदियों के भौतिक सत्यापन के नाम पर पेंशन राशि को बंद करने के निर्णय से लेकर रमन सरकार के इस संबंध में जो भी नियम बनाए गए उसे निरस्त करने के समस्त आदेशों को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की सिंगल और डबल बेंच ने भी अवैधानिक का ठहराते हुए अपने निर्णय में छत्तीसगढ़ शासन को फटकार लगाते हुए कहा कि यह नेचुरल जस्टिस का उल्लंघन है तथा यह भी फटकार लगाई इस प्रकरण में शासन ने अपनी समस्त वैधानिक सीमाओं को लांघकर दुर्भावना पूर्वक उच्च न्यायालय के निर्णय को भी बायपास करने का दुस्साहस किया है। इस टिप्पणी के साथ मीसा बंदियों को यथावत सम्मान निधि देने हेतु शासन को कोर्ट ने आदेशित किया।

# चन्द्राकर युवा कल्याण समिति ने किया मुख्यमंत्री का आभार

पायनियर संवाददाता ➤ कुण्डा
www.dailypioneer.com



पंडरिया विधानसभा के भेंट मुलाकात के दौरान चन्द्राकर युवा कल्याण समिति जिसे क्षेत्र में अपने कामो की वजय से जाने जाते है उन्हें समाजिक कार्य मे अपना योगदान हर शासन प्रसासन के योजना को अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने को चर्चा में रहते है चाहे पर्यावरण के क्षेत्र में हो चाहे किसी गरीब व्यक्ति का मदद के रूप में उनके साथ खड़ा होना समिति भले ही चन्द्राकर लोगो की पर काम हर समाज मे करते है ऐसे समिति को छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री के द्वारा समय देकर उनका हाल जाना और अपनी प्रमुख मांग रखने को स्वंम मुख्यमंत्री द्वारा पूछा गया तो प्रतिनिधि मंडल के द्वारा कुण्डा में विश्वविद्यालय और सामाजिक भवन की मांग की गई दोनों मांगो को तुरंत ही घोषणा किया 20 लाख रुपये समिति को सामाजिक भवन के लिये दिया गया जिसमें और हमारे समाज के प्रमुख शिक्षक चंद्राकर युवा कल्याण समिति को हमेशा मदद करने वाले कुमार चंद्राकर के द्वारा 10 डिसमिल दान किया गया है प्रमुख रूप से मुख्य संरक्षक यशवन्त चन्द्राकर संरक्षक जलेश संरक्षक अजय चंद्राकर संरक्षक कलीराम चंद्राकर जी अध्यक्ष रोशन चन्द्राकर उपाध्यक्ष सतीश कोषाध्यक्ष नवीन सचिव दीपक लेखापाल गौतम व्यवस्थापक सम्भु मीडिया प्रभारी पिंटु जी सूरज कोमल दिलीप सभी पदाधिकारि उपस्थित थे।

# छात्राओं को साइबर सेल व महिला बाल विकास विभाग चाइल्ड हेल्पलाइन बालोद ने दी महत्त्वपूर्ण जानकारी

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर गौरव कुमार, व पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर, डीएसपी राजेश बागड़े के मार्गदर्शन में साइबर सेल प्रभारी दिलेश्वर चंद्रवंशी व टीम बालोद तथा चाइल्ड हेल्पलाइन बालोद द्वारा डौंडी ब्लॉक के ग्राम घोटिया में पूर्व माध्यमिक शाला व हायर सेकेंडरी स्कूल के स्टूडेंट्स एवं कन्या आश्रम घोटिया के छात्राओं को साइबर जागरुकता अभियान के तहत ऑनलाइन फ्रॉड, सोशल मीडिया एप्स साइट का उचित उपयोग, व्हाट्सएप, फेसबुक, मैसेंजर के जरिए अश्लील वीडियो कॉल कर ब्लैकमेलिंग, साइबर बुलिंग, ट्रोलिंग, ऑन-लाइन गेमिंग, गलती से मालवेयर डाउनलोड करना, पहचान की चोरी, कम्प्यूटर या डिवाईस हैकिंग, फोटो मॉफिंग से बचने, एटीएम का सुरक्षित उपयोग किसी, एटीएम कार्ड नंबर, पिन नंबर, सीवीवी नंबर, ओटीपी नंबर, शेयर नही करने, अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचने जैसे साइबर अपराधों से बचाव, हेतू महत्तवपूर्ण जानकारी साझा की गई। साथ ही महिला सेल बालोद द्वारा स्कूली छात्राओं के मोबाइल में अभिव्यक्ति एप इंस्टॉल कराया जाकर महिला बाल संबंधी अपराध की जानकारी व शिकायत दर्ज करने एप यूजर इंटरफेस के बारे में बताया गया। मोबाइल मोह बच्चों को मोबाइल एडिक्शन (लत) ऑनलाइन गेम, सोशल एप्स का अत्यधिक उपयोग करने से जो मनोवैज्ञानिक तौर पर दुष्प्रभाव होते हैं, जिनके कारण बच्चों की जान तक चली जाती है। ऐसे मोबाइल मोह से दूर रहने अपील कर जानकारी दी गई तथा युवावस्था में होने वाली गलतियों के दुष्परिणाम व्यसन से दूर रहने व किशोर न्याय अधिनियम 2015 लैंगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम मानव/बाल तस्करी 2012 के संबंध में जानकारी, सखी सेंटर महिलाओं की सुरक्षा संरक्षण, व घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 की जानकारी साझा की जाकर घोटिया पूर्व माध्यमिक शाला, व हायर सेकेंडरी स्कूल के स्टूडेंट्स एवं कन्या आश्रम घोटिया के छात्राओं को जागरुक किया गया।

## वितरित किए गए निःशुल्क वाकर एवं स्टिक

# जागरूक रहने के संदेश के साथ मनाया गया जिले में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



विश्व में बुजुर्गों के प्रति होने वाले अन्याय एवं अत्याचार के खिलाफ जागरूकता के प्रचार प्रसार हेतु प्रतिवर्ष एक अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस दुनिया भर में मनाया जाता है। इसी कड़ी में कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर जिले भर में विविध प्रकार के कार्यक्रम बुजुर्गों हेतु आयोजित किये गए। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया कि सभी विकासखंडों के सी एच सी,पी एच सी एवं सभी वेलनेस केंद्रों में बुजुर्गों हेतु शुगर और बीपी जांच के लिए विशेष कार्यक्रम रखा गया था जिसमें जांच के पश्चात उन्हें निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। इसके अतिरिक्त ऐसे बुजुर्ग जिनको चलने में असुविधा होती है उनके लिए वाकर एवं स्टिक भी वितरित किए गए। जिला मुख्यालय स्थित वाटिका वृद्धाश्रम में सिविल सर्जन डॉ आर.के .अवस्थी और जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनुपमा तिवारी की उपस्थिति में आश्रम के बुजुर्गों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इसके साथ ही ग्राम अर्जुनी में बुजुर्गों हेतु परिचर्चा रखी गई जिसमें उन्हें बढ़ती उम्र के साथ किस प्रकार से अपनी सेहत की देखभाल करनी चाहिए इस पर जानकारी दी गई। सीएमएचओ ने डॉ महिश्वर कहा कि, बढ़ती उम्र के साथ बुजुर्गों को कई प्रकार की शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ऐसे में परिवार को उनका विशेष ध्यान रखना चाहिए, किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्या की स्थिति में नजदीकी चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के माध्यम से बुजुर्गों हेतु विशेष ओपीडी कार्ड बनाया जाता है जिसके माध्यम से उनकी समय-समय पर जांच की जाती है । इसके साथ ही शुगर बीपी जैसे रोगों की जाँच और दवाइयां भी निशुल्क दी जाती हैं। यह व्यवस्था जिले के ग्राम स्तर पर स्थापित स्वास्थ्य केंद्रों तक मे उपलब्ध है। मानसिक समस्याओं के लिए परामर्श केंद्र भी हैं। वृद्ध जनों हेतु अक्टूबर में 1 से 15 तारीख के बीच में जिला चिकित्सालय तथा सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्पेशल वयोवृद्ध स्वास्थ्य देखभाल ओपीडी सेवा प्रदान की जाएगी, जिसके अंतर्गत उनके लिए आवश्यक परीक्षण कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने हेतु मार्गदर्शन दिया जाएगा।

# आपके द्वार आयुष्मान के तहत सायकल रैली और नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच का आयोजन

**कवर्धा।** डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना एवं आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयोजित आपके द्वार आयुष्मान तृतीय चरण व आयुष्मान भारत पखवाड़ा के अंतर्गत एक दिवसीय सायकल रैली व चन्द्रायन हॉस्पिटल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच अयोजन किया जाएगा। दिनांक 2 अक्टूबर 2022 आयोजित उक्त कार्यक्रम में सायकल रैली का शुभारंभ जिला चिकित्सालय से किया जाएगा जो शहर के मुख्य मार्गो का भ्रमण करते हुए वापस जिला चिकित्सालय में सम्पन्न होगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुजॉय मुखर्जी ने आम नागरिकों से अपील है कि उक्त सायकल रैली में शामिल हों व जरूरतमंद स्वास्थ्य शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि सायकल रैली प्रातः 9 बजे जिला चिकित्सालय परिसर से प्रारंभ होगा।

## पेज एक का शेष

### मुख्यमंत्री बघेल ने पंडरिया में 68 करोड़ से अधिक, 81 कार्यो का किया लोकार्पण और भूमिपूजन

की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य मैदान के पास, 6.50 लाख रूपए की लागत से साहूपारा, 9.88 लाख रूपए की लागत से मुख्य मार्ग से नागाबाबा रोड़ तक सड़क उन्नयन कार्य, 5.41 लाख रूपए की लागत से नायापारा, 6.14 लाख रूपए की लागत से चितावर पारा, 5.20 लाख रूपए की लागत से मुख्यमार्ग से रमेशर के घर के आगे तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य, 9 लाख रूपए की लागत से माध्यमिक शाला उड़ियाखुर्द में दीर्घ मरम्मत कार्य, 8.32 लाख रूपए की लागत से प्राथमिक शाला दरिगंवा, 8.32 लाख रूपए की लागत से भांटकुडेरा में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, 57.4 लाख रूपए की लागत से 5 नवीन प्राथमिक शाला भवन निर्माण, 11.48 लाख रूपए की लागत से नवीन पूर्व माध्यमिक शाला भवन निर्माण, 18 लाख रूपए की लागत से नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण, 30.47 लाख रूपए की लागत से 5 यात्री प्रतीक्षालय निर्माण (माड्यूलर), 22.8 लाख रूपए की लागत से सुघ्घर हटरी (हाट बजार), 5.98 लाख रूपए की लागत से शीतला मंदिर से बस्ती तक, 6 लाख रूपए की लागत से मुख्य मार्ग से अघनु धुर्वे के घर तक सीसी रोड़ निर्माण, 5 लाख रूपए की लागत से सतनामी समाज सामुदायिक भवन, 5 लाख रूपए की लागत से सिन्हा समाज, 5 लाख रूपए की लागत से आदिवासी समाज के लिए सामुदायिक भवन निर्माण कुल 32 कार्यो के लिए कुल लागत 2 करोड़ 32 लाख 39 हजार रूपए, 239.00 लाख रूपए की लागत से नवीन 33/11 केव्ही उपकेन्द्र निर्माण कार्य ग्राम बिरनपुर विकासखंड पंडरिया और 2 करोड़ 75 लाख रूपए की लागत से ग्राम उडिया (कारेसरा) विकासखंड सहसपुर लोहारा कुल दो कार्यो लागत 5 करोड़ 14 लाख रूपए का शिलन्यास और भूमिपूजन किया।

# ढाई माह से बंद पल्ली बारसूर मार्ग में बड़ी वाहनों का आवागमन हुआ प्रारंभ


ढाई माह से पल्ली बारसूर मार्ग बड़ी वाहनों का आवागमन अवरुद्ध

नवरात्रि में दंतेश्वरी के दरबार पहुँचने में श्रद्धालुओं को हो सकती हैं परेशानियां

बारिश से डायवर्सन बहने की खबर मिलते ही आधी रात कलेक्टर पहुंचे नक्सलियों की मांद में




## कडेमेटा के पास डायवर्सन का किया गया पुनः निर्माण

## पायनियर ने प्रमुखता से उठाया था मुद्दा

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

जिले की बहुचर्चित सड़क पल्ली बारसूर मार्ग पिछले ढाई माह से अवरुद्ध थी जिसे बीते दिन पुनः प्रारंभ कर दिया गया है। बता दें कि नारायणपुर जिले को सीधे दंतेवाड़ा जिले से जोड़ने वाली प्रमुख सड़क का निर्माण कार्य 2015 से शुरू हुआ था जो आज पर्यन्त तक पूरा नही हो पाया है।

अभी भी लगभग साढ़े चार किमी का निर्माण कार्य शेष है। जिसमे कुछ पुलियो का कार्य चल रहा है। सड़क में आवागमन बहाल करने सभी पुलियो मे डायवर्सन का निर्माण किया गया था।

बीते 12 जुलाई को तेज बारिश के कारण कडेमेटा पुलिस केम्प के पास निर्माण कार्य चल रहे पुलिया का डायवर्सन बह गया था।

### खबर का असर

इस मुद्दे को पायनियर ने प्रमुखता से उठाया था जिस पर प्रशासन ने गंभीरता से कदम उठाया और बीते दिन कडेमेटा के पास चल रहे पुलिया निर्माण के लिए बनाये गए डायवर्सन का पुनः निर्माण कर आवागमन को सुचारू रूप से प्रारंभ किया गया।

### नवरात्रि में दंतेश्वरी माता के भक्तों को होगी सुविधा

डायवर्सन के पुनः निर्माण से श्रद्धालुओं को बहुत सुविधा होगी। पल्ली बारसूर मार्ग से नारायणपुर सीधे दंतेवाड़ा जड़ता है जिससे भक्तों को माता दंतेश्वरी के दर्शन करने में सहुलियत होती हैं। अन्य जिलों से आने वाले भक्तों को भी सीधे दंतेवाड़ा जाने में किसी प्रकार की दिक्कत नही होती हैं।

# आठ दिवसीय कैंप में लगभग 485 कैडेट सम्मिलित

**भानुनुप्रतापपुर।** 8 छग स्वतंत्र एनसीसी कंपनी कांकेर में आयोजित आठ दिवसीय कैंप भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर जिसमें लगभग 485 कैडेट सम्मिलित थे उक्त कैंप में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय भानुप्रतापपुर के एनसीसी के कैडेटों ने रस्साकशी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया कैंप कमांडेंट कर्नल सतीश वत्स ने बच्चों को देश सेवा एवं समाज सेवा हेतु प्रेरित किया तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया इसके अलावा बच्चों को एनसीसी स्टाफ द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियों से अवगत करा कर अभ्यास कराया गया जिसके अंतर्गत मैप रीडिंग फायरिंग युद्ध कला ड्रिल आदि का अभ्यास कराया गया बच्चों द्वारा कहा गया कि उक्त कैंप मैं हमें बहुत कुछ सीखने को मिला जो हमारे भविष्य के लिए आवश्यक है प्राचार्य एवं एनसीसी प्रभारी भागीरथी नायक विद्यालय स्टाफ ने बधाई दी।

# दुर्गा मंदिर में मया के चिन्हा की अनुपम प्रस्तुति, पंचमी पर मंदिर में लगा श्रद्धालुओं का तांता और रासगरबा में झूम

पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



नगर में दुर्गा मंदिर में चल रहे नवरात्र महोत्सव और रास गरबा में श्रद्धालुओं का जबर्दस्त भीड जुटना शुरू हो गयी है। पंचमी के अवसर पर शाम से ही मंदिर में भक्तों की भीड लगना प्रारंभ हो गया था। पंचमी पर माता के मंदिर में मातारानी के पांचवे स्वरूप मां स्कन्दमाता का श्रृंगार किया गया था।श्रद्वालुओं की भारी भीड से मंदिर परिसर भर गया था। सायंकाल आरती के बाद रास गरबा की शुरूआत की गयी जिसमें आज भानुप्रतापपुर और आसपास के श्रद्वालु मंदिर प्रांगण में पंहुचकर रास गरबा में भाग लिये।माता के जस गीत और भक्तिभाव गीतों से रास गरबा नें समा बांध दिया। रास गरबा के तत्काल बाद रात 10 बजे से छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच मया के चिन्हा घुमका राजनांदगांव की प्रस्तुति दी गयी। इसमे पारंपरिक छत्तीसगढी गीत ,सुवा,पंथी,जसगीत और हास्य प्रहसन नाटक मया के चिन्हा के कलाकारों पेश किया। जिसे देखकर नगरवासी मंत्रमुग्ध हो गये। और देर रात 3 बजे तक श्रद्वालु मंदिर परिसर में डटे रहे और पूरे कार्यक्रमों का आनंद लिया।पंचमी होने के कारण आज भक्तों में भी काफी उत्साह नजर आया। कौन है स्कंदमाता चार भुजाओं वाली मां स्कंदमाता देवी पार्वती या मां दुर्गा का पांचवा स्वरूप हैं ये चार भुजाओं वाली माता शेर पर सवारी करती हैं। इनके हाथों में कमल पुष्प होता है और अपने एक हाथ से ये अपने पुत्र स्कंद कुमार यानि भगवान कार्तिकेय को पकड़ी हुई हैं। भगवान कार्तिकेय को ही स्कंद कुमार कहते हैं. स्कंदमाता का अर्थ है स्कंद कुमार की माता।

### मा स्कंदमाता की क्यों हुई उत्पत्ति

पौराणिक कथाओं के अनुसार, संसार में जब तरकासुर का अत्याचार बढ़ने लगा तो सभी देवी, देवता, मनुष्य, गंधर्व, ऋषि-मुनि आदि चिंतित हो गए। उन सभी ने माता पार्वती से तरकासुर के अत्याचारों से मुक्ति दिलाने की प्रार्थना की। उसके पश्चात आदिशक्ति ने अपने तेज से 6 मुख वाले बालक स्कंद कुमार को जन्म दिया। आगे चलकर उनके हाथों ही तरकासुर का अंत हुआ और सभी को उसके अत्याचार से मुक्ति मिली। इस प्रकार से मां दुर्गा का पांचवा स्वरूप मां स्कंदमाता बनीं।

# किरंदुल में पहली बार लगी हीरे के आभूषणों की प्रदर्शनी

## संचालक ने किया नगर के पत्रकारों को सम्मानित



पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

लौहनगरी किरंदुल जहाँ एक तरफ देश के साथ साथ विदेशों में भी लोह अयस्क के बड़े बड़े पहाड़ों के साथ साथ लोह अयस्क उत्पादन में एशिया की सबसे अग्रणी कंपनी एनएमडीसी की खदानों के लिए जानी जाती है तो वहीं दूसरी तरफ किरंदुल के इतिहास में 29 सिंतबर से लेकर 5 अक्टूबर तक हीरे जड़ित आभूषणों की प्रदर्शनी किरंदुल नगर में चर्चा एवं कौतूहल का विषय बना हुआ है।विदित हो कि किरंदुल नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी एवं मामाजी जेवलर्स के संचालक ओम सोनी के प्रतिष्ठान में लगी हीरेजड़ित आभूषणों की प्रदर्शनी लगी हुई हैं।इस दौरान मामाजी ज्वेलर्स के संचालक ओम सोनी ने शनिवार को छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ दंतेवाड़ा जिले के किरंदुल के सदस्यों को आमंत्रित करते हुए पत्रकार साथियों का स्वागत सहित सम्मान भी किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ दंतेवाड़ा जिलाध्यक्ष आजाद सक्सेना, जिला संयोजक राजेन्द्र सक्सेना, उपाध्यक्ष रामकृष्ण बैरागी, एस एच अजहर, कार्यालय सचिव शेखर दत्ता, सहसचिव रवि दुर्गा, किशोर जाल, ब्लॉक अध्यक्ष संजीव दास विशेष रूप से मौजूद रहें।

# नवरात्रि के दौरान कोत्ताचेरू कैम्प में सर्व धर्म प्रार्थना स्थल का हुआ शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com



नवरात्रि के पावन पर्व के दौरान कोत्ताचेरू कैम्प परिसर में दिव्य सर्व धर्म प्रार्थना स्थल का उद्घाटन राजीव कुमार ठाकुर, पुलिस उप महानिरिक्षक रेन्ज कोन्टा के कर कमलों द्वारा नितिन कुमार, कमाण्डेन्ट 219 वी वाहिनी के अगुवाई में किया गया, इस अवसर पर लोगों की आस्था एवं मान्यता के अनुसार आस - पास के क्षेत्र में शांति स्थापित करने के लिए मंत्रों के उच्चारण के साथ हवन का आयोजन भी किया गया। सर्व धर्म प्रार्थना स्थल के उद्घाटन समारोह में आस्था पर विश्वास रखने वाले कोत्ताचेरू , पटेलपारा , सरपंचपारा एवं कुरतीपारा के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। कैम्प में उपस्थित आसपास के ग्रामीणों के लिए महाप्रसाद के साथ भंडारा का भी आयोजन किया गया जिसे सभी ग्रामिणों ने स्नेह पूर्वक ग्रहण किया। इस कार्यक्रम के दौरान वाहिनी के जवानों तथा ग्रामिणों के ईश्वर वंदना तथा गीत गायन से कैम्प का वातावरण भक्तिमय हो गया था,सर्व धर्म प्रार्थना स्थल के उद्घाटन समारोह में उपस्थित ग्रामीणों को सिविक एक्शन प्रोग्राम के अंतर्गत राजीव कुमार ठाकुर, पुलिस उप महानिरिक्षक रेन्ज कोन्टा के द्वारा दैनिक जीवन की उपयोगी वस्तुओं रेडियो, सोलार लाईट, मच्छरदानी, युवाओं को खेल - कुद के लिए आवश्यक सामग्री फुटबॉल, वॉलीबॉल , बैट - बॉल तथा बच्चों को पढ़ाई के लिए किताबें एवं स्टेशनरी सामग्री , चॉकलेट, टॉफी आदि का वितरण किया गया। इस अवसर पर नितिन कुमार कमाण्डेन्ट, नीरज कुमार सिंह द्वितीय कमान अधिकारी, यतेन्द्र सिंह उप कमाण्डेन्ट, जालम सिंह सहा. कमा. व अधीनस्थ अधिकारीगण एवं 219 वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं 202 कोबरा के अन्य कार्मिक उपस्थित थे। इस आयोजन में आस - पास के उपस्थित ग्रामीणों के जन - समूह को देखकर प्रतीत होता है कि के.रि.पु. बल तथा ग्रामीणों के बीच अच्छे रिश्ते स्थापित हो रहे है तथा क्षेत्र में विकास के लिए आशा की लहर जागृत हुई है।

# मेटलमाइन्स वर्कर्स यूनियन शाखा में गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती के अवसर पर आज होगा भव्य आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

मेटलमाइन्स वर्कर्स यूनियन (इंटक) शाखा किरंदुल के तत्वाधान में राष्ट्र के दो महापुरुष महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के सुअवसर पर इंटक यूनियन कार्यालय श्रमिक सदन किरंदुल में भव्य रूप से मनाया जायेगा।

सर्वप्रथम गांधीनगर किरंदुल से स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा नगर के मुख्य मार्गो स होते हुए श्रमिक सदन तक प्रभात फेरी के रूप में सद्भावना यात्रा निकाली जाएगी। ततपश्चात मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों के आगमन उपरांत ध्वजारोहण के बाद गाँधीजी की प्रतिमा में माल्यार्पण किया जाएगा। लालबहादुर शास्त्रीजी के तैल चित्र में पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम के अगले चरण के रूप में सर्वधर्म प्रार्थना सभा, विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। कोरोना कॉल में महती भूमिका निभाने वाले संस्थाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा, 28 सितंबर को आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। समस्त कार्यक्रमों का आयोजन एमएमडब्ल्यूयू शाखा किरंदुल के अध्यक्ष विनोद कश्यप एवं सचिव एके सिंह के नेतृत्व में किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी कार्यालय सचिव राजेंद्र यादव द्वारा दी गई।

# स्व सहायता समूह की महिलाएं मुंगवाल गौठान में कर रही विभिन्न मल्टी एक्टिविटी कार्य

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com



राज्य शासन की महत्वकांक्षी गोधन न्याय योजना के तहत गौठानों में स्व-सहायता समूह की महिलाओं को स्व-रोजागार से जोड़कर आय अर्जित करवाने के लिए विभिन्न मल्टीएक्टिविटी कार्य प्रारंभ की गई है। इसी कड़ी में जिले के भानुप्रतापपुर विकासखण्ड अंतर्गत आदर्श गौठान मुंगवाल की स्व सहायता समूह की महिलाए इन दिनों वर्मी खाद उत्पादन के अलावा मुर्गी पालन, मछली पालन, साग-सब्जी, हल्दी, जिमीकंद उत्पादन, निरमा, साबुन इत्यादि आजीविका मूलक कार्यो को अपना कर आय अर्जित कर रही है। मुंगवाल गौठान की ही ज्योतिका स्व-सहायता समूह की महिलाएं नींबू का अचार तैयार कर विक्रय कर रही है। मुंगवाल के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी राकेश रात्रे ने बताया कि गौठान से जुड़ी महिलाओं को शासन के विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं से संसाधन मुहैय्या करवा कर महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। नरवा, गरुवा, घुरवा, बाड़ी के विभिन्न घटको के तहत गांव की महिलाएं अपनी रुचि के अनुरूप विभिन्न रोजगार मूलक मल्टीएक्टिविटी कार्यो से लाभ अर्जित कर रही है। खुशी महिला स्व-सहायता समूह सब्जी बिक्री कर 05 हजार रुपये और आचार बिक्री से 01 हजार की आय प्राप्त किये। इसी प्रकार सोनाली नस्ल की 50 नग मुर्गी खरीदकर व्यवसाय प्रारंभ किये हैं। ज्योतिका महिला समूह साबुन, निरमा विक्रय कर 15 सौ रुपये आमदनी अर्जित कर चुकी है। मुंगावल गौठान समिति के सदस्यों द्वारा तालाब में 04 किलोग्राम मछली बीज डालकर पालन किया जा रहा है।

# नवरात्र के पंचमी तिथि को हुआ माता का भव्य जगराता

**किरन्दुल।** किरन्दुल के पुराना डबल स्टोरी बारसा कॉलोनी में श्री श्री नवदुर्गा समिति द्वारा शारदीय नवरात्र महापर्व धूमधाम से मनाया जा रहा हैं।इस बीच पंचमी तिथि शु वार रात को माता रानी के भव्य जगराता का आयोजन किया गया।जिसमें मध्यप्रदेश जबलपुर के दीपक मेहता एन्ड ग्ररुप द्वारा माँ दुर्गा के बेहतरीन भजनों की प्रस्तुति दी गई।सर्वप्रथम सरस्वती वंदना,गणेश वंदना गाया गया जिसके बाद शेर पे सवार होके आजा सेरा वालिए,आमा पान के पातारी करेला पान के दौना वो एवं माता रानी के अन्य भजनों की प्रस्तुति कलाकारों द्वारा दी गई। जिससे पूरा माहौल भक्ति मय हो गया एवं देर रात कार्य म का समापन हुआ। इस अवसर पर एनएमडीसी उपमहाप्रबंधक बी के माधव, महाप्रबंधक एसबी सिंह, पार्षद कीर्ति राणा, समिति के अध्यक्ष कामता डेहरिया,सचिव दिल्ली राव,राजेन्द्र सक्सेना, धीरज माकन एवं सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# आत्मनिर्भर किसान पखवाड़ा में कृषि एवं पशुपालन को बढ़ावा देने मिला प्रशिक्षण

## कृषि सखी एवं पशु सखियों ने ग्राम पंचायतवॉर दी प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिले में खेती-किसानी, साग-सब्जी उत्पादन सहित पशुपालन, कुक्कुटपालन, बकरीपालन आदि आयमूलक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 15 से 30 सितम्बर तक आत्मनिर्भर किसान पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के 326 कृषि सखियों और 230 पशु सखियों ने ग्राम पंचायतवॉर आयोजित प्रशिक्षण में किसानों एवं ग्रामीणों को जैविक खाद बनाने, जैविक कीटनाशक तैयार करने एवं उपयोग करने, उन्नत बीज का चयन प्रक्रिया, साग-सब्जी के उत्पादन एवं फल-फूल की खेती को बढ़ावा देने सहित पशुपालन, कुक्कुटपालन, बकरीपालन जैसी आयमूलक गतिविधियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही संबंधित ग्रामों में कृषक जागरूकता रैली निकाली गयी। वहीं किसानों एवं ग्रामीणों को उक्त सम्बन्धी तथा पालतू मवेशियों की देखभाल-टीकाकरण आदि का विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उक्त आत्मनिर्भर किसान पखवाड़ा के दौरान जिले में एक लाख 7 हजार 260 पालतू पशुओं का टीकाकरण किया गया और किसानों एवं ग्रामीणों को मवेशियों के उपचार संबन्धी परामर्श दी गयी। इस आत्मनिर्भर किसान पखवाड़ा के सफल आयोजन में कृषि एवं पशुपालन विभाग के मैदानी अधिकारी कर्मचारियों सहित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के 512 ग्राम संगठन एवं 20 संकुल संगठन के सदस्यों ने अहम योगदान निभाया।

# सांसद मोहन मण्डावी का बांसला दौरा, माई दन्तेश्वरी के दर्शन किए

पायनियर संवाददाता ➤ भानूप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



शुक्रवार को भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत बांसला में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद मोहन मंडावी का आगमन हुआ।यहां उन्होंने आस्था के केंद्र गढ़ बांसला मंदिर में माता दन्तेश्वरी के दर्शन कर पूजा अर्चना की।

इसके पूर्व भानुप्रतापपुर विश्राम गृह में सांसद के आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत सत्कार किया। उसके बाद विश्राम गृह में आए ग्राम वासियों के साथ सांसद व भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता गण मां दंतेश्वरी के दर्शन कर पूजा अर्चना की गई तथा जोत को भी नमन किया गया। इस मौके पर सांसद ने उपस्थित जनसमुदाय को सांसद ने संबोधित भी किया।

इसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुष युवा शामिल थे। सांसद के उद्बोधन से लोगों में भारी खुशी और उत्साह दिखा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बांसला के सरपंच विष्णु नायक, भाजपा मंडल अध्यक्ष बुधनु राम पटेल, मंडल महामंत्री ज्वाला प्रसाद जैन, डीगेस खापर्डे, मंडल उपाध्यक्ष अरविंद जैन, सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता हेम प्रकाश शिवहरे, पूर्व अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडल भानुप्रतापपुर, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि नरोत्तम सिंह चौहान, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता संबलपुर नरपत बोथरा, ओम प्रकाश रावटे, छगन भुवार्य, नरेंद्र कड़ियां आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रशासन व पुलिस के साथ हुई एनएच के अधिकारियों की बैठक, यथाशीघ्र मरम्मत कार्य शुरू करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ केशकाल
www.dailypioneer.com



बस्तर को रायपुर से जोड़ने वाली एकमात्र लाइफलाइन राष्ट्रीय राजमार्ग 30 खालेमुरवेंड से बेड़मा तक के सड़क की हालत अत्यंत जर्जर हो गयी है। रास्ते मे इतने बड़े बड़े गड्ढे पनप गए हैं कि आए दिन छोटी बड़ी सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं। फूलों की घाटी अब धूलों की घाटी में परिवर्तित हो गयी है। दुपहिया वाहन चालकों का इस मार्ग से आवागमन करना बहुत कठिन हो गया है। हालांकि इस समस्या को स्थानीय पत्रकारों के द्वारा समय समय पर अपने समाचार पत्रों व चैनलों में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारियों की ओर से कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं की गयी थी। वहीं इस मामले को गम्भीरतापूर्वक लेते हुए विगत दिनों एडिशनल एसपी शोभराज अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर डी.डी मंडावी, एसडीएम शंकरलाल सिन्हा व एसडीओपी भूपत सिंह की मौजूदगी में राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के एसडीओ सन्तोष नेताम के साथ महत्वपूर्ण बैठक रखी गयी थी। इस बारे में जानकारी देते हुए केशकाल एसडीएम शंकरलाल सिन्हा ने बताया कि इस बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारियों को यह निर्देश दिया गया है कि शुक्रवार दिनांक 30 सितंबर से राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में खराब सड़क की मरम्मत कर जल्द से जल्द सभी गड्ढों को भरें। साथ ही गड्ढों के सामने सांकेतिक रूप से रेडियम भी लगाएं ताकि गड्ढों के कारण किसी भी प्रकार की सड़क दुर्घटना न हो। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के द्वारा आगामी 15 अक्टूबर के बाद सड़क पर डामरीकरण का कार्य शुरू करने की बात कही है।

# ग्राम बुलावंड में राष्ट्रीय पोषण माह थीम के आधार पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ अंतागढ़
www.dailypioneer.com





विकासखंड के ग्राम बुलावंड में पिरामीड बनाकर कुपोषण दूर करने का शपथ लिया गया। राष्ट्रीय एवं पोषण माह के तहत एक सितम्बर से 30 सितम्बर तक अंतागढ़ परियोजना के अन्तर्गत ग्राम बुलावंड में राष्ट्रीय पोषण माह थीम के आधार पर पोषण प्रदर्शनी, तिरंगा, भोजन-व्यंजन प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता मटका फोड़, गोदभराई अन्नप्राशन करवाया गया साथ ही महिलाओं के स्वस्थ गर्भावस्था व खानपान पर विशेष ध्यान देने हेतु आवश्यक बातें बताई गईं। इस कार्यक्रम में कुपोषित बच्चों पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। तीन बच्चों के अन्नप्राशन सहित, छः गर्भवती माताओं की गोदभराई आदि कराई गई। बता दें विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन में पोषण से सम्बंधित रंगोली प्रतियोगिता में सियाबती प्रथम व हेमबती द्वितीय स्थान पर रहीं। जलेबी दौड़ में हिरोदा प्रथम व प्रमिला द्वितीय स्थान पर रहीं इसके साथ ही कुर्सी दौड़ में सुशिला प्रथम प्रमिला द्वितीय, मटका फोड़ में उर्मिला, रिमा, अर्चना एवं दौड़ में रामबती और सविता ने स्थान बनाया। व्यंजन प्रतियोगिता में पुष्पा सक्सेना प्रथम स्थान पर रही। पुरूष्कार वितरण सरपंच ग्राम पंचायत बुलावंड के हाथों किया गया। कार्यक्रम में सरपंच पारस कौडो, परियोजना अधिकारी जागेश्वर पर्ते, एडिशनल सीईओ जनपद पंचायत अंतागढ़ पोया पर्यवेक्षक कृष्णा पवार, सचिव पितांबर सिंह, एएनएम मनिषा, शिक्षक स्टाफ़सह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पीला बाई, पूर्णिमा, अनिता कोहरे, सत्यवती, अमिता, मन्ना तेता, द्रोपदी, रामबती, सविता कौडो, सियाबती, हेमबती, आंगनबाड़ी सहायिका ईमला, अमिता व भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# सिंगारपुर सिद्धबाबा व तरेंगा के साथ भाटापारा में ज्योत जंवारा और दुर्गा पूजा उत्सव की धूम

पायनियर संवाददाता ∢ भाटापारा
www.dailypioneer.com

शिवलाल यादव पूर्व प्राचार्य धार्मिक सामाजिक सर्व धर्म प्रेमी भाटापारा ने जानकारी प्रदान किए कि धार्मिक नगर भाटापारा में लगभग 2036 जोत एवं 51 दुर्गा पूजा उत्सव चारों धाम सिंगारपुर, सिद्ध बाबा, जोगी दीप तरेंगा में लगभग 5265 मनोकामना माता ज्योत प्रज्वलित किए गए हैं, फोकट पारा शीतला मंदिर में लगभग 841, बंगाली काली मंदिर में 01, दुर्गा मंदिर मुंशी स्माइल वार्ड में 38, दुर्गा मंदिर रामसागर में 70, बमलेश्वरी मंदिर में 13, सूरदास हनुमान सीता राम मंदिर में 02 ज्योत, पटपर शीतला मंदिर परिसर में 07, छोटी शीतला में 03, महामाया में 01, हथिनीपारा शीतला मंदिर में 175, नक्खी बाबा मंदिर में 73, मरी माई मंदिर में 02, दुर्गा मंदिर सुभाष वार्ड में 148, कल्याणी मंदिर कल्याण सागर में 9, छोटी शीतला में 06, चमरू रजक दुर्गा मंदिर में 10, नयापारा शीतला मंदिर में 285, दुर्गा मंदिर में 07, कात्यानी मंदिर में 12, अवरेठी पारा शीतला मंदिर में 73, नेहरू वार्ड शीतला मंदिर में 74, सती मंदिर में 127, गायत्री मंदिर में 02, सोलह दुर्गा मंदिर में 16, पीडब्ल्यूडी मंदिर में 41 ज्योत बैगा पुजारी



मनहर जेपी दीक्षित अधिवक्ता, काशीनाथ महाराज चक्रधारी, तीजू ध्रुव, दयाराम ध्रुव, सीताराम महाराज, साधराम खेलावनध्रुव सुरेश निषाद, सीताध्रुव तरुण मोती राम साहू, यादव बहन, किशन साहू, रमेश यादव, झड़ी निषाद, सूरज ध्रुव धन्नू रजक, फागूराम ध्रुव बुद्धेश्वर वर्मा, मोंटू यादव, उमाकांत त्रिपाठी, पुन्नीबाई नीरा यादव, योगेश ध्रुव इत्यादि के देखरेख में प्रज्वलित किए गए हैं इस प्रकार सिंगारपुर लेवई मां मावली मंदिर में लगभग 3776 बैगा पुजारी राधेश्याम रति दोष, सिद्धबाबा शीतला मंदिर में 37, सर्वेश्वरी मंदिर में 236, सिद्धेश्वरी मंदिर में 27, आदिवासी बुढा देव मंदिर में 04, जनसंघ गीर दुर्गा मंदिर में 23, जोगी द्वीप दुर्गा मंदिर में 16, जयराम आश्रम में 02, तरेंगा शीतला माता मंदिर में 28, महामाया मंदिर में 987, कंकाली मंदिर में 48, भैरव मंदिर में 10, मावली मंदिर में 32, अक्ति देवी मंदिर में 01 दीप बैगा पुजारी सालिकराम ध्रुव धजाराम ध्रुव गोविंद निषाद, राकेश तिवारी, शारदा बाजपाई पति राम ध्रुव तामेश्वर गीर भगवान दास सेन, देवा धीवर योगेश पुजार, रमेश यादव, शिवराम ध्रुव, सुरेश पटेल इत्यादि के देखरेख में प्रज्वलित किए गए हैं इस वर्ष भी श्री शीतला माता माता देवालय पंचायती मंदिर पारा भाटापारा में सर्वधर्म मनोकामना जो 124 हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध, पारसी, धर्म कल्याण हेतु प्रज्वलित किए गए हैं धार्मिक नगर भाटापारा में लगभग दुर्गा शक्ति पूजा संचालित है।

## नेहरू वार्ड में दुर्गोत्सव की 52वें वर्ष की धूम



नगर के बड़े हनुमान मन्दिर स्थित दुर्गोत्सव मंडप पर 52 वें वर्ष की धूम मची हुई है, वहीं भक्ति की आराधना के इस महापर्व पर नैला जांजगीर जिले से पधारी ब्यास शिया राणी सा के मुखार वृंद से श्री मद भागवत कथा महापुराण का रस पान करने सैकड़ों की तादाद में श्रद्धालु भक्तगण दुर्गा पंडाल पर कथा श्रवण कर रहे है। शहर के सबसे बड़े दुर्गा मंडप नेहरू संजय व नयागंज वार्ड दूर्गोत्सव मंडप पर नवरात्रि पर्व की धूम मची हुई है। 1971 से इस दुर्गा पंडाल पर माता भगवती की आराधना का पर्व बड़े ही उत्साह उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। हमेशा की तरह इस 52वे वर्ष पर श्री मद भागवत महापुराण का आयोजन इस मंडप पर जारी है। छत्तीसगढ़ के नैला जांजगीर निवासी और धाम वृंदावन से वैदिक ज्योतिष में महारथ हासिल की ब्यास शिया राणी सा के द्वारा व्यासपीठ से उपस्थित देवी भक्तजनों को कथा का श्रवण कराया जा रहा है। दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक चलने वाली इस संगीतमय कथा को श्रवण करने काफी ज्यादा तादाद में महिला पुरुष भक्तो की उपस्थिति रहती हैं। समिति से जुड़े पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष इस दुर्गा मंडप पर 74 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किया गया है तथा इस दुर्गा मंडप पर शाम की आरती के वक्त पहले दिन से ही सैकड़ों की संख्या में भक्तजन अपने अपने घरों से आरती सजाकर दुर्गा मंडप पर आते हैं जिसका नजारा यहां देखते ही बनता है। सप्तमी के दिन महाआरती का आयोजन रखा गया है वहीं माता को 56 भोग भी लगाया जाएगा। दुर्गा पंडाल पर माता की जीवंत प्रतिमा नजर आती हैं जो भक्तो को अपनी ओर खींच लाती हैं। पंचमी के दिन से अब लगातार इस मंडप पर माता के दर्शन करने श्रद्धालु भक्तों की भीड़ बढ़ते जा रही हैं।

# पुलिस ने हत्या के आरोपी को रिपोर्ट दर्ज होने के 3 घंटे के भीतर धरदबोचा

- हत्या की घटना कारित कर बाहर भागने की फिराक में था आरोपी



पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

पुलिस ने हत्या के आरोपी को रिपोर्ट दर्ज होने के 3 घंटे के भीतर धर दबोचा गया। प्रार्थी नवीन निषाद उर्फ नूतन नेता निवासी मनोहर, थाना सिमगा उपस्थित आकर मर्ग इंटीमेशन दर्ज कराया कि 30/सित/2022 के सुबह 05.00 बजे करीब इनके पिताजी छब्बी राम निषाद पिता फिरंगी निषाद उम्र 58 साल निवासी मनोहरा दिशा मैदान हेतु गया था। तब इन्हीं के गांव के आरोपी राजू ध्रुव पिता धन्नो ध्रुव उम्र 28 साल निवासी मनोहरा थाना सिमगा पूर्व में हुए छोटे-मोटे विवाद को लेकर मन में खुन्नस भाव रखते हुए लोहे के पाइप से छब्बी राम निषाद के सिर चेहरा छाती में ताबड़तोड़ प्राणघातक हमला कर दिया जिससे मौके पर छब्बी राम निषाद लहूलुहान होकर अधमरा होकर वहीं पर गिर गया, जिसे उनके परिजन उपचार हेतु शासकीय चिकित्सालय सिमगा लेकर आए। जहां डॉक्टर साहब द्वारा चेक कर छब्बी राम निषाद को मृत घोषित कर दिया गया।

आरोपी द्वारा छब्बी राम निषाद का हत्या करना पाए जाने से आरोपी के विरुद्ध अपराध कायम कर आरोपी की पतासाजी में लिया गया। कि प्रकरण में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीताम्बर पटेल एवं सिद्धार्थ पटेल एसडीओपी भाटापारा के मार्गदर्शन में आरोपी का पता तलाश प्रारंभ किया गया। प्रकरण मे निरीक्षक अमित तिवारी थाना प्रभारी सिमगा द्वारा हालात की गंभीरता के मद्देनजर तत्काल टीम बनाकर घटनास्थल ग्राम मनोहरा पहुंचे। उस समय आरोपी भागने की फिराक में था। जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी से कड़ाई से पूछताछ करने पर जुर्म कुबूल किया तथा घटना में प्रयुक्त लोहे का पाइप समक्ष गवाह के जप्त किया गया है। आरोपी विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।उपरोक्त कार्यवाही में थाना सिमगा के प्रधान आरक्षक चंद्रभान पांडेय प्रधान आरक्षक रोशन मारकंडेय आरक्षक धर्मेंद्र यादव हेमंत राजपूत कृष्ण कुमार यादव का अहम भूमिका रहा है।

# केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री से अनीता ने की भेंट

पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com

केन्द्रीय कृषि एवम किसान कल्याण राज्यमंत्री कैलाश चौधरी से अनीता चौधरी ने भेंट मुलाकात किया एवं पुष्पगुच्छ के साथ बस्तर आर्ट भेट स्वरूप प्रदान किया गया। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री, भारत सरकार के हैं। वे बाड़मेर से लोकसभा सांसद हैं। पूर्व में वे राजस्थान की बायतु विधानसभा से विधायक थे। कैलाश चौधरी बाड़मेर जैसलमेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद है वर्तमान समय में यह केंद्र सरकार में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री भी है कैलाश चौधरी विश्व की सबसे बड़ी लोकसभा सीट बाड़मेर जैसलमेर से चुनकर संसद में आते है। अनिता चौधरी ने केंद्रीय मंत्री से मिलकर छत्तीसगढ़ के किसानों की स्थिति के



बारे में बताया और कहां की छत्तीसगढ़ में किसानों की स्थिति को किस प्रकार से बेहतर किया जा सकता है इस पर चर्चा किया और साथ ही बढ़ती हुई मंहगाई किस तरह से किसानों को परेशान कर रही है और उनके लिए भारत सरकार को किस प्रकार से ध्यान दे इस पर चर्चा हुई । मंत्री चौधरी में किसानों को किस तरह से जोड़े रखना है इसके विषय में अपनी जानकारियां प्रदान किया उन्होंने एफपीओ के बारे में जानकारी प्रदान किया जिससे किसानों को फायदा मिलेगा।

# श्रम विभाग ने लांच किया योजनाओं का सहज एवं सुगम पहुंच के लिए श्रमेव जयते एप

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

श्रम विभाग अंतर्गत भवन एवं अन्य संन्निर्माण कर्मकार कल्याण एवं असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल रायपुर छ.ग. द्वारा क्रमशः निर्माण श्रमिक एवं असंगठित श्रमिक (हमाल, रसोईया, मितानिन) आदि को सामाजिक, आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने हेतु पंजीयन कर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इसी कडी में श्रम विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा मजदूरों तक विभाग की पंजीयन एवं योजनाओं का सहज एवं सुगम पहूँच हेतु श्रमेव जयते एप लॉच किया गया है। जिसके माध्यम से श्रमिक स्वयं अपना श्रम पंजीयन एवं योजना हेतु अपने मोबाईल से ही आवेदन कर सकता है। अब श्रमेव जयते एप जांच के लॉच होने से श्रमिकों को श्रम विभाग या च्वाईस सेंटरो में भटकने की कोई जरूरत नहीं है। श्रमिक घर बैठे ही श्रम पंजीयन आवेदन कर अपना कार्ड भी डाउनलोड कर एप के माध्यम से योजना आवेदन कर लाभ प्राप्त कर सकते है। इस एप श्रमेव जयते के आ जाने से श्रम कार्ड मजदूर के पॉकिट में आ गया है। वर्तमान में मजदूरों के हित के लिये छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मण्डल के अंतर्गत विभिन्न योजनायें संचलित है जिसमें मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण सहायता योजना नोनीहाल छात्र एवं छात्रावृत्ति सहायता योजना,मुख्यमंत्री सियान सहायता योजना,मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के साथ कई सामाग्री योजनायें संचालित है। इसी तरह असंगठित राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के अंतर्गत उपरोक्त सभी योजना का लाभ मजदूर हितग्राही इस एप'श्रमेव जयते' के माध्यम से घर बैठे प्राप्त कर सकते है। श्रम पदाधिकारी आजद सिंह पात्रे ने बताया गया कि वर्तमान सत्र 2022-2023 में मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना अतंर्गत 800 पंजीकृत हितग्राहियों के पुत्रियों को राशि 20 हजार की दर से 1 करोड़ 60 लाख रू. से लाभान्वित किया गया है।

# ग्राम पंचायत दरचुरा की नई सरपंच चुनी गई सरस्वती राजेंद्र डहरे



पायनियर संवाददाता ∢ सिमगा
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत दरचुरा के सभी पंचों द्वारा कुछ दिनों पहले तत्कालीन सरपंच कुमारी बाई आगरचंद दिवाकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था जो बहुमत से पारित हुआ था तब से ग्राम पंचायत दरचुरा में सरपंच का पद रिक्त था आज ग्राम पंचायत दरचुरा में पुनः सरपंच पद हेतु चुनाव संपन्न हुआ , जिसमें श्रीमति सरस्वती राजेंद्र डहरे जी को सरपंच पद हेतु सर्व सम्मति से चुना गया उक्त चुनाव करारोपन अधिकारी आर बी पांडे वा पंचायत सचिव तथा समस्त पंचों की उपस्थिति में संपन्न हुई ।

# ऑल इंडिया हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी में नये वैरायटी व फ्रेश स्टॉक

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

एलआईसी बिल्डिंग के सामने, सिविल लाइंस में लॉन टेनिस चर्च ग्राउंड स्थित गॉस मेमोरियल में चल रहे ऑल इंडिया हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी-सह-बिक्री में नये वैरायटी और फ्रैश स्टॉक आटयम्स आये हुए हैं. प्रदर्शनी को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है. इस आयोजन में संपूर्ण भारत से क्राफ्ट्समैन एंव विवर्स अपने हैंडलूम व हैंडीक्राफ्ट आइटम्स के साथ एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं, जिसमें टेराकोटा, फर्नीचर, ज्वेलरी, इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स, हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट प्रोडक्ट, किचनवेयर, साड़ियों का विशाल संग्रह, लेडिस कुर्ती



व टॉप, लेडीज एण्ड जेन्ट्स गारमेन्ट्स के अलावा और भी बहुत कुछ है.

उपरोक्त जानकारी प्रदर्शनी के संचालक मुकेश प्रजापति ने दी. उन्होने बताया कि इस आयोजन में देश के प्रमुख शहरों से हैंडलूम व हैंडीक्राफ्ट आइटम्स प्रदर्शनी एवं बिक्री के लिए रखे गये हैं. इसमें उत्तर प्रदेश के भदोही के कारपेट, लखनवी चिकन सूट, ड्रेस, खादी शर्ट, बनारसी सिल्क साड़ियां, खुर्जा क्रॉकरी, सहारनपुर फर्नीचर, मुंबई की फैंसी ज्वेलरी, राजस्थान की शानदार कलरफुल मोजड़ी, अचार, चूरन, सुपारी, जयपुरी बैंगल्स, बंगाल की कलकत्ता सिल्क साड़ियां, कश्मीर की पश्मीना शॉल, सूट, साड़ी, पंजाब की पंजाबी फुलकारी, ड्राई फ्लावर, बच्चों के खिलौने, बिहार की भागलपुरी सिल्क वस्तुएं, हरियाणा की बेडशीट, चादर, टेराकोटा, सोफा कवर, पर्दे व मध्य प्रदेश से चंदेरी सूट, साड़ियां तथा छत्तीसगढ़ की कोसा साड़ी, सूट, बेल मेटल के अलावा अन्य कई आकर्षक हैंडलूम व हैंडीक्राफ्ट आइटम्स प्रदर्शित किये गये हैं. इन आयटम्स की खरीदी पर 20 प्रतिशत की छूट भी दी जा रही है. आयोजन सीमित दिनों के लिए है।

# भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा का महतारी हुंकार रैली के सम्बन्ध में बैठक

पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की बैठक जिला भाजपा कार्यालय महासमुंद में सम्पन्न हुई. जिसमें 03 नवम्बर को बिलासपुर में महतारी हुंकार रैली का आयोजन किया जाना है। इस सम्बन्ध में तैयारी बैठक रखा गया. इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा भूपेश सरकार के वादा खिलाफी के विरोध में 3 नवम्बर को बिलासपुर में महतारी हुंकार रैली व आमसभा आयोजित है. उक्त विषय में



भाजपा जिलाध्यक्ष रुपकुमारी चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा विभा अवस्थी , जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा कौशल्या बंसल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ. तैयारी बैठक में प्रमुख रूप से महिला मोर्चा जिला महामंत्री द्वय पुष्पलता चौहान, गोपा साहु तथा जिला कार्यसमिति सदस्य व महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष बहनें उपस्थित रहीं।

## जनसूचना अधिकारी का नाम, पदनाम का भी स्पष्ट उल्लेख करेंगे : अग्रवाल

# सूचना का अधिकार अधिनियम सरकार के कार्यों को बनाता है पारदर्शी : राउत

- सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत जनसूचना अधिकारी पहली कड़ी : त्रिवेदी
- जनसूचना अधिकारी अपना दायित्व का निर्वहन करते हुए समय सीमा में करें : जायसवाल

पायनियर संवाददाता ∢ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

राज्य मुख्य सूचना आयुक्त एम के राऊत ने जिला पंचायत के सभा कक्ष में कहा कि जनसूचना अधिकारी और प्रथम अपीली य अधिकारियों के लिए आयोजित कार्यशाला में कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 सरकार के क्रियाकलापों को पारदर्शी बनाना है। आयोग यहां जनसूचना अधिकारी और प्रथम अपीलीय अधिकारी को जागरूक करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया है, जिसके तहत प्रशासन में पारदर्शिता लाना है। राउत ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम आम जनता की भलाई के लिए बनाया गया है। नागरिकों को शासकीय योजनाओं, कार्यक्रमों और कार्यों के बारे में जानकारी हासिल करने का अधिकार है। इसलिए शासकीय कार्यों और कार्यक्रमों को विभागीय वेबसाईट में प्रदर्शित किया जाए, ताकि आम नागरिक को सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत आवेदन लगाने की जरूरत ही ना पड़े। सूचना का अधिकार अधिनियम आम जनता की भलाई के लिए बनाया गया है। कार्यालय में संधारित जानकारी आवेदक के द्वारा मांगे जाने पर उपलब्ध कराने




की जिम्मेदारी जनसूचना अधिकारी की है। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यापालन अधिकारी गोपाल वर्मा, डीएसपी अभिषेक उपस्थित थे। राज्य सूचना आयुक्त अशोक अग्रवाल ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 आवेदक को समय सीमा में जानकारी देना जनसूचना अधिकारी का दायित्व है। जनसूचना अधिकारी जानकारी देने की समय-सीमा और शुल्क पर विशेष ध्यान रखें। आवेदक को समय-सीमा के भीतर जानकारी दें अन्यथा निर्धारित समय-सीमा 30 दिन के बाद आवेदक को निःशुल्क जानकारी देनी होगी। आम जनता सरकार को कर अदा करती है। नागरिकों को शासकीय योजनाओं,कार्यक्रमों और कार्यों के बारे में जानकारी हासिल करने का अधिकार है, इसलिए शासकीय कार्यों और कार्यक्रमों को विभागीय वेबसाईट में प्रदर्शित किया जाए, ताकि आम नागरिक को सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत आवेदन लगाने की जरूरत ही ना पड़े। उन्होंने कहा कि यदि आवेदक द्वारा चाही गई जानकारी आपके कार्यालय से संबंधित नहीं है, तो उसे संबंधित कार्यालय को 5 दिवस के भीतर अंतरित किया जाए। उन्होंने कहा कि आवेदक को जानकारी देते समय जनसूचना अधिकारी का नाम, पदनाम का भी स्पष्ट उल्लेख किया जाना चाहिए। साथ ही आवेदक को प्रथम अपीलीय अधिकारी का नाम और पदनाम की भी जानकारी दी जानी चाहिए। प्रथम अपीलीय अधिकारी को अपने आदेश का पालन कराने की जिम्मेदारी है । राज्य सूचना आयुक्त मनोज त्रिवेदी ने कहा कि हर नागरिक को जानने का मौलिक अधिकार है। सूचना का अधिकार अधिनियम सरकार के कार्यों को पारदर्शी बनाना है। इसमें पहली कड़ी जनसूचना अधिकारी हैं। इसलिए जनसूचना अधिकारी अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदनों को स्वयं पढें, इससे गलती की संभावना कम होगी। इसमें जानकारी देने की समय-सीमा और शुल्क पर विशेष ध्यान रखें। आवेदक को समय-सीमा के भीतर जानकारी दें अन्यथा निर्धारित समय-सीमा 30 दिन के बाद आवेदक को निःशुल्क जानकारी देनी होगी। जनसूचना अधिकारी को 5 के भीतर आवेदन को दिवस राज्य सूचना आयोग के आयुक्त धनवेन्द्र जायसवाल ने कहा कि जनसूचना अधिकारी अपना दायित्व का निर्वहन करते हुए समय सीमा में जानकारी उपलब्ध कराएं।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव (छत्तीसगढ़)
Email - ID : ee-res.kondagaon@nic.in, Ph. No.-07786-296017

// मैनुअल पद्धति वर्ष 2022-23 हेतु सूचना क्रमांक-17 (प्रथम दौर) //
// निविदा आमंत्रण //

क्रमांक/17/व.ले.लि./नि.प्र./ग्रा.यां.सेवा/2022-23 कोण्डागांव, दिनांक 29/09/2022

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत 'डी' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु सामग्री प्रदाय हेतु मैन्युअल के अपेंडिक्स 2.15 के अनुसार प्रपत्र ''सी'' में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र स्पीड पोस्ट अथवा पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में प्राप्त होने की अंतिम तिथि 14.10.2022 शाम 5.00 बजे तकः-

| स क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत प्रति कार्य (रूपये लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | समुदाय के लिये पुलिया निर्माण 06 स्थानों में, रिटर्नवाल 60 मी. एवं टोवाल निर्माण 200 मी. गदाड़ (पटेलपारा) से डुण्डाबेड़मा (ईरागांव पी.एम.जी.एस.वाय.) | 29.64 |
| 2 | समुदाय के लिए ओपन/कवर्ड ग्रे वाटर/स्ट्रोर्म ड्रेन का निर्माण दन्तेश्वरी परिसर बड़ेडोंगर पुलिया से तालाब तक | 25.59 |
| 3 | समुदाय के लिए पाईप पुलिया 1200mm dia 04 Row पुलिया निर्माण 3.00 मी. स्पान एवं रिटर्नवाल 84 मी. चेमई कोकड़भाठा स्कूलपारा सड़क | 25.23 |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट http://res.cg.gov.in दिनांक 07.10.2022 से देखी एवं डाऊनलोड की जा सकती है।

3. भुगतान मनरेगा प्रक्रिया के तहत् किया जावेगा।

विकास का वादा-मजबूत इरादा Credible Chhattisgarh

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव

G-94699/3

# अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि सामंजस्य बना कर लोक हित में करे कार्य : सांसद महंत

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना महंत की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में केंद्र सरकार द्वारा जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की गई। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में महंत ने सभी अधिकारियों और जिले के जनप्रतिनिधियों को समन्वय के साथ लोक हित में काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने उन्होंने कहा कि नागरिकों की सहूलियत के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, निर्माण आदि सुविधाओं के विस्तार के लिए संवेदनशीलता के साथ काम करें। सांसद महंत ने अस्पताल, सड़क निर्माण, बिजली-पानी स्कूल एवं आंगनबाड़ी के विकास में सक्रिय होकर गंभीरता पूर्वक काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में हो रहे निर्माण कार्यों को समय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पूर्ण करने के भी निर्देश बैठक में मौजूद अधिकारीगण को दिए। महंत ने जिलेवासियों के हित में जनकल्याणकारी योजनाओं को जिले के सभी नागरिकों तक पहुंचाकर लोकहित में काम करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिले के गांवों में बिजली, पानी तथा स्कूलों में शिक्षको की पर्याप्त उपलब्धता, स्कूल परिसर में बाउंड्रीवॉल, बालिकाओं के लिये शौचालय की व्यवस्थाओं, हितग्राहियों को राशन कार्ड उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये।

सांसद ने कहा कि लोगों को मूलभूत सुविधाएं बिजली, पानी, राशन, स्वास्थ्य, शिक्षा, मकान सहित किसानों को खेती के लिए जरूरी सुविधाएं और सहयोग उपलब्ध कराना ही पहली प्राथमिकता है और इस दिशा में तेजी से काम करना चाहिए। केंद्र सरकार की योजनाओं मनरेगा, एनआर एलएम, पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि की हुई समीक्षा - जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में सांसद महंत ने केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों जैसे- महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पेंशन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, रूर्बन मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री फसल बीमा और कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजना, एकीकृत बाल विकास योजना, जल जीवन मिशन, भू-अभिलेख आधुनिकीकरण, दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना आदि की समीक्षा की। उन्होंने लोगों के हित में योजनाओं की उपलब्धियों की जानकारी भी ली।

# तेरह जनपद पंचायत सदस्यों का हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया

## कलेक्टर ने आवश्यक कार्यवाही करने का दिया आश्वासन

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जनपद पंचायत उपाध्यक्ष लोरमी खुशबू आदित्य वैष्णव ने कलेक्टर को पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुये कहा कि जगदीश मरावी को समाज कल्याण विभाग से भारमुक्त कर मूल पद जनपद पंचायत लोरमी में पदस्थ किया जाए। उनके कर्तब्य के अनुरूप शासकीय योजनाओ का लाभ हितग्राहियों देने के लिए पत्र सौपें। खुशबू आदित्य वैष्णव ने बताया कि जगदीश मरावी को भारमुक्त करने के लिए कलेक्टर ने जनपद पंचायत लोरमी से प्रस्ताव मांगा गया तथा खुशबू आदित्य वैष्णव ने लोरमी जनपद पंचायत के तेरह जनपद पंचायत सदस्यों का हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किये। कलेक्टर ने इस पर आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिए।खुशबू आदित्य वैष्णव ने बताया कि जगदीश मरावी को भार मुक्त करने के लिए कलेक्टर ज्ञापन सौंपा गया । तो स्वतः जगदीश मरावी खुशबू आदित्य वैष्णव के घर मिलने गये तो इस बात को जगदीश मरावी ने खुद बताया की वह अपने मूल पदस्थापना जनपद पंचायत लोरमी में वापस आना चाहता हूं किंतु समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक शारदा जायसवाल इन्हें भारमुक्त नही कर रही है इस कारण वह अपने मूल विभाग जनपद पंचायत लोरमी में अपने मूल पद पर उपस्थित नही हो पा रहे है खुशबू वैष्णव ने कहा कि वे इस संबंध में चर्चा करने के लिए समाज कल्याण विभाग उपसंचालक शारदा जायसवाल से मिलने पहुंची तो शारदा जायसवाल ने कहा कि जगदीश मरावी बिलासपुर में निवास करते है और बिलासपुर से मुंगेली नजदीक पड़ता है बिलासपुर से लोरमी दूर है इस कारण जगदीश मरावी को लोरमी नही भेजना चाहती आगे कहतीहै कि सरकारी कर्मचारियों को अपने मुख्यालय में रहने का आदेश है।

## समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 1 नवंबर से

# कलेक्टर ने धान खरीदी की अनियमितता को रोकने के लिए दल गठित करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में धान उपार्जन का कार्य दिनांक 01 नवंबर 2022 से प्रारंभ होगा। धान खरीदी अवधि के दौरान एवं उसके पहले अवांछित व्यक्तियों द्वारा अन्य राज्यों या जिलों से धान लाकर जिले के खरीदी केन्द्रों में खपाने के प्रयास किए जाने से धान खरीदी व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ने की आशंका बनी रहती है। इसके अतिरिक्त गांव एवं अर्धशहरी इलाकों में कोचियों एवं बिचैलियों द्वारा चिल्हर रूप से धान की खरीदी कर समिति में पंजीकृत किसान के धान के रकबे में बेचने के प्रयास की संभावना बनी रहती है। इस देखते हुए कलेक्टर ने धान खरीदी हेतु ग्राम एवं शहरी इलाकों में कोचियों व बिचैलियों द्वारा चिल्हर रूप से धान की खरीदी की अनियमितता को रोकने हेतु संबंधितों को दल गठित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने गठित दल को सतत् जांच की कार्यवाही कर अनियमितता या नियमानुसार खरीदी नहीं पाए जाने पर उनके विरूद्ध नियमानुसार प्रकरण दर्ज करने और मंडी अधिकारियों को धान खरीदी प्रारंभ होने के पूर्व गांव एवं अर्धशहरी इलाकों में कोचियों एवं बिचैलियों का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए हैं। इसकी जानकारी संबंधित कार्यालय एवं पुलिस अधीक्षक को अवगत कराने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कोचियों एवं बिचैलियों के द्वारा समिति में धान लाकर अन्य किसानों के पंजीयन में खपाने का प्रयास करने पर उनका वाहन एवं धान जब्त कर नियमानुसार कार्यवाही करने तथा संलिप्त कर्मचारी के विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने धान खरीदी में अवैध विक्रय, अवैध परिवहन, संचलन आदि संबंधी अनियमितता पाए जाने पर एवं प्रकरण दर्ज होने पर उसका मीडिया के माध्यम से पर्याप्त प्रचार करने के भी निर्देश दिए हैं।

# छत्तीसगढ़ प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज कोरबा ने मनाया शक्ति पर्व का जश्न

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज कोरबा इकाई ने शक्ति पर्व का जश्न मनाया। प्रदेश महासचिव रश्मि शर्मा ने बताया की जब सारा विश्व शक्ति की उपासना कर रहा है तो निश्चित ही शक्ति अवतरित होगी। इस कार्यक्रम में आदि शक्ति भगवती के सुंदर भजनों की प्रस्तुति बालको महिला मंडल द्वारा की गई। साथ ही गरबा रास का कॉन्पिटिशन भी रहा। प्रथम स्थान तारा नायक ने प्राप्त किया। गेम में प्रथम स्थान जया जोशी ने प्राप्त किया। प्रदेश महासचिव रश्मि शर्मा ने बताया की शिव के साथ शक्ति का गायन है। लेकिन वह शक्ति हमें अपने अंदर से जागृत करनी होगी। परमात्मा निराकार शिव के धरा पर अवतरित होने का ही यह प्रतीक है कि सामान्य कलयुगी नारी को वह शक्ति संपन्न बनाकर अष्टभुजा धारी अर्थात सर्वशक्ति सर्वगुण और सर्व कला संपूर्ण बनने की पाठ पढ़ाती है। क्योंकि इस घोर कलयुग के बाद सतयुग ही आना है तो घोर कलयुग की इतनी पतित आत्माएं एकदम से पावन बनकर सतयुग में कैसे जाएंगे। विधाता निराकार शिव विधि बता रहे हैं, जिसमें चलकर हम मनुष्य आत्माएं नर से नारायण और नारी से लक्ष्मी बनकर स्वर्ग में चलने की पात्रता पाती है। आभा जोशी, व्यन्जना तिवारी, उषा पांडे, कल्पना पांडे, भारती पांडे, इंदु जोशी, जया जोशी, नीता शर्मा, चंचला तिवारी, स्मिता शर्मा, चेतना मिश्रा, रश्मि त्रिपाठी, तारा नायक, गायत्री नायक, प्रियंका शर्मा, ममता तिवारी, शील तिवारी, नीलम शर्मा, रश्मि दुबे, रोहिणी पांडे, मीना शर्मा, कुमुदिनी तिवारी, धनवंतरी लक्ष्मी, पुष्पा, शारदा महिला रामायण समिति बालको की बहनें और संतोष शर्मा उपस्थित रहे।

# राजीव मितान क्लब चलाया स्वच्छता अभियान एवं किया वृक्षारोपण



पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत सिंगबांधा राजीव युवा मितान क्लब के अध्यक्ष गिलेश्वर टंडन के अध्यक्षता में क्लब के द्वारा ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम गुना मे शासकीय प्राथमिक शाला के मैदान मे स्वच्छता अभियान एवं वृक्षारोपण का कार्य किया गया जिसमें कल्ब के अध्यक्ष गिलेश्वर टंडन ,सचिव प्रकाश दुबे, कोषाध्यक्ष महेंद्र साहू विद्यालय के प्रचार्य नंदकुमार पाटले, रामकुमार पैकरा,शुरेश यादव, मिथलेश यादव, अमृत, डॉग, मुक्कू ,जागेश्वर बघेल, निमेश दिवाकर, एवं क्लब के सदस्यगण उपस्थित रहे ।

# राजीव गांधी युवा मितान क्लब का बैठक आयोजित किया गया



पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

मुंगेली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत लक्षनपुर में राजीव गांधी युवा मितान क्लब का बैठक आयोजित किया गया जिसमें संजीत बनर्जी जिला पंचायत उपाध्यक्ष मुंगेली के द्वारा क्लब के सदस्यों को विभिन्न गतिविधियों के लिए कार्य योजना बनाने हेतु महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया। बैठक में ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि कलेश्वर गर्ग , राजीव युवा मितान क्लब के अध्यक्ष नोहर वर्मा, सचिव श्रीमती सुनीता गर्ग, कोषाध्यक्ष कल्याणी राजपूत एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों का सर्वेक्षण

**मुंगेली।** अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के सर्वे के लिए नवीन पंजीयन हेतु मॉप-अप राउंड के तहत पोर्टल 17 अक्टूबर तक खुला रहेगा। इस संबंध में कलेक्टर ने नगरीय क्षेत्रों में संचालित कचरा कलेक्शन गाड़ी के माध्यम से उद्घोषणा कराने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। अपील उल्लेखित करने, ग्रामीण क्षेत्रों में कोटवारों से मुनादी कराने, समस्त ग्राम पंचायतों और उनके आश्रित ग्रामों में दीवार लेखन कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

# भारतीय जनता पार्टी जिला विधिक एवं शिक्षा प्रकोष्ठ ने आयोजित की संगोष्ठी

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com




कुछ बिरले और दुर्लभ लोग होते है जो इतिहास रचा करते है ऐसे ही अदभूत प्रतिभा के धनी हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी है, जिन्होंने देश में राजनीति के माध्यम से जनता के हितों के रूप में सेवा करना सिखाया है। उन्हें 50-100 वर्षो तक जनता भुला नहीं पाएगी।ये बातें भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं बुद्धिजीवी सम्मेलन के मुख्य वक्ता संदीप शर्मा ने यहॉ जिला भारतीय जनता पार्टी विधि एवं शिक्षा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में बुद्धिजीवियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। स्थानीय झुलेलाल धाम में आयोजित बुद्धिजीवी सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व विषय पर उन्होंने कहा कि विगत 20 वर्षो के राजनीतिक जीवन में गुजरात के मुख्यमंत्री एवं देश के प्रधानमंत्री मोदी ने देश विदेश के लिए सेवा भावना से उल्लेखनीय कार्य किया है। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी दूरदर्शिता से आने वाले अनेक वर्षो के लिए योजनाएं बनाने और उस पर अमल करने का प्रयोग किया है। उन्होंने लोगों को प्रगतिशीलता के साथ जीना सिखाया है। श्री शर्मा ने कहा कि देश की चिंता करना देश की अर्थ व्यवस्था को पटरी पर लाने का दुरूह कार्य श्री मोदी ने किया है। कोविड 19 जैसी महामारी से जुझते हुए उन्होंने स्वदेशी वेक्सिन का निर्माण किया और देश की जनता को महामारी से सुरक्षित बचा कर उनकी रक्षा की। विदेशों में स्वदेशी वेक्सिन भेज कर सहायता प्रदान की गई। मोदी जी के प्रयासों की वजह से ही देश करोनो जैसी महामारी से उबर गया। उन्होंने कहा राजनीति और भ्रष्टाचार का चोली दामन का साथ रहा है। भ्रष्टाचार को समाप्त करने हमारे प्रधानमंत्री ने कठोर कदम उठाया है ताकि गरीब जनता के हितों के लिए जो योजनाएं तैयार की गई है इन योजनाओं का उन्हें पूर्ण लाभ मिले। इसी वजह से अब ग्रामीण विकास योजनाओं की राशि सीधे उनके जनधन से खुले खातों में भेज दिया जाता है।

# महात्मा गांधी 20वीं शताब्दी के दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक और आध्यात्मिक नेता

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



महात्मा गांधी 20वीं शताब्दी के दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक और आध्यात्मिक नेताओं में से एक माने जाते हैं। वे पूरी दुनिया में शांति, प्रेम, अहिंसा, सत्य, ईमानदारी और करुणा तथा इन सबके सफल प्रयोगकर्ता के रूप में याद किए जाते हैं महात्मा गांधी का जन्म 2 अक्तूबर को गुजरात के पोरबंदर में हुआ था। उन्होंने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में अहम भूमिका निभाई। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान सत्य और अहिंसा की राह पर चल कर आंदोलन की धार को और पैनी करने वाले महात्मा गांधी किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं।

दुनियाभर के कई देशों में महात्मा गांधी की प्रतिमाए लगी हैं। गांधी पर लिखी गई किताबों का कई विदेशी भाषाओं में अनुवाद हो चुका है। महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने कहा था कि आने वाली पीढियों को यकीन ही नहीं होगा कि गांधी जी जैसे व्यक्ति ने भी कभी धरती पर जन्म लिया था। महात्मा गांधी के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने पहले थे। गांधी जी के सामाजिक एवं राजनीतिक विचार, सर्वोदय, सत्याग्रह, खादी ग्रामोद्योग, महिला शिक्षा, अस्पृश्यता, स्वावलंबन एवं अन्य सामाजिक चेतना के विषय के युवाओं के शोध एवं शिक्षण के प्रमुख क्षेत्र हैं। गांधी जी ने हमेशा से युवाओं को वंचित समूहों के उत्थान के लिए प्रेरित किया है। वो व्यक्तिगत घृणा के हमेशा विरोधी रहे हैं। उन्होंने नरसेवा को ही नारायण सेवा मानकर गरीबों के उद्धार को अपने जीवन का ध्येय बनाया। वे शोषणमुक्त और परस्पर स्वावलम्बी समाज के पक्षधर थे। उनका मानना था कि शक्तियों के विकेन्द्रीकरण के बिना आम आदमी को सच्चे लोकतंत्र की अनुभूति नहीं हो सकती है। उनकी ग्राम स्वराज्य की कल्पना भी राजसत्ता के विकेन्द्रीकरण पर आधारित है। उन्होंने कहा था, मेरे सपनों का स्वराज्य गरीबों का स्वराज्य होगा। ऐसे राज्य में जाति-धर्म के भेदों का कोई स्थान नहीं हो सकता और ऐसा स्वराज्य सबके कल्याण के लिए होगा जिसे प्राप्त करने का एक निश्चित रास्ता है। महात्मा गांधी 20वीं शताब्दी के दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक और आध्यात्मिक नेताओं में से एक माने जाते हैं। वे पूरी दुनिया में शांति, प्रेम, अहिंसा, सत्य, ईमानदारी और करुणा तथा इन सबके सफल प्रयोगकर्ता के रूप में याद किए जाते हैं, जिसके बल पर उन्होंने उपनिवेशवादी सरकार के खिलाफ पूरे देश को एकजुट किया ।

## कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा के लिए अधिकारी और ठेकेदारों की ली बैठक

# कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के धीमी प्रगति पर सब इंजीनियर के वेतन रोकने के दिए निर्देश

- कार्यपूर्ति के लिए दो बार समय बढ़ाने के बाद भी काम पूरा नहीं करने वाले ठेकेदारों को भी जारी होगी नोटिस।

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर संजीव झा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में हो रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी, अभियंतागण, परियोजना समन्वयक एवं विभाग में कार्यरत ठेकेदार शामिल हुए । बैठक में कलेक्टर झा ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत एफएचटीसी, रेट्रोफिटिंग, निविदाओं की स्थिति, टंकी निर्माण, पाईप लाईन के माध्यम से हर घर जल आदि के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने ठेकेदारों से जल जीवन मिशन के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर झा ने जिले में हो रहे जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यो की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए सब इंजीनियर जी एस कंवर के वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही कार्य पूर्ति के लिए दो बार तक समय अवधि बढ़ाने के बाद भी काम पूरा नहीं करने वाले ठेकेदारों को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर झा ने मिशन के अंतर्गत अभी तक काम शुरू नहीं किए ठेकेदारों का कार्य आदेश निरस्त कर दूसरे ठेकेदारों को कार्य आबंटित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जिन गांव में शत-प्रतिशत घरेलू नल कनेक्शन प्रदान कर दिए गए हैं उन्हें हर घर जल प्रमाणित करने के लिए ग्राम सभा के माध्यम से प्रस्ताव पारित करवाने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर झा ने बैठक में कहा कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य हर घर में नल के माध्यम से पीने का साफ पानी पहुंचाना है।

उन्होंने जिले के सभी स्कूलों, आंगनबाड़ी, अस्पतालों सहित गांवों में पीने के साफपानी उपलब्ध कराने के लिए नल कनेक्शन के काम को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न कार्य किये जा रहे है। इन सभी कार्यो को गुणवत्ता के साथ निर्धारित अवधि में पूरा किया जाये। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता एवं जिला जल जीवन मिशन के सचिव अनिल कुमार सहित अन्य अधिकारीगण एवं संबंधित ठेकदार शामिल हुए।

# ट्रांसपोर्टर के दफ्तर पर चली गोली घटनास्थल पर उमड़ी लोगों की भीड़



पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com

कोरबा। शहर मैं थोड़ी देर पहले उस समय दहशत फैल गई जब ट्रांसपोर्ट नगर स्थित एक ट्रांसपोर्ट कंपनी आरकेटीसी के दफ्तर में गोली चलने की सूचना आग की तरह फैली। लोग दौड़ पड़े दफ्तर की ओर ईश्वर की कृपा रही कि गोली किसी को लगी नहीं, किंतु दफ्तर के कांच को तोडक़र गोली अंदर जरूर प्रवेश कर गई है। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए हैं. पुलिस के अधिकारी और कर्मचारी भी मौका ए वारदात पर पहुंचकर जानकारी हासिल कर रहे हैं।

## संपादकीय

# मुफ्त राशन योजना का विस्तार

**भारत सरकार** ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना-पीएम-जीकेवाई का तीन महीने और विस्तार कर इसे अक्टूबर से दिसंबर, 2022 तक लागू करने के आदेश दिए हैं। लेकिन यह निर्णय खैरातों के बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के विपरीत लगता है। वित्त मंत्रालय द्वारा विस्तार के विपरीत दी गई राय को देखते हुए यह विसंगति ज्यादा गंभीर लगती है। इस योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून-एनएफएसए के अंतर्गत आने वाले सभी लाभार्थियों को प्रति माह प्रति व्यक्ति पांच किलो अनाज मुफ्त दिया जाता है। पीएम-जीकेवाई को कोविड-19 की पहली लहर के दौरान दो साल पहले गरीब व जरूरतमंद लोगों तथा संकटग्रस्त परिवारों को खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के लिए शुरू किया गया था। महामारी के कमजोर पड़ने तथा सामान्य स्थिति बहाल होने के बावजूद सरकार इस योजना को लगातार विस्तार देती रही। वित्त मंत्रालय ने भी राय दी थी कि वैश्विक महामारी की स्थितियों में काफी कमी आने के कारण वह तनाव की स्थिति भी काफी कम हुई है जिसके लिए राहत दी जा रही थी। अब तक इस योजना के कारण केन्द्र सरकार पर 3.45 लाख करोड़ रुपये का बोझ पड़ा है। योजना के नवीनतम विस्तार के कारण लगभग 44,762 करोड़ रुपये का बोझ और पड़ेगा। आधिकारिक प्रेस बयान में इस योजना के नवीनतम विस्तार को एक 'कल्याणकारी योजना' का विस्तार बताया गया है। हालांकि, कुछ लोगों की राय में यह बहुत सही विश्लेषण नहीं है क्योंकि अर्थव्यवस्था पटरी पर आ गई है तथा लोगों और बिजनेसों पर लगभग कोई नियंत्रण नहीं रह गए हैं। सरकार ने योजना विस्तार के लिए तर्क दिया है कि बड़े त्योहार, जैसे नवरात्रि, दशहरा, मीलादुन नबी, दीपावली, छठ पूजा, गुरु नानक देव जयंती, क्रिसमस, आदि आ रहे हैं। योजना के एक और विस्तार से लोगों को 'पूरी शानोशौकत से इन त्योहारों को मनाने का अवसर मिलेगा।'

इस तर्क को मोटेतौर से सतही कहा जा सकता है क्योंकि त्योहार हर साल आते हैं, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि केन्द्र या राज्यों की सरकारें एक या दूसरी चीज मुफ्त बांटना शुरू कर दें। सरकार का काम सुशासन है, खैरातें बांटना नहीं, खासकर ऐसे समय जब अर्थव्यवस्था पर वैश्विक व घरेलू नकारात्मक दबाव पड़ रहे हों। यही कारण है कि वित्त मंत्रालय ने रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण पड़ने वाले दबाव का उल्लेख किया था जिसका असर ईंधन की कीमतों पर पड़ रहा है तथा अन्य मदों पर भी सब्सिडी खर्च में बढ़ोत्तरी हो रही है। वित्त मंत्रालय को इस बात की भी चिन्ता है कि इस योजना को लंबे समय तक जारी रखने का अर्थ इसे स्थाई या लगातार जारी रहने वाली योजना समझना हो सकता है। वित्त मंत्रालय के नौकरशाह संभवतः विख्यात अर्थशास्त्री मिल्टन फ्रीडमैन के लोकप्रिय संदर्भ की ओर इशारा कर रहे हैं कि 'सरकार के किसी अस्थाई कार्यक्रम जितना स्थाई कुछ भी नहीं होता है।' संभवतः वित्त मंत्रालय ने बहुत महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए थे लेकिन उसकी बात नहीं मानी गई। इसका जवाब बहुत सहज नहीं है। इससे ऐसा लगता है कि केन्द्र सरकार तथा सत्तारूढ़ पार्टी खैरातों के बारे में जो शोर मचा रही है, उसका कारण राजनीति है। लगता है कि खैरातों पर लगाम लगाने की वास्तविक इच्छाशक्ति का कोई प्रमाण सामने नहीं आ रहा है। यदि ऐसा होता तो सरकार मुफ्त राशन की इस योजना का तीन महीने तक और विस्तार न करती। संभवतः दो साल पहले जो उपाय कल्याणकारी था, वह आज 'खैरात' बन चुका है। ऐसे में केवल यही उम्मीद की जा सकती है कि भविष्य में अब पीएम-जीकेवाई योजना को एक और विस्तार नहीं मिलेगा।

# आप द्वारा खैरात बांटने के दुष्परिणाम

## दिल्ली की स्थिति देश में खैरातों की राजनीति की सभी बीमारियों से ग्रस्त है, जबकि अनेक लोग अभी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं।



**अश्विनी महाजन**
(लेखक, डीएवी कालेज में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर हैं।)




खैरातें बांटने का विरोध करने से निश्चित रूप से वे लोग नाराज होंगे जिनको इनसे लाभ मिल रहा है। जब हम कहते हैं कि बिजली, पानी व यात्रा मुफ्त नहीं होनी चाहिए या राजनीतिक पार्टियों द्वारा टेलीविजन सेट या अन्य चीजें मुफ्त बांटने के लालच का अंत होना चाहिए तो हो सकता है कि अनेक ऐसे लोग इसका विरोध करें जो ऐसी 'खैरातों' के संभावित परिणामों से अनजान हों। देश की स्वतंत्रता के बाद आमतौर से विकास, गरीबी उन्मूलन, बेहतर सामाजिक सेवाओं, पेयजल, सड़क, रेल, आदि पर जोर दिया जाता रहा है। लेकिन आज कुछ राजनीतिक पार्टियों ने बिजली, पानी, परिवहन, टेलीविजन सेट व यहां तक कि महिलाओं को मंगलसूत्र मुफ्त देने के वादे शुरू कर दिए हैं, जबकि राज्यों की आर्थिक स्थिति खराब है।

ऐसी खैरातों का नतीजा यह है कि राज्यों पर कर्ज का भारी बोझ बढ़ता जा रहा है जिसका सबसे बुरा असर सार्वजनिक सेवाओं पर पड़ता है। महत्वपूर्ण बात है कि दिल्ली देश का एक समृद्ध क्षेत्र है। यहां की प्रति व्यक्ति आय देश में गोवा के बाद दूसरे स्थान पर सर्वाधिक है। इसके कारण दिल्ली को मिलने वाला राजस्व भी बहुत अधिक है। दिल्ली में बड़ी संख्या में प्रवासी रहते हैं जो अन्य राज्यों से रोजगार की तलाश में वहां गए हैं। उनकी आर्थिक स्थिति भी उतनी अच्छी नहीं है। इसे इस तथ्य से समझा जा सकता है कि वैश्विक महामारी के कारण लाकडाउन के फौरन बाद बड़ी संख्या में लोगों को वापस अपने गांवों की ओर पलायन करना पड़ा था। बड़ी संख्या में प्रवासी पैदल, साइकिलों से या बसों द्वारा चले जा रहे थे और उनके पास केवल एक झोला था। ये दृश्य आज भी हमें व्यथित करते हैं। इनमें से अधिकांश या तो दिहाड़ी मजदूर थे या अत्यन्त लघु बिजनेसों में काम कर रहे थे। इनकी बड़ी संख्या भयानक स्थितियों में रहती थी जहां मूलभूत सुविधाओं की भी कमी थी।

ऐसी स्थिति में परिवारों का उनके साथ रहने का सवाल ही नहीं उठता है। दिल्ली में ऐसे प्रवासी श्रमिकों की संख्या 50 लाख से कम नहीं है। परिवारों को अपने साथ रखने वाले श्रमिक अत्यन्त दयनीय दशा में हैं। उनको व उनके परिवारों को स्कूलों, कालेजों या अन्य शिक्षण संस्थाओं की जरूरत है। इसके साथ ही बेहतर सीवेज सिस्टम तथा अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं की आवश्यकता है। उनके आवागमन के लिए सड़कों, फ्लाईओवरों, आदि की जरूरत है। लेकिन इन सब कामों के लिए पैसे की जरूरत है। बताया जाता है कि दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी-सरकार के पास बजट की कमी है जिसे वह विकास व रखरखाव पर खर्च कर सके। 2015 में सत्ता में आने के बाद से आज तक आप की दिल्ली सरकार कोई नया स्कूल, कालेज, अस्पताल, फ्लाईओवर, आदि नहीं बना सकी है। ऐसी स्थिति में गरीबों की दयनीय दशा की कल्पना की जा सकती है। सड़कों, पानी व सीवेज व्यवस्थाओं का समुचित रखरखाव भी नहीं हो रहा है। इसका मुख्य कारण पैसे की कमी है। इसका कारण दिल्ली में राजस्व की कमी नहीं है।

तथ्य यह है कि दिल्ली का प्रति व्यक्ति राजस्व बाकी भारत की तुलना में काफी अधिक है और वह लगातार बढ़ रहा है। दिल्ली का कुल राजस्व 2021-22 में लगभग 53,070 करोड़ था जो सभी राज्यों के राजस्व का 3 प्रतिशत है। 2019-20 में यह 47,136 करोड़ तथा 2014-15 में केवल 29,584 करोड़ था। लेकिन इस बढ़ते राजस्व के साथ ही मुफ्त बिजली, पानी व परिवहन पर दिल्ली सरकार का खर्च बढ़ रहा है। मुफ्त बिजली पर खर्च 2015-16 में 1,639 करोड़ था जो 2021-22 में बढ़ कर 2,968 करोड़ हो गया। बिजली विभाग ने दिल्ली सरकार से 2022-23 में बिजली सब्सिडी के लिए 3,200 करोड़ रुपये की मांग की है। इससे दिल्ली सरकार के बजट पर मुफ्त बिजली के कारण पड़ने वाला बोझ समझा जा सकता है जो 2015-16 की तुलना में 2022-23 में लगभग दूना हो गया है। मुफ्त बिजली, पानी व परिवहन पर भारी खर्च के कारण आवश्यक नागरिक सुविधाओं के लिए बजट की कमी हमेशा अनुभव की जा रही है। दिल्ली सरकार द्वारा पानी के बिल शून्य करने की तरफ बढ़ने के कारण दिल्ली जल बोर्ड का घाटा और कर्ज तेजी से बढ़ रहा है। केजरीवाल सरकार के पहले तीन साल में दिल्ली जल बोर्ड का घाटा तीन गुना हो गया है जो 2015-16 में 220.19 करोड़ से बढ़ कर 2018-19 में 663 करोड़ हो गया।

> 54.5 लाख उपभोक्ताओं में से 43.2 लाख को मुफ्त या आधे दाम पर बिजली दी जा रही है। इनका बड़ा हिस्सा आसानी से भुगतान कर सकता है, पर उसे भी मुफ्त बिजली मिल रही है। इस प्रकार मुफ्त बिजली की खैरात को उचित नहीं ठहराया जा सकता है।

सीएजी रिपोर्ट के अनुसार, 1998-99 में दिल्ली जल बोर्ड को 26,620 करोड़ रुपये उधार दिए गए थे जिसमें से केवल 351 करोड़ ही 31 मार्च, 2018 तक वापस मिले और इस प्रकार 26,269 करोड़ बकाया थे। इस बीच दिल्ली सरकार ने दिल्ली जल बोर्ड को पिछले पांच साल में 41,000 करोड़ रुपये कर्ज दिए। दिल्ली जल बोर्ड की बिगड़ती स्थिति विकास कार्यों की धीमी गति व खराब जल सप्लाई से स्पष्ट है। विश्वास किया जाता है कि दिल्ली जल बोर्ड की वित्तीय स्थिति दिल्ली सरकार की मुफ्त पानी सप्लाई नीति के काराण बहुत खराब हो गई है। दिल्ली जल बोर्ड की खराब वित्तीय स्थिति के कारण वह दिल्ली की अनियमित कालोनियों में पानी के कनेक्शन बहुत धीमी गति से दे पा रहा है और सीवर सिस्टम की हालत भी बहुत खराब है। विपक्षी दल दिल्ली जल बोर्ड में भ्रष्टाचार के आरोप भी लगा रहे हैं। इसके अलावा दिल्ली परिवहन निगम की बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा दिल्ली सरकार द्वारा दी जा रही एक और खैरात है। खैरातों के माध्यम से सरकार हजारों करोड़ रुपये गंवा चुकी है। ऐसे में स्वाभाविक रूप से खैरातों की योजना ने दिल्ली की वित्तीय स्थिति पर भारी दबाव डाला है जिससे अनेक आवश्यक खर्च बंद हो गए हैं।

वर्तमान समय में सत्तारूढ़ आप सरकार ने वर्ष 2015 में अपने चुनाव घोषणापत्र में दिल्ली में 20 नए कालेज खोलने, मुफ्त वाईफाई देने, 20,000 सार्वजनिक शौचालय बनवाने, महिला सुरक्षा बल का गठन करने, तीन लाख सीसीटीवी कैमरे लगवाने, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने जैसे अनेक अन्य वादे किए थे। कुल मिला कर ऐसे 69 वादे किए गए थे जिनमें आठ लाख रोजगार सृजित करने तथा हर साल दिल्ली स्किल मिशन के माध्यम से एक लाख नौजवानों का कौशल प्रशिक्षण करने के वादे शामिल हैं। लेकिन या तो ये वादे भुला दिए गए या उनकी प्रगति बहुत धीमी रही। उल्लेखनीय है कि आप सरकार आने से पहले 15 साल में 1999-2000 से 2014-15 तक हर साल पूंजीगत खर्च में 19.6 प्रतिशत वृद्धि हुई थी और यह 510.5 करोड़ से बढ़ कर 7430 करोड़ हो गया था। लेकिन आप सरकार के दौरान इसमें पिछले पांच साल में मुश्किल से 9.2 प्रतिशत वृद्धि हुई और यह 7,430 करोड़ से बढ़ कर मुश्किल से 11,549 करोड़ हुआ। आसानी से समझा जा सकता है कि इसका मुख्य मारण दिल्ली का विकास संसाधनों की कमी के कारण ठहर जाना था क्योंकि ज्यादा से ज्यादा संसाधन खैरातें बांटने में खर्च किए जा रहे थे।

यह कहना उचित नहीं होगा कि खैरात योजनाओं का लक्ष्य गरीब हैं। 2021-22 में दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय वर्तमान मूल्यों पर प्रति वर्ष 4,01,982 रुपये थी। इनमें 54.5 लाख बिजली उपभोक्ताओं में से 43.2 लाख बिजली उपभोक्ताओं को मुफ्त या आधे दाम पर बिजली दी जा रही है। इनका बड़ा हिस्सा आसानी से बिजली के दाम दे सकता है, पर उसे भी मुफ्त बिजली मिल रही है। इससे सुविधायें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं तथा सरकार पर तेजी से कर्ज बढ़ता जा रहा है। इस प्रकार मुफ्त बिजली की खैरात को उचित नहीं ठहराया जा सकता है। केवल इतना ही नहीं, हर महीने 20,000 लीटर पानी मुफ्त 5.3 लाख परिवारों को दिया जा रहा है।

# मोदी के खिलाफ़ कौन?



**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)

विपक्ष एकता का सपना देखता है लेकिन उसे निर्णायक नुकसान होता है क्योंकि वह अभी भी नरेंद्र मोदी को चुनौती देने वाले नेता की तलाश में है। ऐसी स्थिति में फिलहाल यह स्वाभाविक लगता है कि भाजपा अगले आम चुनाव में 'मोदी के खिलाफ कौन?' का मुद्दा पूरे जोरशोर से उठाएगी।

भारत में राजनीतिक दलों ने 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए अग्रिम योजना बनाना शुरू कर दिया है। हालांकि, यह अभी भी चुनाव के लिए काफी जल्दी है, पर सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और विपक्षी दल अपनी-अपनी तैयारियों में परस्पर होड़ कर रहे हैं। वे वर्तमान राजनीतिक माहौल के मुताबिक रणनीतियां बना रहे हैं और उनमें बार-बार हेरफेर भी कर रहे हैं। इस प्रकार मोटेतौर से कहा जा सकता है कि 2024 में होने वाले अगले आम चुनाव के लिए मंच तैयार है। क्षेत्रीय दल भारतीय जनता पार्टी को डरा सकते हैं। जहां सत्तारूढ़ भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए हैट्रिक लगाने की योजना बना रही है, वहीं विपक्ष उन्हें सत्ता से बेदखल करने की जीतोड़ कोशिश करता दिख रहा है। दोनों पक्ष मोदी-बनाम-सभी परिदृश्य में 350 से अधिक के लक्ष्य के साथ मजबूत हो रहे हैं। विपक्ष एकता का सपना देखता है लेकिन उसे निर्णायक नुकसान होता है क्योंकि वह अभी भी मोदी को तगड़ी चुनौती देने वाले नेता की तलाश में है। प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार की यह कमी विपक्ष को आहत कर सकती है- और भाजपा मोदी-बनाम-कौन का सवाल उठाएगी।

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी, बिहार में नीतीश कुमार, दक्षिण में के चंद्रशेखर राव, एमके स्टालिन और उत्तर में अरविंद केजरीवाल के साथ, भाजपा के समक्ष विभिन्न क्षेत्रों में क्षेत्रीय दलों के नेताओं की ओर से चुनौतीपूर्ण मुकाबले हैं। विपक्ष के गढ़ में 200 से ज्यादा सीटें हैं। हिमाचल प्रदेश और गुजरात में इस साल के अंत में मतदान होगा और अगले साल छह प्रमुख राज्यों- कर्नाटक, त्रिपुरा, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव होंगे।

भाजपा को दक्षिणी राज्यों (129 सीटों) पर अभी जीत हासिल करनी है। जहां आम आदमी पार्टी के प्रमुख केजरीवाल भ्रष्टाचार के मुद्दे पर पीएम को निशाने पर लेते हैं, वहीं अन्य दलों के नेता महंगाई और बेरोजगारी पर बीजेपी को घेरने की योजना बनाते हैं। दूसरे, सही या गलत हो, पर भाजपा अपनी विचारधारा के बारे में स्पष्ट है। उसके पास एक सम्मोहक कथा या विमर्श और चुनाव की तैयारी, सक्रिय कार्यकर्ता और चुनाव लड़ने के लिए बड़े पैमाने पर धन का भंडार है। मोदी के पास सरकारी मशीनरी और कल्याणकारी योजनाएं हैं और दिखाने के लिए काम हैं, जबकि कई क्षेत्रीय क्षत्रप अपने राज्यों में काफी मजबूत हैं।

मोदी ने न केवल अपने कार्यकर्ताओं व नेताओं को एक साथ रखने में सफलता पाई है, बल्कि आलोचनाओं के बावजूद, भाजपा ने अन्य दलों को भी तोड़ दिया है और उनके अनेक प्रभावशाली नेताओं को भाजपा में शामिल कर लिया है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा उनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने राम मंदिर, कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाने और तीन तलाक समाप्त करने जैसे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व उनके सहयोगी संगठनों के मुख्य एजेंडे को पूरा किया है। ऐसा लगता है कि आरएसएस, उसके आनुषांगिक संगठन व भाजपा जल्द ही समान नागरिक संहिता का मुद्दा उठा सकते हैं। ये सब भाजपा के प्रतिबद्ध मतदाताओं को उसके साथ पूरी मजबूती के साथ जोड़े रखेंगे।

हालांकि, हाल ही में भाजपा के संसदीय बोर्ड में सुधार हुआ है और पिछले महीने बिहार में जद (यू) के राजग गठबंधन से बाहर निकलने से भाजपा के भीतर कुछ अशांति फैल गई। फिर भी, नेता सुधार करने की भाजपा की क्षमता पर भरोसा करते हैं। भाजपा को और सहयोगी दलों को भी अपने साथ जोड़ने की जरूरत है। पार्टी ने आम चुनाव के लिए आक्रामक तैयारी शुरू कर दी है। इसने हाल ही में दिल्ली में 144 लोकसभा के कमजोर निर्वाचन क्षेत्रों में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए एक खाका तैयार करने के लिए एक खास बैठक की। पार्टी ने उन 70 लोकसभा सीटों पर भी खासतौर से ध्यान केंद्रित करने का प्रस्ताव रखा है जो उसने कभी नहीं जीतीं।

दूसरी ओर, विपक्ष सुगठित नहीं है और वहां विभिन्न विचारधाराओं का मिश्रण है। सफलता के लिए सभी विपक्षी नेताओं को लेन-देन की मुद्रा अपनानी चाहिए। हालांकि कई क्षेत्रीय नेताओं ने अपने-अपने राज्यों में अच्छा प्रदर्शन किया है, मगर उन्हें भविष्य में संभावित विपक्षी गठजोड़ के लिए सभी भागीदारों हेतु स्वीकार्य एक न्यूनतम साझा कार्यक्रम तैयार करना चाहिए।

अपने कमजोर स्वास्थ्य के बावजूद, देवगौड़ा, लालू यादव, नीतीश कुमार और शरद पवार पूर्व जनता दल घटकों को एकजुट करने के लिए सहयोग कर सकते हैं। कांग्रेस के साथ गठबंधन कर वे हरियाणा, कर्नाटक, बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश जैसे बहुदलीय राज्यों में मजबूत भी हो सकते हैं जहां करीब 200 लोकसभा सीटें हैं। राहुल गांधी की वर्तमान भारत जोड़ो यात्रा अगर अपना असर छोड़ती है तो यह कांग्रेस को मजबूत करने तथा विपक्षी नेताओं के बीच उसका कद बढ़ाने में उसकी मदद कर सकती है।

समाजवादी पार्टी, जो यूपी में एक ठोस क्षेत्रीय पार्टी है, अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने पर ध्यान लगाए हुए है। दूसरी ओर, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में भाजपा के लिए 75 सीटों का लक्ष्य रखा है, जिसमें 80 लोकसभा सीटें हैं। बसपा ने पहले चरण के रूप में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से 75,000 सदस्य बनाने के लक्ष्य के साथ बड़े पैमाने पर सदस्यता अभियान शुरू किया है। बसपा प्रमुख मायावती पिछले एक दशक में, एक के बाद एक, हार का सामना कर रही हैं, लेकिन उनके पास एक मजबूत दलित वोट बैंक है। बसपा नेताओं को उम्मीद है कि वे इस दलित बैंक के आधार पर अपनी संभावनायें बेहतर बना सकते हैं।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने अपने विधायकों को, या तो बेहतर प्रदर्शन करो या बर्बाद हो जाओ, अथवा दूसरे शब्दों में 'करो या मरो' की चेतावनी दी है। उन्होंने अपने विधायकों का घर-घर जाकर दौरा करने का कार्यक्रम भी शुरू किया है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने भी एक राष्ट्रीय पार्टी बनाने की योजना बनाई है, जो राष्ट्रीय भूमिका निभा सके। 2024 तक, यह सभी पार्टियों के लिए रोमांचकारी यात्रा होगी।

मोदी के पीछे दस साल की सत्ता विरोधी लहर होगी, लेकिन भाजपा उनके जादू पर निर्भर है। हालांकि कई सवाल हैं, जैसे क्या मोदी हैट्रिक करेंगे? क्या एकजुट होगा विपक्ष? क्या राहुल एक सफल चुनौतीकर्ता बनकर उभरेंगे? राजनीति में एक हफ्ता लंबा समय कहा जाता है। 2024 के चुनावों से पहले हमारे पास 18 महीने हैं। चुनाव नजदीक आते ही तस्वीर साफ हो जाएगी। तब तक राजनीतिक विश्लेषक अंधेरे में ही तीर चलाते रहेंगे।

## फरमाया



**हमने** कभी आसान प्रगति के बारे में नहीं सोचा है, लेकिन सुधारों को हमेशा के लिए टाला नहीं जा सकता है।

**- एस. जयशंकर**
विदेश मंत्री



**हम** मित्रों व साझीदारों के साथ मिल कर रूस व जमीन पर कब्जा करने के इच्छुक लोगों पर दबाव डालते रहेंगे।

**- नेड प्राइस**
अमेरिकी विदेश विभाग प्रवक्ता



**वाड्रा** परिवार की बहू होने के नाते अब प्रियंका भारतीय परंपरा के अनुसार गांधी परिवार का हिस्सा नहीं हैं।

**- अब्दुल ख़ालिक**
कांग्रेस सांसद

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## भारत-आर्मीनिया दोस्ती

**हाल** ही में भारत ने आर्मेनिया के साथ रक्षा निर्यात में सौदा किया जो कई मायनों में महत्वपूर्ण है। भारत आर्मीनिया को न केवल मिसाइल, रॉकेट व गोला बारूद बेचेगा बल्कि पहली बार भारत में डिज़ाइन व उत्पादित पिनाका रॉकेट लॉन्चर भी देगा। साल 2020 में भी लगभग 350 करोड़ की रडार भारत आर्मीनिया को दे चुका है लेकिन यह सौदा इससे कई गुना बड़ा है और इसे जल्द से जल्द पूरा करने व बिचौलियों से बचने के लिए गवर्न्मेंट टू गवर्न्मेंट रास्ते का इस्तेमाल किया गया है। यह सौदा इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि आर्मीनिया को इन हथियारों की आवश्यकता अजरबेजान से मुक़ाबला करने के लिए चाहिए, जो तुर्की व पाकिस्तान के साथ मिलकर भारत का विरोध करता रहा है। अज़रबैजान ने न केवल कश्मीर मामले पर पाकिस्तान का साथ दिया बल्कि संयुक्त राष्ट्र व ओआईसी जैसी वैश्विक संस्थाओं में भी भारत के विरुद्ध खड़ा रहा है। इसलिए इस प्रकार के सौदे से न केवल भारत का रक्षा निर्यात बढ़ेगा बल्कि अपने विरुद्ध खड़े देशों पर लगाम लगाम लगाने में भी सहायता होगी। यह भारत-आर्मीनिया संबंध मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**-पुनीत अरोड़ा,** मेरठ

## विश्व शांति जरूरी

**आज** युद्ध के नुकसान और शांति की वैश्विक जरूरत को समझा जा सकता है। पिछले 6 माह से चल रहे रूस यूक्रेन युद्ध को खत्म करने में किसी महाशक्ति ने रुचि नहीं दिखाई है। इसके पीछे उनकी युद्धरत देशों को हथियार पूर्ति की मंशा रही है जबकि भारत सदैव विश्व शांति का पक्षधर रहा है। चाहे युद्ध ईरान इराक में हो या अफगान या रूस-यूक्रेन में, इन सबको खत्म करने में रुचि रखने के पीछे भारत का निस्वार्थ भाव रहा है। एक गौर करने वाली बात यह भी है कि भारत ने युद्ध रोकने की अपील नहीं की, अपितु प्रधानमंत्री ने पुतिन को युद्ध की विभीषिका से चेताया है। यूक्रेन शुरू से ही रूस को कड़ी टक्कर देता आया है। भले ही रूस ने बारूद बरसा कर खंडहर और लाशों के ढेर लगा दिये हों पर आज के हालातों में रूस महाशक्ति होने के बावजूद जेलेंस्की की हिम्मत के आगे बौना साबित हो गया है। बहुत हो चुका युद्ध, अब अगर शांति चाहिए तो रूस को समझौते की मेज पर बैठना ही होगा। एक खास बात यह भी है कि यूक्रेन के पास अब खोने के लिए कुछ नहीं बचा है परंतु जो सबक रूस को मिला है उसे वह दशकों तक याद रखेगा।

**-अमृतलाल मारू 'रवि'**, इंदौर

## विघटनकारी सोच

**देश** के लोग समय समय पर समाचार पत्रों और अन्य माध्यमों से सूचना प्राप्त करते रहते हैं। ताज़ा प्रकरण दुर्गा पूजा के पंडाल का है जहां मूर्ति को खंडित कर दिया गया। हालांकि सरकार हरकत में आई और कार्यवाही शुरू हुई। पॉपुलर फ्रंट ऑफ़ इंडिया एवं उसके अन्य सहयोगी संगठनों को प्रतिबंधित किया गया क्योंकि ये भी देश को खंडित करना चाहते थे। आज हिन्दू युवतियों के धर्म को लव जिहाद के नाम पर खंडित करने की खबरें भी आम हैं। अभी एक युवती का गला केवल इसलिए रेत दिया गया क्योंकि वो स्वेच्छा से जीना चाहती थी, न की शरिया के अनुसार। सवाल ये है कि इस विनाशकारी और खंडित करने की मानसिकता का मूल कहां है, क्योंकि पत्तों और टहनियों को काटने से वृक्ष धाराशाही नहीं होते, फिर खाद पानी और अनुकूल मौसम मिलते ही ये वृक्ष पुनः फलीभूत एवं हरा भरा हो जायेगा। ऐसे में इस खंडित और विकृत मानसिकता के उद्‌गम स्त्रोत पर काम करना आवश्यक हो जाता है अर्थात जड़ों पर प्रहार होगा तभी समाधान होगा।

**-मनोज,** मेरठ

# बायपास सड़क के लिए अधिग्रहित की गई जमीन का 2 साल बाद भी नहीं मिला मुआवजा

## कार्यालयों के चक्कर काट रहे प्रभावित किसान

### प्रभावित किसानों ने किसान नेता योगेश तिवारी के नेतृत्व में अपर कलेक्टर अनिल बाजपाई को सौपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा विधानसभा अंतर्गत ग्राम बैजी से चोरभट्ठी तक निमार्णाधीन बायपास सड़क के लिए अधिग्रहित की गई जमीन के मुआवजे के लिए किसानों को कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं, बावजूद मुआवजा देने को लेकर अधिकारी किसानों को संतोषजनक जवाब देने की स्थिति नहीं है। प्रभावित किसानों ने किसान नेता योगेश तिवारी के नेतृत्व में अपर कलेक्टर अनिल बाजपाई को ज्ञापन सौंप मुआवजा दिलाए जाने का आग्रह किया है। इस संबंध में किसान नेता योगेश तिवारी ने बताया कि सड़क निर्माण के लिए किसानों की जमीन का अधिग्रहण किए 2 साल से अधिक समय बीत चुका है बावजूद जमीन का मुआवजा देने को लेकर ठोस कार्रवाई नहीं होने से किसानों में खासी नाराजगी है। इस संबंध में प्रभावित किसानों से लगातार शिकायत मिल रही थी, इसलिए अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मुआवजा प्रकरण में तुरंत कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

### रसूखदार लोगो को लाभ पहुचाने, सर्वे में गड़बड़ी

किसान नेता योगेश तिवारी ने बताया कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। सड़क निर्माण के लिए सर्वे के दौरान सरकारी जमीन उपलब्ध होने के बावजूद कुछ रसूखदार लोगों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से निजी जमीनों के साथ कुछ किसानों का अधिग्रहण किया गया। ताकि सड़क रसूखदार लोगों की जमीनों के पास से होकर गुजरे। ऐसी स्थिति में रसूखदार लोगों की जमीन के भाव बढ़ने से उन्हें लाभ पहुंचेगा।

### तत्कालीन कलेक्टर ने मुआवजा प्रकरण को स्वीकृत करने से किया इंकार

किसान नेता ने बताया कि तत्कालीन कलेक्टर ने कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग निर्मल सिंह को पत्र लिखकर फिर से सर्वे कर मुआवजा प्रकरण नए सिरे से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे, लेकिन लोक निर्माण विभाग की ओर से पूर्व में किए गए सर्वे को नियमानुसार किए जाने का जवाब प्रस्तुत करने के कारण तत्कालीन कलेक्टर ने मुआवजा प्रकरण को स्वीकृत करने इंकार कर दिया। ऐसी स्थिति में किसानों को जमीन अधिग्रहण के 2 साल बाद भी मुआवजा नहीं मिला है। ज्ञापन सौपने के दौरान मिथिलेश, गोपाल, राकेश, राम जी, मनोज बंजारे, तोरण साहू, भुनेश्वर साहू, मनोहर, सनत, लाखन बंजारे भागवत समेत अन्य प्रभावित किसान उपस्थित थे।

# नवीन बुनकर समिति का शुभारंभ जनपद सदस्य संजय बैंस के मुख्य आतिथ्य में हुआ



**दल्लीराजहरा।** 1 अक्टूबर को नवीन बुनकर समिति कुसुमकसा का शुभारंभ जनपद सदस्य संजय बैस के मुख्य आतिथ्य में हुआ। विशेष अतिथि के रूप में दीपक यादव उप सरपंच, जिला हाथ करघा के संयोजक डी के सोनी, डाक्टर डोमन साहू अध्यक्ष बुनकर सीमित, हेमंत देवांगन ट्रेनर उपस्थित थे। कार्यक्रम में पूजा अर्चना कर जनपद सदस्य संजय बैंस ने फीता काटकर शुभारंभ किया कार्यक्रम के आयोजक डी के सोनी ने महिलाओं को आर्थिक रूप कैसे मजबूत बनना है इस विषय में विस्तार से समझाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य संजय बैस ने कहा की सबसे पहले उपस्थित महिलाएं बधाई की पात्र है। जिन्हें उनके सपनों को सच करने एवं आर्थिक रूप से मजबूत बनाने परिवार को सक्षम बनाने वाले सीमित का शुभारंभ हुआ है। संजय बैंस ने प्रशिक्षण के आयोजक सोनी एवं आयोग विभाग का भी आभार मनाते हुए कहा की आप ने हमारी मांग पर प्रशिक्षण दे रहे हो उसके लिए भी पूरा विभाग बधाई के पात्र है। बैस ने महिलाओं से कहा की आप लोग इस मशीन को समय देवे समर्पण के साथ प्रशिक्षण ध्यान दे आपको तीस से पैंतीस हजार रुपए कमाने से कोई रोक नहीं सकता। आप मेहनत करें और परिवार को नया आयाम देवें।

# स्वच्छता को बढ़ावा देने, जनजागरूकता लाने स्कूल कॉलेज के छात्रों ने प्रतियोगिता में लिया भाग





पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com





नगर पालिका परिषद कुम्हारी में इंडियन स्वच्छता लीग के तहत स्वच्छ अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है, नगर पालिका परिषद कुम्हारी क्षेत्र अंतर्गत स्थित स्कूल, कॉलेज, आंगनबाड़ियों व वार्ड स्तर पर स्वच्छता को बढ़ावा देने तथा लोगों को जागरूक करने व स्वच्छता में उनकी भागीदारी बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रयास किये जा रहे है। इसी तारतम्य में निबंध प्रतियोगिता, चित्रकारी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता, वेस्ट टू एनर्जी व बेस्ट फ्रॉम वेस्ट प्रतियोगिता आदि आयोजित किया जा रहा है, जिसमें श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश माध्यम स्कूल कुम्हारी, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश माध्यम स्कूल जंजगिरि, शासकीय पूर्व माध्यमिक कन्या शाला कुम्हारी, शासकीय पूर्व माध्यमिक बालक शाला कुम्हारी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला परसदा के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किये।

नगर पालिका परिषद् कुम्हारी कार्यालय के सभागृह में प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। एनर्जी फ्रॉम वेस्ट के प्रतिभागियों को प्रोत्साहन के लिए विशेष उपहार के रूप में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर द्वारा जिन प्रतिभागियों ने प्रथम स्थान व द्वितीय स्थान प्राप्त किया उनको क्रमशः 5000, 2000 रु. की नकद राशि से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद् कुम्हारी के अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जीतेन्द्र कुशवाहा, स्वच्छ भारत मिशन जिला समन्वयक गौरव केशरवानी, समर्थन से दिनेश कुमार तथा वाटर ऐड से स्वाती शेरपा तथा नगर पालिका परिषद् के समस्त कर्मचारी, स्कूल के प्रभारी स्टाफ व श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट प्राचार्य व प्रभारी शिक्षक ने उपस्थित होकर कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निर्वहन किया।

# महाआरती में भक्तिमय हुआ पंडाल,विधायक ने अधिकारी व कर्मचारियों के साथ किया माँ की महाआरती

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com





नगर निगम परिसर मां दुर्गा मंदिर स्थित पंडाल में विराजे माँ दुर्गा माता की पूजा पंचमी स्वरूप मां स्कंदमाता का विधयाक अरुण वोरा ने अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ महाआरती में शामिल होकर पंडाल में विराजे माँ दुर्गा जी की महाआरती की गई।इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता-एस.डी.शर्मा, प्रमोद दुबे, निज सहायक आयुक्त, शुभम गोईर, मनोहर साहू, उपअभियंता पंकज साहू, करण यादव, विकास दमाहे, स्वास्थ्य अधिकारी, जावेद अली, राजकमल बोरकर, दुर्गेश गुप्ता, राजू बक्शी, थानसिंह यादव, ईश्वर वर्मा,भुवन दास साहू हेमलता वर्मा, साक्षी चौहान, योगेंद्र वर्मा, चित्ररेखा चन्द्राकर, प्रिंसी शर्मा, किरण अग्रवाल, पूर्णिमा तिवारी, नीलू तिवारी, लीना वर्मा, ऋतु कुर्रे, शारद रत्नाकर, विजय राजूपत, अजय मिश्रा, किरण अग्रवाल, रोशनी आहूजा, तारा पाटिल सहित अधिक संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। मां दुर्गा मंदिर परिसर के पंडित ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा सम्पन्न कराई। माता के दर्शन व पूजा अर्चना के लिए पंडाल में दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। शाम 6 बजे महाआरती में खासी संख्या में निगम के समस्त कर्मचारीगण व भक्तजनों ने भाग लिया। इस अवसर पर विधायक ने महा आरती में शिरकत की और मां का आशीर्वाद लिया। विधायक अरुण वोरा ने महाआरती कर की मंगल कामना,भजनों से भक्तिमय हुआ माहौल।

# विधायक ने किया जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



आयुष्मान-भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना जिले में 7 अक्टूबर 2022 तक मनाया जायेगा। आयुष्मान भारत पखवाड़ा अंतर्गत विधायक बेमेतरा आशीष कुमार छाबड़ा द्वारा योजना के जागरुकता हेतु जागरुकता रथ व स्कुली बच्चों की साईकिल रैली को विधायक कार्यालय से हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. खेमराज सोनवानी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रदीप कुमार घोष, जिला कार्यक्रम प्रबंधक लता बंजारे, जिला परियोजना समन्वयक आयुष्मान भारत मनोज कुमार साहु एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। प्रचार प्रसार रथ के माध्यम से जिले के छुटे हुए सभी राशनकार्डधारी पात्र हितग्राहियों से अपील करते हुए अपने एवं अपने परिवार के सभी सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील की गई हैं। आयुष्मान-भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत् एसईसीसी सूची में शामिल परिवार, अन्त्योदय एवं प्राथमिकता राशन कार्ड धारी परिवारों को रू. 5 लाख/परिवार एवं शेष अन्य राशनकार्ड धारी परिवारों को रू. 50 हजार/परिवार प्रति वर्ष मिलेगा। ई-कार्ड (आयुष्मान कार्ड) निःशुल्क बनवाकर योजना का लाभ शासकीय एवं समस्त पंजीकृत निजी चिकित्सालय में ले सकते हैं। अन्य अतिरिक्त गंभीर बीमारी हेतु मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत 20 लाख रुपये तक स्वास्थ्य सहायता प्रदान किया जा रहा हैं। आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया पूर्ण रुप से निःशुल्क है, इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु टोल फ्री नम्बर 104 या निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र या कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बेमेतरा में प्राप्त किया जा सकता हैं।

# सिद्ध चक्र महामंडल विधान कार्यक्रम में श्रीजी मुनि का आशीर्वाद लिया सांसद सरोज पांडेय अरुण वोरा एवं जनप्रतिनिधियो ने

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



पद्मनाभपुर स्थित श्री 1008 महावीर दिगंबर जैन मंदिर में मुनि सुयश सागर महाराज ससंघ एवं विधानाचार्य अरुण, संजीव एवं अंकित के सानिध्य में बाकलीवाल परिवार द्वारा आयोजित श्री सिद्धच महामंडल विधान का कार्यक्रम जारी है। आज सुबह 7 से 12 बजे तक विधान कार्यक्रम किया गया, 9 से 10 बजे तक महाराज का मंगल प्रवचन व शाम 7 से 8 बजे तक आरती की जाएगी।दिनांक 1 अक्टूबर दिन शनिवार को प्रातः 6:00 बजे से 1:00 बजे तक हवन होगा। महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा इस कार्यक्रम में आप सपरिवार अवश्य पधारे मुनिगण के सानिध्य में पूजन पाठ तथा अमृतवाणी श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त करें एवं हमें अनुग्रहित करें। मुनिश्री सुयस सागर महाराज का प्रवचन सुनने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। महापौर धीरज बाकलीवाल ने सकल जैन समाज के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में महाराज मुनि सुयस सागर द्वारा आशीष लिया। कार्यक्रम का सौभाग्य बाकलीवाल परिवार सहित सकल जैन समाज को प्राप्त हुआ। रिद्धि मंडल विधान आयोजित किया गया। प्रतिदिन पूजा की जा रही है। 01 अक्टूबर तक आयोजनः राज्य सभा संसद सरोज पांडेय, विधायक अरुण वोरा एवं जनप्रतिनीधियो ने भी लिया आशीर्वाद कार्यक्रम में राज्य सभा सासंद सरोज पांडेय, विधायक अरुण वोरा, संजय कोहले, दीपक साहू, भोला महोविया, नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा, गायत्री साहू, शेखर चंद्राकर, मनदीप सिंह भाटिया, नरेश तेजवानी, श्रद्धा सोनी, विजेंद्र भारद्वाज, अजीत वैध, कमल देवांगन ने भी मुनि का आशीर्वाद लिया।

# ग्रामीणों की वर्षों पुरानी हाई स्कूल की मांग हुई पूरी मंत्री ने किया भूमिपूजन



### मलकुवंर चौक से नराटीला, चिखली मार्ग को दुरुस्त करने दिया आश्वासन: अनिला

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

राजहरा के समीप के ग्राम नराटीला के ग्रामीणों द्वारा वर्षो से की जा रही हाई स्कूल संबंधी मांग मंत्री अनिला भेड़िया की अनुशंसा के साथ पूरी हुई। मंत्री भेड़िया ने हाई स्कूल का किया भूमिपूजन। इसी के साथ क्षेत्र में मुख्यमंत्री ने भेंट मुलाकात दौरा कार्यक्रम में किए गए घोषणा भी जल्द ही धरातल में होने लगी फलीभूत होने लग गई है, जिसे लेकर क्षेत्र के समस्त ग्रामवासियों एवं युवा संगठन में हर्षोउल्लास का माहौल बना हुआ है। इसी के तहत ग्राम नराटीला में शहीद वीर नारायण सिंह युवा संगठन ग्राम नराटीला एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा भूमिपूजन आयोजन में पधारी मुख्य अतिथि मंत्री भेड़िया व अतिथियों का आतिशबाजियों के साथ स्वागत कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व मंत्री भेड़िया का आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात मंत्री भेड़िया पैदल मार्च करते हुए भूमिपूजन स्थल तक पहुंची। भूमिपूजन के बाद आदिशक्ति माता जी की आरती भजन में सम्मिलित हुई मंत्री भेड़िया के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप मे मंत्री प्रतिनिधि पीयूष सोनी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमेश कोर्राम, जनपद उपाध्यक्ष पुनीत सेन, जनपद पंचायत सदस्य हेमबती कुलदीप, सरपंच बूढ़ान सिंह उईके भी शामिल हुए मंत्री भेड़िया ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री बघेल की दूरदर्शिता सोच से पूरा प्रदेश विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा व सिंचाई व्यवस्था की योजनाएं के साथ शहर व ग्रामीणों की मूलभूत समस्याओं का निराकरण करोड़ो रूपये के विकास कार्यों को प्राथमिकता में रख कर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल योजनाओं को धरातल में फ्लीभूत करवाने पर विशेष ध्यान दे रहें हैं।

# संसदीय सचिव कुंवर ने अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण व भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



संसदीय सचिव एवं गुंडरदेही विधानसभा के लोकप्रिय विधायक कुंवर सिंह निषाद का भूमिपूजन, लोकार्पण समारोह एवं जनसंपर्क दौरा शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। जनसम्पर्क दौरा गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्र के देवरी ब्लॉक ग्राम पंचायत मनकी, तेलीटोला एवं भेंडी (सुरेगांव) पहुँच कर लोगों से मुलाकात व चर्चा की एवं विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया।

जनसंपर्क कार्यक्रम में संसदीय सचिव ने शासन की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है या नही इस पर भी ग्रामवासियों से चर्चा कर जानकारी लिया। साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन ग्राम स्तर पर सही तरीके से हो रहा या नही इसका भी समीक्षा ग्राम पंचायत के सदस्यों से की। निषाद ने इस दौरान विभिन्न विकास कार्य का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

जिसमे प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत मनकी में सीसी रोड 10 लाख, देवगुड़ी में 1 लाख, नल जल मिशन 109.89 लाख, ग्राम तेलीटोला में नल जल मिशन 68.45 लाख, देवगुड़ी 1 लाख, ग्राम पंचायत भेंडी में नल जल मिशन 122.49 लाख, देवगुड़ी में 1 लाख, सीसी रोड निर्माण 30 लाख एवं सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। वही मां दुर्गा, शीतला मंदिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना किए। जनसंपर्क दौरे में जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवरी के अध्यक्ष कोदूराम दिल्लीवार, जनपद पंचायत डौंडीलोहारा अध्यक्ष जागृत सोनकर, उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बालोद गिरीश चंद्राकर, जनपद सदस्य कुमारी दीपिका देशलहरे, इंदरमन देशमुख जोन प्रभारी, भूपेश नायक सदस्य कृषि उपज मंडी, सागर साहू अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बालोद आईटी सेल सहित सभी ग्राम पंचायत के सरपंच पंचगन एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, कांग्रेस जन, ग्राम पंचायत के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# नवागढ़ में स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन, जगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया स्वागत



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने गुरुवार को विजयदशमी उत्सव 2022 के तहत पथ संचलन किया। बैद्धिक में मुख्य वक्ता नारायण नामदेव सह प्रांत प्रचारक, जिला कार्यवाह गंगाधर यादव एवं संघचालक संतोष खुराना उपस्थित रहे। पथ संचलन का शुभारंभ शिशु मंदिर नवागढ़ से हुआ। पथ संचलन शंकर नगर, मेन चौक, तिलका पारा, गौरवपथ, बस स्टैंड होते हुए सरस्वती शिशु मंदिर पर पहुंचकर समाप्त हुआ। पथ संचलन के दौरान संघ के घोष की धुनों पर स्वयं सेवक हाथों में लाठी लिए कदम से कदम मिलाते हुए चल रहे थे। पथ संचलन का बस स्टैंड में भाजपा जिला महामंत्री विकास धर दीवान के नेतृव में सैकड़ो की संख्या में भाजपाइयों ने स्वागत किया। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष चन्द्रपाल साहू, मधु रॉय, देवादास चतुवेदी, सुरेश साहू, टिकम गोस्वामी, सुरेश निषाद, कुलेश्वर सिन्हा,संतोष देवांगन, गोलू सिन्हा, मनीष श्रीवास, श्रीकांत ठाकुर, तनु दीवान, मिथलेश सोनकर, हेमा यादव, राजा खान, केदार साहू, तोपसिंह साहू, बिनो सोनकर, कांति सोनकर, उत्तरा सोनकर, सेवती पुरबिया आदि जनप्रतिनिधियों सहित विभिन्न संगठनों व रहवासियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। पथ संचलन में स्वमेवक के रूप में प्रवीण साहू, जगेन्द्र साहू, मिन्टू बिसेन, नेमिराज सोनवानी, दयावंत बांधे, जगजीवन खरे, प्रवीण दत्त दुबे, गोपेश साहू, ललित साहू, पलास दुबे, रमेश यादव, प्रदीप यादव, रिंकू चौहान, नीलेश जायसवाल, राजा देवांगन, सोम जैन, आदि शामिल रहे।

## जिला स्तरीय प्रबुद्धजन एंव बुद्धिजीवी सम्मेलन में शामिल हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष

# मोदी सरकार ने तेज की विकास कार्य की गति: धरम कौशिक

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी जिला बेमेतरा की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर चल रहे सेवा एवं समर्पण पखवाड़ा के तहत शुक्रवार पार्टी कार्यालय बेमेतरा में जिला स्तरीय प्रबुद्ध जन एंव बुद्धिजीवी सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नेता प्रतिपक्ष छग व बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक मौजूद रहे। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने की। सम्मेलन की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी आज जो अपने सर्वोच्च शिखर पर है। उसमें कार्यकताओं के साथ आप सभी प्रबुद्धजनों का भी योगदान है। आप सभी समाज के बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। आपके द्वारा जनता में प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान से लेकर कोरोना वैक्सीन के निर्माण व टीकाकरण को समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचाया गया। विधायक ने कहा कि आप जानते हैं कि जब तक देश की बागडोर मोदी के हाथों में है तब तक देश की संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा की तरफ कोई भी देश आंख उठाकर नहीं देख सकता है। अनुच्छेद 370 का खात्मा, अयोध्या भव्य मंदिर निर्माण, तीन तलाक, लद्दाख व जम्मू कश्मीर को केंद्र शासित राज्य घोषित करने जैसे अभूतपूर्व निर्णय व कार्य हैं।जिसको आने वाली पीढ़ियां सदैव याद रखेंगी। मोदी सरकार ने विकास कार्य की गति अत्यंत तेज कर दी है। उन्होंने किसानों के हित में मोदी सरकार के योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को प्रति वर्ष 6000 रुपये दिए जा रहे हैं। साथ ही धान का समर्थन मूल्य भी केंद्र सरकार देता है। वहीं अनेक प्रकार के अनुदान के माध्यम से ऋण आदि के लिए योजनाएं चलाई जा रही है। आप सभी प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति बता रही है कि आने वाले समय में राजनीति को नई दिशा मिलेगी। जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं ने देश का कायाकल्प कर दिया है। वहीं राज्य सरकार पूरी तरह नाकाम साबित हुआ है, आज पीएम आवास जैसी अनेक योजनाओं को रोक कर भूपेश बघेल ने जनता को ठगा है। सेवा पखवाड़ा के जिला संयोजक व पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के साथ शुरू हुए सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत पूरे जिले में स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण, निःशक्त जनों को उपकरण वितरण, अस्पताल के फल वितरण, जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम, निःशुल्क चिकित्सा शिविर, पं दीनदयाल उपाध्याय जयंती सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किये है।

# पुस्तकालय में सभी समस्याओं का समाधान: डॉ. सुशांता





पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

समाधान महाविद्यालय बेमेतरा में लाइब्रेरी मैनेजमेंट सिस्टम संबंधी सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. सुशांता कुमार साहू(लाइब्रेरियन, कलिंगा यूनिवर्सिटी रायपुर(छ.ग.) रहे। कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती पूजन एवं अतिथि का स्वागत करके किया गया। स्वागत भाषण में महाविद्यालय के डारेक्टर डॉ. अवधेश पटेल ने अतिथि को संबोधित करते हुये उनका परिचय दिया। कहा कि पुस्तकालय वह स्थान है जहाँ विविध प्रकार के ज्ञान, स्त्रोत, सेवाओं आदि का संग्रह रहता है। पुस्तकालय लोगों को सही जानकारी मुहैया कराने के लिये बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। तत्पश्चात् महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पन्नालाल यादव ने कहा कि ब्रम्हाण्ड में स्थित जीवन के लिये मानव का भौतिक अवस्था में ज्ञान के लिये भौतिक पुस्तकालय, वाचनालय आवश्यक है। डॉ. सुशांता कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकगणों को संबोधित करते हुये कहा कि पुस्तकों को पढ़ने से विचार उत्पन्न होती है और विचार से कर्म की। भगवतगीता एक ऐसा ग्रंथ है, जिसमें सभी समस्याओं का समाधान छिपा हुआ है। जैसे व्यक्ति अपने दोस्त का हर पल विषम परिस्थिति में सहायक होता है।

इंसान किसी भी दुविधा में रहे, किताबों को पढ़ने समझने से उनकी सोच का विस्तार होता है। आधुनिकता बढ़ने से लोग पुस्कालय के महत्व को सही समझ नहीं पा रहे है। पुस्तकालय ही एक ऐसा स्थान है जहाँ पर आप अपने सोच, विचार, व्यवहार, वार्तालाप प्रस्तुतीकरण सभी को सकारात्मक दिशा दे सकते हो।

# जर्जर सड़कों का मरम्मत और प्रस्तावित नए सड़कों का तेजी से निर्माण कार्य करने के दिए निर्देश

## कलेक्टर ने निर्माण कार्य से संबंधित विभागों की ली समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट परिसर के सभाकक्ष में जिले के विभिन्न निर्माण कार्यों में तेजी लाने सभी संबंधित विभागों की बैठक ली गई। बैठक में कलेक्टर ने जिले के आधारभूत संरचनाओं सहित निर्माण कार्य से संबंधित विभाग, इंजीनियर और संबंधित ठेकेदार से विभिन्न शासकीय भवनों के निर्माण कार्य, रखरखाव, जर्जर सड़कों की स्थिति एवं उनके संधारण और प्रस्तावित नए सड़कों की जानकारी सहित निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने जिले में विभिन्न निर्माण कार्यों को तेजी से करने के निर्देश दिए हैं। जिससे जिले के आमजनता को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराया जा सके। बैठक में कलेक्टर ने जिले में शहर से गुजरने वाली सड़कों सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों जहां-जहां कार्य चल रहे हैं की जानकारी ली तथा आवश्यकतानुसार सड़कों के गड्ढों को भरने और मरम्मत का कार्य तीव्र गति से करते हुए प्रस्तावित नए सड़कों का गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य 15 अक्टूबर के बाद तेजी से करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को जिले के पुरानी सड़कों का व्यवस्थित संधारण करते हुए सड़कों की स्थिति में सुधार लाने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में कलेक्टर ने हाउसिंग बोर्ड द्वारा निर्माण कराए जा रहे तहसील भवनों के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। जिस पर संबंधित अधिकारियों द्वारा कार्य जल्द से जल्द पूर्णता की जानकारी दी गई। बैठक में कलेक्टर ने निर्माण कार्यों के लिए एजेंसी के उपलब्धता की समस्या हो वहां जल्द से जल्द एजेंसी चिन्हांकित करने कहा है। उन्होंने जिले के सभी क्षेत्रों में लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय राज्य मार्ग, गृह निर्माण मंडल, एसियन डेवलपमेंट बैंक सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों, इंजीनियरों और ठेकेदारों से निर्माण कार्यों की जानकारी ली तथा जमीनी स्तर पर बेहतर कार्य करने में आ रही समस्याओं की जानकारी ली तथा समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल जानकारी उपलब्ध कराने कहा। जिससे जिले के औद्योगिक अधोसंरचना में तेजी से सुधार कार्य किया जा सके। बैठक में अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, संयुक्त कलेक्टर ज्योति पटेल, निर्माण कार्य से जुड़े सभी संबंधित विभागों के अधिकारी, इंजीनियर और ठेकेदार उपस्थित थे।

# जिला पुलिस ने गांजा तस्करों के विरूद्ध चलाया विशेष अभियान

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



अवैध मादक पदार्थ गांजा बेचने वालों पर की गई ताबड़तोड़ कार्यवाही पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी राजपत्रित अधिकारियों को कार्यवाही हेतु मानिटरिंग करने के कड़े निर्देश दिये गये थे अवैध गांजा बिक्री करने वालों पर विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान जिले में कुल 8 प्रकरणों में 11.98 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा किया गया बरामद विशेष अभियान के तहत् थाना अकलतरा 2, थाना बिर्रा में 1, थाना जांजगीर 1, थाना नवागढ़ 1, थाना बलौदा 1, शिवरीनारायण 1 एवं सारागांव 1 कुल 8 प्रकरणों में कार्यवाही की गई। अवैध मादक पदार्थ गांजा बेचने वालों पर निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी। क्रमांक थाने का नाम अपराध क्रमांक एवं धारा आरोपी का नाम गांजा का वजन 1 थाना बिर्रा मनीराम कश्यप उम्र 45 वर्ष निवासी सेमरिया 2 किलो 400 ग्राम 2 थाना जांजगीर जोधराम राठौर उम्र 48 वर्ष निवासी केरा रोड जांजगीर 2 किलो 200 ग्राम 03 थाना नवागढ़ भुनेश्वर कश्यप उम निवासी नवागढ़ 1 किलो 400 ग्राम 4 थाना अकलतरा गिरधारी लाल डहरिया निवासी अमरताल 1 किलो 300 ग्राम 05. मोहम्मद सफीर निवासी अकलतरा 1 किलो 700 ग्राम 6 थाना शिवरीनारायण पूरन कश्यप उम्र 38 वर्ष निवासी सलखन 220 ग्राम 07 थाना बलौदा रामरतन विंद उम्र 34 वर्ष निवासी रामपुर थाना बलौदा 2 किलो 560 ग्राम 8 थाना सारागांव भास्कर राठौर उम्र 52 वर्ष निवासी सारागांव 200 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने वालों पर रोक लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों को मानिटरिंग कर अपने-अपने अनुविभाग के थाना क्षेत्रों में कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किये थे।

# समस्त भय से मुक्ति दिलाती है माँ कालरात्रि-पं द्विवेदी

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



चारो ओर लोग शक्ति के भक्ति में मग्न है शारदीय नवरात्रि की सप्तमी तिथि भगवती के कालरात्रि स्वरूप को समर्पित है जगदम्बा अपने भक्तों पर निरंतर प्रेम और करुणा बरसाती है नवरात्रि के सातवें दिन को महासप्तमी के नाम से भी जाना जाता है. इस दिन मां कालरात्रि की पूजा करने का विधान है. मां कालरात्रि की पूजा करने से भूतप्रेत भी भाग जाते हैं. मां कालरात्रि बेहद शक्तिशाली हैं, जो लोग विधि विधान से मां कालरात्रि की पूजा अर्चना करता है, उसे संकटों से मुक्ति मिल जाती है. इसीलिए इन्हें शुभकंरी माता के नाम से भी पुकारते हैं. मां कालरात्रि देखने में बहुत ही भंयकर है लेकिन इनका हृदय बहुत ही कोमल है. इनकी नाक से आग की भयंकर लपटें निकलती हैं. मां कालरात्रि की सवारी गर्धव यानि गधा है. मां कालरात्रि का दायां हाथ हमेशा उपर की ओर उठा रहता है, इसका अर्थ मां सभी को आशीर्वाद दे रही हैं. मां कालरात्रि के निचले दाहिने हाथ की मुद्रा भक्तों के भय को दूर करने वाली है. उनके बाएं हाथ में लोहे का कांटेदार अस्त्र है. निचले बाएं हाथ में कटार है. प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चाम्पा जमींदारी की कुल देवी श्री माँ समलेश्वरी मंदिर में सप्तमी माँ कालरात्रि को श्वेत बलि निम्बू की माला कुँवर श्री भिवेंद्र बहादुर सिंह के हाथों अर्पित की जाएगी सर्वप्रथम राजपुरोहित श्री कृष्णा द्विवेदी एवम अतुल कृष्ण द्विवेदी के द्वारा मंत्रोच्चार के साथ भगवती का षोड्षोपचार पूजन किया जाएगा तत्पश्चात भगवती को विश्व कल्याण की कामना से निम्बू की माला अर्पित की जाएगी.

## पालकों और विद्यार्थियों को मिलेगी बड़ी राहत

# कलेक्टर ने की पहल तो कुछ दिनों में 5 हजार से अधिक विद्यार्थियों के बन गए जाति प्रमाणपत्र

- स्कूलों में किया गया था फार्म का वितरण, डीईओ सहित एसडीएम, तहसीलदारों के मिले थे निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

जिले में स्कूलों में अध्ययन करने वाले उन विद्यार्थियों और पालकों को बड़ी राहत मिल गई है, जो जाति प्रमाण पत्र के लिए पटवारी, तहसील और चॉइस सेंटर का चक्कर काटने की डर से समय पर जाति प्रमाणपत्र नहीं बनवा पा रहे थे। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा द्वारा जिले के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों के हित में लिए गए फैसले का ही परिणाम है कि कुछ ही दिनों के भीतर 5 हजार से अधिक जाति प्रमाणपत्र बन गए। उन्होंने स्कूली विद्यार्थियों के लिए जाति प्रमाणपत्र बनाने की कठिन प्रक्रिया को ही आसान नहीं बनाया,अपितु इन वर्ग के विद्यार्थियों को शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ पहुचाने की दिशा में उत्पन्न होने वाली कठिनाइयों को दूर कर मुश्किल राह को आसान बना दिया।सबसे ज्यादा जांजगीर अनुविभाग में बने प्रमाणपत्र-स्कूली छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक वर्ष 2022-23 में जाति प्रमाणपत्र बनाकर वितरण किया जा रहा है। सबसे ज्यादा जांजगीर अनुविभाग में लगभग 2500, चाम्पा में 1450 और पामगढ़ में 1100 से अधिक विद्यार्थियों का जाति प्रमाणपत्र बना है। जांजगीर अनुविभाग के अंतर्गत जांजगीर, नवागढ़, शिवरीनारायण, बलौदा, अकलतरा, चाम्पा अंतर्गत चाम्पा, बम्हनीडीह, सारागांव और पामगढ़ अनुविभाग के तहसीलों में स्कूली विद्यार्थियों के जाति प्रमाणपत्र बनाये गए हैं। कलेक्टर करते हैं मॉनिटरिंग और देते हैं निर्देश-स्कूली विद्यार्थियों के जाति प्रमाणपत्र बनाने के लिए कलेक्टर सिन्हा द्वारा लगातार एसडीएम, तहसीलदारो को न सिर्फ निर्देशित किया, अपितु उन्होंने प्राप्त आवेदनों के आधार पर ऑनलाइन रिकॉर्ड में दर्ज कर समीक्षाएं भी की। अन्य रूटीन के कार्यों को समय पर पूरा करने के साथ स्कूली विद्यार्थियों के हित में जाति प्रमाणपत्र बनवाने के कार्यों को भी उन्होंने प्राथमिकता में रखा और महज कुछ दिन में 5 हजार विद्यार्थियों के प्रमाणपत्र बन गए। उन्होंने लंबित आवेदनों को भी शीघ्रता से निराकृत कर प्रमाणपत्र जारी करने के निर्देश दिए हैं। प्राचार्य से लेकर एसडीएम तक को दी गई थी जिम्मेदारी कलेक्टर ने जाति प्रमाणपत्र बनाने के लिए आवेदनों का वितरण स्कूलों में करने के साथ संलग्न दस्तावेजों की जांच कर विद्यार्थियों का जाति प्रमाण पत्र बनाकर वितरण का कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे।

# पीजी कॉलेज अंबिकापुर के सहायक प्राध्यापक डॉ. उमेश पांडेय को मिला बेस्ट रिसर्च पेपर का अवार्ड

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय के द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय व्याख्यान माला 21 से 23 अगस्त तक आयोजित व्याख्यानमाला में राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर से कंप्यूटर साइंस विषय से लगभग 45 विभिन्न शोधार्थी, प्राध्यापक व छात्र छात्राओं द्वारा प्रेषित संक्षेपिका में से कई लोगों के द्वारा शोध पत्र पावर पॉइंट के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। इस अंतरराष्ट्रीय व्याख्यानमाला में महाविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन विभागाध्यक्ष चेतन कुमार पैकरा, जनभागीदारी सहायक प्राध्यापक डॉ उमेश कुमार पांडेय, शशांक विश्वकर्मा, पूजा मिश्रा, प्रिया पाण्डेय और अनुभव श्रीवास्तव के द्वारा शोध पत्रों का वाचन किया गया,इनमे से डॉ. उमेश कुमार पांडेय के द्वारा प्रस्तुत शोध पत्र जिसका विषय ÷सेकुरिंग सिस्टम्स बाई यूजिंग आधार एथेंटिकेशन÷ था जिसे व्याख्यानमाला के समापन समारोह में मुख्य अतिथि माननीय प्रो. अशोक सिंह , कुलपति संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय अंबिकापुर सरगुजा के हाथों उत्कृष्ट शोध पत्र सम्मान आदरणीय कुलसचिव विनोद एक्का जी उपस्थिति में प्रदान किया गया । अन्य महाविद्यालय के प्राध्यापकों को शोध पत्र प्रस्तुत करने का प्रमाण पत्र व्याख्यानमाला में प्राप्त हुआ,इस आयोजन का सफलतम संयोजन विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के कंप्यूटर विभागाध्यक्ष हरिशंकर प्रसाद टोंडे के द्वारा किया गया,इस आशय पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एस. एस. अग्रवाल द्वारा यह कहा गया की वर्तमान समय में साइबर अपराध के मामले जिस अनुपात में बड़ रहे है उनसे रोकथाम में भी इस प्रकार के शोध कार्य अपनी सार्थकता रखते हैं, डॉक्टर उमेश पांडेय के द्वार प्रस्तुत माडल पुलिस प्रशासन के लिए अपराध रोकथाम में सहायक हो सकता है, व्याख्यानमाला में सहभागी समस्त प्राध्यापकों का उत्साहवर्धन किया और यह भी कहा की आप शोध कार्य के साथ-साथ शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन करें,सभी के द्वारा यह प्रयास करना चाहिए की छात्र छात्राओं को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ सेमिनार वर्कशॉप में शामिल होने के लिए प्रेरित करते रहें।

# सामाजिक और व्यवहारिक जीवनशैली में अतुलनीय परिवर्तन लाएगा देवगुड़ी का कायाकल्पः कमरो

- मुख्यमंत्री ने निभाया वायदा-भरतपुर-सोनहत विधानसभा के 225 गाँवों में देवगुड़ी व घोटुल के कायाकल्प हेतु किए 6 करोड़ 75 लाख रूपए मंजूर

पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com







सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त विधायक गुलाब कमरो की पहल रंग लाई है। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर प्रदेश के संवेदनशील मुखिया भूपेश बघेल ने विधायक कमरो की पहल पर भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र के 225 ग्रामों में प्रति ग्राम 3 लाख के मान से आस्था के केन्द्र देवगुड़ी व घोटुल पावन स्थलों के रखरखाव एवं पुनर्निर्माण के लिए 6 करोड़ 75 लाख रूपए की राशि मंजूर की है। बता दें कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 28 जून को भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक गाँव में देवगुड़ी निर्माण की घोषणा की थी और अपनी घोषणा के 3 माह के भीतर उक्त कार्य के लिए बड़ी राशि मंजूर कर मुखिया ने प्रदेश की संस्कृति को पुनर्जीवित कर छत्तीसगढ़ की गौरवशाली परम्परा को सहेजने का अद्वितीय कार्य किया है। मुख्यमंत्री की घोषणानुरूप भरतपुर-सोनहत क्षेत्र में अनुसूचित जनजातियों के श्रद्धा एवं पूजा स्थलों 225 ( देवगुड़ी) व सांस्कृतिक केंद्र (घोटूल) के रख-रखाव, मरम्मत, चबूतरा निर्माण तथा पुनर्निर्माण हेतु कुल 6 करोड़ 75 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत राशि से विधानसभा क्षेत्र के भरतपुर विकासखंड में 75, मनेंद्रगढ़ में 80 व सोनहत में 70 पूजा स्थलों का कायाकल्प होगा। विधायक गुलाब कमरो ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों, मजदूरों के हितों के साथ प्राथमिकता से क्षेत्र की मूलभूत बुनियादी आवश्यकताओं पुल-पुलिया, सड़क, स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा, पर्यटन व संस्कृति पर कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के 225 ग्रामों में देवगुड़ी स्थल का कायाकल्प कर उसे पर्यटन केन्द्र के रूप में स्थापित करने एवं यहां की अमूल्य संस्कृति एवं धरोहर को संजोने का कार्य किया जाएगा।

विधायक ने कहा कि भरतपुर-सोनहत विधनसभा क्षेत्र आदिवासी संस्कृतियों को अपने में संजोय हुए है। जहां प्रत्येक गाँवों में परम्परा अनुसार एक आस्था का स्थल बना हुआ है। उस स्थान को देवगुड़ी के नाम से जाना जाता है। देवगड़ी में गाँव वालों की आस्था बसती है। गाँव में कोई भी त्यौहार बिना देवगुड़ी में पूजा आराधना के सम्पन्न नहीं होता है। गाँवों में आस्था के प्रतीक स्वरूप देवगुडी का संरक्षण एवं कायाकल्प करने का बीड़ा प्रदेश के मुखिया ने उठाया और घोषणा के 3 माह के भीतर रख-रखाव पुनर्निर्माण हेतु करोड़ों की राशि मंजूर कर यह साफ कर दिया कि सरकार झूठे वायदे और घोषणाएं नहीं करती, बल्कि जनता से किए वायदोंको अच्छी तरहनिभाना जानती है। विधायक ने कहा कि देवगुड़ी कायाकल्प कार्य निर्माण कार्य ही नहीं अपितु यह ग्रामवासियों के सामाजिक, व्यवहारिक जीवनशैली में अतुलनीय परिवर्तन लाएगा।

# पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में जिले के पुलिस आरक्षकों को मिली प्रधान आरक्षक की पदोन्नति



पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

नवीन जिला शक्ति में आरक्षकों को प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नति दी गई,सक्ती जिला पुलिस अधीक्षक एमआर आहिरे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उप अधीक्षक मुख्यालय शक्ति द्वारा नवीन सभी प्रधान आरक्षकओं को बधाई देते हुए नई जिम्मेदारी के लिए तैयार रहने एवं पद की गरिमा अनुसार कार्य करने हेतु समझाइश दी गई,आरक्षक का योग्यता सूची में नाम आने के उपरांत शारीरिक एवं लिखित परीक्षा लिया गया था जिसमें उत्तीर्ण होने उपरांत पीपी कोर्स के लिए पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय माना रायपुर भेजा गया था प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने उपरांत आरक्षक संजू शर्मा, प्रेम नारायण राठौर, धनंजय क्षत्री, अश्वनी सिदार, उमा शंकर सिदार , अक्षय सारथी, अजय चौहान , हरिशंकर जांगड़े, राजेश पैकरा को आरक्षक से प्रधान पद पर पदोन्नति दी गई।

## मां देवसर भवानी के दर्शन मात्र से ही होता है संकटों का निराकरण, ऐसी है मान्यता

# जिले के डभरा में स्थापित है मां देवसर भवानी का मंदिर

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com





नवीन शक्ति जिले के डभरा विकासखंड के मुख्यालय डभरा शहर में थाना चौक के ठीक सामने शहर के प्रतिष्ठित बंसल परिवार द्वारा स्थापित लगभग 28 वर्ष पूर्व मां देवसर भवानी का मंदिर इन दिनों नवरात्रि पर्व पर लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है, तथा यह मंदिर बंसल परिवार द्वारा हरियाणा राज्य के मां देवसर भवानी जो कि बंसल परिवार की कुलदेवी है, तथा प्रतिवर्ष लोग अपनी कुल देवी के दर्शन करने एवं विभिन्न सामाजिक संस्कारों के परिपालन में सहपरिवारवहां पहुंचते थे,तथा वहां से विधिवत मिट्टी एवं अन्य धार्मिक चीजों को लाकर यहां मां देवसर भवानी का मंदिर बंसल परिवार के बुजुर्ग जनों द्वारा बनवाया गया था,तथा यह मंदिर जहां काफी बड़े परिसर में स्थापित है, तो वहीं इस मंदिर के प्रवेश द्वार पर ही चारों और सुंदर उद्यान तथा आकर्षक साज-सज्जा एवं रोशनी की गई है,जो कि बारहो महीने ऐसा ही रहता है, एवं इस मंदिर में जहां प्रतिदिन माता देवसर भवानी की पूजा-अर्चना होती है तो वहीं वर्तमान में नवरात्रि पर्व को लेकर भी प्रतिष्ठित बंसल परिवार द्वारा इस मंदिर में आकर्षक साज-सज्जा की गई है,एवं लोगों की मान्यता है कि मां देवसर भवानी के दर्शन मात्र से ही लोगों के सारे दुखों का निराकरण होता है,तो वही सुख, शांति और समृद्धि की भी प्राप्ति होती है, तथा इस संबंध में डभरा शहर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं रामकिशन मेडिकोज तथा रमेश मेडिकल स्टोर के संचालक घासीराम अग्रवाल बताते हैं कि उनके बुजुर्ग जनों ने इस मंदिर का निर्माण करवाया था, तथा इस मंदिर के निर्माण के बाद से ही निरंतर उनके पूरे बंसल परिवार के सभी सदस्य महिलाएं, पुरुष,एवम युवा भी प्रतिवर्ष समय-समय पर विभिन्न धार्मिक आयोजन इस मंदिर परिसर में करते हैं, साथ ही इस मंदिर में मां देवसर भवानी के दर्शन करने के लिए प्रदेश के विभिन्न शहरों से लोग आते हैं, तथा नवरात्रि पर्व को लेकर यहां जहां देवी भक्त भी प्रतिदिन काफी संख्या में पहुंच रहे हैं, तो वहीं दोनों समय पूजा अर्चना के साथ ही प्रसाद का वितरण कार्यक्रम भी बंसल परिवार द्वारा किया जा रहा है, ज्ञात हो कि डभरा के प्रतिष्ठित बंसल परिवार से ही वर्तमान में नगर पंचायत के अध्यक्ष पद पर प्रीतम अग्रवाल हैं, जो कि शहर के प्रतिष्ठित व्यक्ति भी हैं।

# उत्कृष्ट विवेचना करने वाले निरीक्षकों को एसपी ने किया सम्मानित

## निरीक्षक गणेश सिंह राजपूत को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com





थाना शिवरीनारायण के प्रकरण में आरोपियों को मृत्युदण्ड एवं थाना नवागढ़ के प्रकरण में आरोपियों को एक-एक वर्ष के सश्रम कारावास एवं 25 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। ग्राम तुस्मा निवासी भागवत साहू से जमीन विक्रय पश्चात् रकम लेन-देन की बात को लेकर आरोपी सोहित केंवट एवं सुनील कुमार केंवट द्वारा भागवत साहू की हत्या कर दिये थे जिस पर दोनों आरोपियों के विरूद्ध थाना शिवरीनारायण में अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण में विवेचना पूर्ण करअभियोग पत्र माननीय न्यायालय पेश किया था। जिसमें माननीय न्यायायल दोनों आरोपियों को मृत्युदण्ड की सजा से दण्डित किया गया था। इस प्रकार प्रकरण में साक्ष्य संकलन एवं सटीक विवेचना करने के फलस्वरूप दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय द्वारा दण्डित किये जाने पर निरीक्षक रविन्द्र अनंत, थाना प्रभारी शिवरीनारायण को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। राछाभाठा तेंदुवा मोड़ के पास टाटा जेस्ट कार क्रमांक एसएम सीजी 04 एम 7551 में शराब रखकर केरा से जांजगीर तरफ जाने की सूचना निरीक्षक गणेश सिंह राजपूत, तत्का. थाना प्रभारी नवागढ़ को मिली। जिस पर तत्काल निरीक्षक अपने स्टाफ के साथ केरा रोड जांजगीर पहुंचकर पुलिस ने उक्त वाहन को रोककर ड्रायवर एवं उसमें बैठै व्यक्ति से पूछताछ किया कर गाड़ी की तलाशी ली गई जिसमें गाड़ी के डिक्की में रखे अंग्रेजी गोवा व्हिस्की की 24 पेटियां मिली।

## सेंट जेवियर्स हाई स्कूल कोटा में डांडिया उत्सव का आयोजन

पायनियर संवाददाता < कोटा



सेंट जेवियर्स हाई स्कूल कोटा में बड़े ही धूमधाम से डांडिया उत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में मुकेश शराफ (सी. ई. ओ. सेंट जेवियर्स चेन ऑफ स्कूल) व स्कूल के प्रधानाचार्य आदित्य प्रसाद कटारे एवम विद्यालय प्रबंधक रहीम शरीफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत मां दुर्गा जी की फोटो पर दीप प्रज्वलित कर तथा माल्यार्पण कर किया गया और माताराणी के जयकारे लगाए गए तत्पश्चात मुख्य अतिथि मुकेश सराफ द्वारा उपस्थित अभिभावकगण, शिक्षकगण एवं विद्यार्थीयों का संबोधन किया गया जिसमें उन्होंने उत्सव को सफल बनाने के लिए सभी का धन्यवाद किया एवं अपना आभार प्रकट किया तत्पश्चात प्रधानाचार्य आदित्य प्रसाद कटारे ने नवरात्री के महत्व को बताते हुए अपने विचार व्यक्त किए। मंच का संचालन स्कूल की शिक्षिका साक्षी दापुरकर द्वारा किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत में बच्चों द्वारा बड़े ही मनमोहक रूप से डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसमें अभिभावकगण ने भी खूब बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों के चेहरे पर खुशी देखते ही बन रही थी सभी अभिभावकों ने स्कूल मैनेजमेंट का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधक रहीम शरीफ द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव संप्रेषित किया गया।

## ग्राम पोड़गाँव पहुँचा सुपोषण रथ





पायनियर संवाददाता < अंतागढ़

एक सितम्बर से तीस सितम्बर तक बच्चों एवं माताओं को जागृत करने तथा कुपोषित बच्चों एवं माताओं को सुपोषित करने के उद्देश्य से पूरे महीने भर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। आंगनबाड़ी केंद्रों में भी प्रतिदिन अलग अलग कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया गया। इसी तारतम्य में सपोषण रथ ग्राम पोड़गाँव पहुँचा, व जिसका स्वागत आंगनबाड़ी कार्यकताओं सह ग्रामीणो द्वारा आत्मीय भाव से किया गया। सुपोषण रथ के ग्राम पहुँचने के दौरान जागरूकता व जानकारियों के सम्बंध में विभिन्न वीडीयो ग्रामीणो को दिखाया गया। इस अवसर पर पर ग्राम पोड़गाँव की सरपंच शकुंतला धनेलिया, वार्ड पंचों सहित शारदा उसेंडी, श्रवण सिंह, महिला समूह की समस्त पर्यवेक्षक, कृष्णा पवार, आँगनबाड़ी कार्यकर्ता चंद्रकिरण, अंकिता, टिकेश्वरी, गायत्री आंगनबाड़ी सहायिकाओं में चम्पा, पूर्णिमा, उर्मिला , विद्यालयीन छात्राओं सहित आस पास की अन्य ग्रामीण महिलाएँ भी भारी मात्रा में उपस्थित थीं।

## थानखम्हरिया कॉलेज में मनाया गया 'गांधी, शास्त्री जयंती'



पायनियर संवाददाता < थानखम्हरिया

स्व. ठाकुर महाराजसिंह शा. महा. थानखम्हरिया में महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री का जयंती मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यलय के स.प्राध्यापकों के द्वारा गांधी जी के प्रतिमा पर पुष्प अर्पण कर किया गया। इस अवसर पर भाषण, निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी, प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र - छात्राओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिए। स.प्रा. अजय कुमार ने गांधी जी के विचारों को अपने जीवन मे अमल करने की बात कही। वहीं स.प्रा.ओमप्रकाश मरकाम ने गांधी जी के प्रेरक प्रसंग से सभी को ज्ञानार्जित किया। कार्यक्रम में मंच संचालन तोरन लाल साहू ने किया साथ ही गांधी जी के जीवन जीवन दर्शन व शास्त्री जी के व्यक्तित्व जो हम सबके लिए एक प्रेरणासोत हैं जिन्होंने जय जवान जय किसान का नारा दिया जो स्वयं देश के प्रधानमन्त्री होते हुए खेतों में हल चलाया और लोगों को उस कार्य के लिए प्रेरित किये। अंत में आभार प्रदर्शन अपेक्षा सिन्हा ने किया। इस अवसर पर अ. स. प्रा.डा. बबिता मिर्झा, सीमा जांगड़े, सरोजनी पटेल, तुलसी राम साहू, आकाश वर्मा, धनंजय साहु, रामेश्वरी कश्यप व महाविद्यालय के छात्र और छात्राएं उपस्थित रहे।

## वृद्धाश्रम मे हुआ कन्याभोज एवं गरबा

पायनियर संवाददाता < रायपुर



जैन डे बेबी केयर सेन्टर के बच्चों द्वारा आश्रम मे जाकर गरबा खेल दादा दादी का प्यार बटोरा मनोहर जीवन कल्याण वृद्धाश्रम कि संचालिका तृप्ति लुनिया एवं वहां मौजुद दादा दादी यो ने बडे प्रेम से उन्हे भोजन कराया भोजन करवाते समय एक दादी ने कहा जब मेरे पति जिन्दा थे तो मौहल्ले भर के बच्चों को मै भी कन्याभोज करती उपहार बांटती थी और हम दोनों कन्यारूपी माताओ को आलता लगाकर बेहद खुशी महसूस करते थे कभी सोचा भी न था कि आश्रम मे भी कन्या भोज करवा पाएंगे एक दादा ने बच्चियों के नन्हे नन्हे पांव को धुलते अपार हर्ष का अनुभव किया साथ ही बेबी केयर कि टीचर कहकशां अली व तारा मैम ने बच्चो और दादा दादीयो के हर प्यारे लम्हे कि प्यारी प्यारी तस्वीरें ली।

# जशपुर जिले में सहारा कंपनी के 3 लाख खाता धारकों के करोड़ों रुपए अधर में अटके, गरीबों का विवाह, ईलाज, शिक्षा प्रभावित

### चिटफंड की तरह लाचार-बेबश खाता धारकों की प्रशासन पर टिकी उम्मीदें

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मेहनत मशक्कत से कमाई गई रकम और अपना पेट काटकर जमा की गई बचत राशि जब डूबने के कगार पर आ जाए तो गरीब निवेशकों की उम्मीदें धरी की धरी रह जाती हैं। ये हालात बने हैं वर्तमान में सहारा इंडिया परिवार में पैसा जमा करने वाले लाखों-करोड़ों खाता धारकों की। बेटी, बेटा के विवाह, शिक्षा और व्यापार के लिए थोड़े-थोड़े कर पैसा जमा करने वाले खाताधारक पैसा वापस नहीं मिलने से परेशान हैं। किसी ने अच्छे रिटर्न मिलने की उम्मीद से लाखों रुपए फिक्स डिपॉजिट में डाल दिए और डिपॉजिट की मैचॉरिटी ध्यान में रखकर किसी ने शादी का वक्त तय किया तो किसी ने ईलाज का तो किसी ने शिक्षा की तैयारी की। लेकिन एक गहरा उम्मीद लिए बैठे खाता धारकों को सहारा इंडिया परिवार के एजेंटों की ओर से तारीख पर तारीख दी जा रही है। समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। परेशान खाताधारकों की निगाहें और उम्मीदें अब चिटफंड कंपनियों से पैसे वापस कराने में काम कर चुके जिला प्रशासन पर टिकी है। अब शासन-प्रशासन के सहयोग से ही उनके रकम की वापसी की उम्मीद है। मदद नहीं मिलने से लाखों लोगों पर बड़ी आफत से गंभीर आर्थिक समस्या होने का खतरा मंडरा रहा है।

### जिले में लगभग 3 लाख खाता

सहारा इंडिया परिवार से जुड़े जशपुर जिला के विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जिले में जशपुर, पत्थलगांव, बगीचा, कुनकुरी और तपकरा में कंपनी के कार्यालय हैं। दुलदुला, कांसाबेल और मनोरा में कार्यालय नहीं होने के बावजूद भी एजेंट काम कर रहे हैं और उनके भी हजारों खाताधारक ग्राहक हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जिले में एजेंटों की संख्या लगभग 2000 के करीब हैं और एक एजेंट के पास औसतन 150 खाताधारक हैं। इस हिसाब से जिले में खाताधारकों का आंकड़ा 3 लाख के करीब है, जिसमें लगभग करोड़ों रुपए जमा है। कुछ खाताधारक रोजाना जमा करते हैं, कईयों ने फिक्स डिपॉजिट कराया है। विभिन्न प्रकार से निवेश किए गए हैं।

### एजेंट-ग्राहक दोनों परेशान

गरीबी से गुजर रहे शिक्षित बेरोजगारों ने सहारा इंडिया परिवार कंपनी से जुड़कर अपना एक छोटा रोजगार शुरू किया और खाताधारकों के पैसे जमा कर अपना परिवार का पालन पोषण शुरू किया। खाताधारकों के दबाव से एजेंट भी परेशान हैं। दोनों के बीच परेशानियां बढ़ती जा रही हैं।

### ये है प्रमुख समस्या

सहारा इंडिया परिवार के सूत्र से मिली जानकारी के मुताबिक वर्ष 2012 में सरकारी संस्था सेबी ने सहारा कंपनी से 25 हजार करोड़ रुपए बतौर सुरक्षानिधि जमा कराए थे। वह पैसा कंपनी को वापस नहीं मिलने की वजह से खाताधारकों को पैसा लौटाने में दिक्कतें हो रही हैं।

> कार्यवाई चल रही है, जल्द ही सभी निवेशकों, खाताधारकों को न्याय मिलेगा।
> **रितेश अग्रवाल,** कलेक्टर जशपुर

## सट्टा कारोबार से जुड़े 11 व्यक्तियों के विरुद्ध की गयी कार्यवाही में 7430 रु नगदी, मोबाईल फोन, सट्टा कारोबार का लेखाजोखा बरामद



पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिले में व्यापक पैमाने पर सट्टा पट्टी एवं ऑन-लाईन सट्टा चलने की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक दुर्ग डॉ. अभिषेक पल्लव द्वारा सूचना को गंभीरता से लेते हुये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) संजय ध्रुव, उप पुलिस अधीक्षक (अपराध) नसर सिद्धीकी को आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए निर्देशित किया। जिसके तारतम्य में 30 सितम्बर को एण्टी क्राईम व सायबर युनिट एवं थानों की संयुक्त टीम को सट्टा-पट्टी एवं ऑन-लाईन सट्टा से जुड़े लोगों को चिन्हांकित करते हुये उनकी पतासाजी कर कार्यवाही किये जाने हेतु लगाया गया। टीम द्वारा सट्टा पट्टी एवं ऑन लाईन सट्टा में संलिप्त आरोपियों की पतासाजी हेतु सूत्र लगाये गये थे, उक्त व्यक्ति यों पर निगाह रखी जा रही थी। इसी क्रम में सूत्रों से ज्ञात हुआ कि कुछ लोग ऑन लाईन सट्टा / सट्टा के कारोबार से जुड़े है जिन्हें थाना दुर्ग क्षेत्र से राजेश बोयर, फिरोज अली, सलीम हासमी, थाना वैशाली नगर क्षेत्र से अनिल साव, कृपाराम वर्मा, ओमप्रकाश लंगे, मनोज वर्मा, परमजीत सिंह, राहुल कुर्रे, गणेश राम देवांगन, थाना पुरानी भिलाई क्षेत्र से नितेश डोगरें को टीम द्वारा पकड़ा गया।

# श्री रावतपुरा सरकार इंटरनैशनल स्कूल कुम्हारी में नवरात्र हर्षोल्लास से मनाया गया

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com



श्री रावतपुरा सरकार इंटरनेशनल स्कूल, कुम्हारी में नवरात्र के उपलक्ष्य में भव्य गरबा का आयोजन किया गया । इस आयोजन का आरंभ शाला में होने वाली प्रातःकालीन सभा से हुआ जिसे मदर टेरेसा हॉउस के बच्चो द्वारा संचालित किया गया । सम्पूर्ण असेंबली नवरात्र के पावन पर्व पर आधारित थी जिसमे विद्यार्थी पारंपरिक वेशभूषा पहन कर शाला परिसर में उपस्थित हुए।
सर्वप्रथम प्रधानाचार्या सुश्री आलोका साहू एवं समस्त शिक्षकगणो द्वारा माता रानी की आराधना की गई। तत्पश्चात रासगरबा आरंभ किया गया। सभी शिक्षकगण एवं विद्यार्थीगण गरबे की ताल में झूमते नज़र आये। आयोजन के अंतिम पड़ाव में कुम्हारी कैंपस निर्देशक चंद्रकांत महोबिया, स्कूल की प्रधानाचार्या आलोका साहु ने संयुक्त रूप से विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नवरात्रि के महत्व को समझाते हुए बताया कि भारतवर्ष सदैव ही त्योहारों का देश रहा है जिसमे से प्रमुख नवरात्रि में माता की आराधना है। नवरात्र हमे शक्ति का अहसास कराता है। पृथ्वीलोक में बढ़ रहे अत्याचारों के विरूद्ध माँ दुर्गा अवतरित हुई थीं एवं स्वयं सहित बच्चों से संकल्प दिलवाया कि भारतवर्ष में त्योहारों के महत्व को समझेंगे एवं अपने राष्ट्रपर्व का सदैव सम्मान करेंगे।

# कोंडागांव युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बनाए गए पीताम्बर नाग, कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह



पायनियर संवाददाता < केशकाल
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव के परिणाम शनिवार की दोपहर 2 बजे जारी हो गए हैं। जिसमें कोंडागांव जिलाध्यक्ष के पद हेतु दो प्रबल दावेदार माने जा रहे कपिलकांत नाग और पीताम्बर नाग के बीच पीताम्बर नाग ने 1437 मतों से बढ़त हासिल कर जिलाध्यक्ष के रूप में चुने गए हैं। जीत की खबर मिलते ही समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों ने नगर पंचायत से पैदल रैली निकाल कर पीसीसी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन के निवास पहुंच कर पुष्पमाला पहना कर उन्हें धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आशीर्वाद लिया। आपको बता दें कि कोंडागांव जिले में युवा कांग्रेस के इस संगठनात्मक चुनाव को लेकर पिछले कुछ महीनों से काफी गहमा गहमी चल रही थी। संगठन द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार सभी कार्यकर्ता अधिक से अधिक मेम्बरशिप करने में जुटे हुए थे। परिणामस्वरूप पीताम्बर नाग को कुल 10,290 वोट प्राप्त हुए हैं, वहीं कपिलकान्त नाग को 8,853 वोट मिले। इस तरह से पीताम्बर नाग ने 1437 मतों से बढ़त हासिल कर कोंडागांव युवा कांग्रेस के नए जिलाध्यक्ष बन गए हैं। इसी तरह प्रदेश महासचिव के रूप में यासीन मेमन 16,886 वोट, श्रीपाल कटारिया 8,674 वोट और प्रेमशीला मंडावी 7,720 वोट हासिल कर के प्रदेश महासचिव बने हैं। मीडिया से बातचीत के दौरान नवनियुक्त जिलाध्यक्ष पीताम्बर नाग ने बताया कि यह जीत केवल मेरी नहीं बल्कि युवा कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता की जीत है। जिनकी मेहनत की बदौलत आज मुझे जिलाध्यक्ष पद का दायित्व मिला है। इस खुशी में आज हम समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों ने हमारे राजनीतिक मार्गदर्शक व गुरु पीसीसी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेशाध्यक्ष अमीन मेमन जी से मुलाकात कर उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया है। हम सभी कार्यकर्ता पूरी लगन और निष्ठा के साथ कांग्रेस पार्टी के लिए काम करेंगे और आगामी विधानसभा चुनाव में दोनों ही विधानसभाओं में कांग्रेस पार्टी की जीत दिलाना सुनिश्चित करेंगे।

# श्री रावतपुरा सरकार इंटरनैशनल स्कूल कुम्हारी में ग्रैंड पेरेंट्स डे मनाया गया

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com



श्री रावतपुरा सरकार इंटरनेशनल स्कूल, कुम्हारी में 1 अक्टूबर को ग्रैंड पेरेंट्स डे मनाया गया। इस आयोजन में कक्षा नर्सरी से पहली तक के विद्यार्थियों के ग्रैंड पेरेंट्स (दादा-दादी, नाना नानी) को आमंत्रित किया गया था। दादा-दादी के लिए कई गतिविधियों का क्रमानुसार आयोजन किया गया, जिसमें कई खेलों का आयोजन किया गया। खेलों का विषय युगल की समझ पर आधारित था जो एक सुंदर और सफल जीवन जीने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। अभिभावकों ने इन गतिविधियों एवं प्रयोगिताओ में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इसके पश्चात उनके उच्चतम प्रदर्शन और भाग लेने की भावना को सराहते हुए उन्हें विभिन्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अभिभावकों ने इस कार्यक्रम की सराहना की एवं उत्साह जताते हुए आगामी दिनों में और ऐसी गतिविधियों का आयोजन करने की इच्छा व्यक्त की। विभिन्न गतिविधियों के पश्चात वरिष्ठ जनों ने अपने जीवन के तजुर्बों को साझा किया और अपने विचार व्यक्त किए, जिनसे हमें बहुत कुछ सीखने को मिला की कैसे जीवन में ताल मेल बनाकर एक सुखी एवं स्वस्थ जीवन यापन कर सकते है।

अंत में कुम्हारी कैंपस निर्देशक चंद्रकांत महोबिया, स्कूल की प्रधानाचार्या आलोका साहू ने संयुक्त रूप से पालकगण को संबोधित करते हुए उनसे आशीर्वाद लिया एवं सभी को नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं।

# शांतिनिकेतन महाविद्यालय में मनाया गया 'गरबा महोत्सव'





पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

शांतिनिकेतन महाविद्यालय रिंग रोड नं.-1, चंगोराभाटा, रायपुर में 1 अक्टूबर दिन शनिवार को धुम-धाम से गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। शारदे नवरात्र के नौ दिन के उत्सव को महाविद्यालय के प्रागंण में एक दिन में बहुत ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया और गरबा के साथ मां अंबे की स्तुति की गयी। इस आयोजन में महाविद्यालय के सभी विद्यार्थि तथा प्राध्यापक शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के संचालक श्री मुकेश गुप्ता एवं श्री रिषभ गुप्ता महाविद्यालय प्रभारी श्री बंशीलाल सुर्गे व कम्प्यूटर विभाग के एच.ओ.डी. श्री अनिरूद्ध तिवारी द्वारा देवी मां की फोटो पर माल्यार्पण एवं दिप प्रज्जवलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में सभी छात्र को पारम्परिक परिधान जैसे घाघरा और गुजराती ड्रेस व ज्वेलरी की थीम दी गयी थी। जिससे सभी गर्ल्स रंग-बिरंगे ड्रेसेस में बहुत ही सुंदर नजर आ रहे थे। बॉयज के लिये कुर्ता और जिन्स टि-शर्ट ड्रेस कोड रखा गया था। सभी ने इस महोत्सव का भरपुर आनन्द उठाया। इस उपलक्ष्य पर महाविद्यालय के संचालक श्री मुकेश गुप्ता द्वारा सभी विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों को नवरात्री तथा दशहरा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गरबा महोत्सव में खुब आनंद लिया गया। गरबा के लिये सभी लोग घेरे के परफॉर्मेन्श में 2 से 3 लेयर बना कर डान्स किये जिसमें गर्ल्स लेयर अंदर की तरफऔर बॉयज की लेयर बाहर की तरफ रखी गयी। गरबा महोत्सव ही धुम तो देखते ही बनती थी एक तरफ सभी विद्यार्थियों में जोश और दूसरी तरफ गुजराती गरबा गीतो से पूरे माहोल को बहुत ही उत्साही बना दिया गया था। ''पंखीडा रे तु उड़ी ना जाना'',आढ़नी आढू तो...,केसरियो रंग लाग्यो..., मांरनो गरबो घूमतो जाए.., गुजराती गीतो के साथ विभिन्न फिल्मी गीतो में छात्र-छात्राओं ने गरबा किया। विद्यार्थियों के साथ-साथ महाविद्यालय के अल्का मिश्रा, रागिनी लहरी, उपमा सोलवानी, दिक्षा ठाकुर, नंदनी शर्मा, मंजु सेन, पूजा हरीहारनो, गायत्री साहू, मानसी, शबनम बानो, लोभना, कल्पना, प्रदिप सर, मुकेश सर सभी उपस्थित प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकायें भी इस महोत्सव में शामिल हुए और एक साथ गरबा किया। महाविद्यालय के गरबा महोत्सव का धूम तो देखते ही बनता था।

# लिवप्योर स्मार्ट ने रायपुर में लॉन्च किया वॉटर एज़ ए सर्विस

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के तेजी से बढ़ते वॉटर प्यूरिफिकेशन ब्रांड लिवप्योर ने ग्राहकों के लिये रायपुर में अपने तरह की अनूठी सर्विस वॉटर एज़ ए सर्विस लॉन्च की लिवप्योर एक ऐसा वॉटर सर्विस प्रदाता है जोकि ग्राहकों को केवल उसी पानी का भुगतान करने को कहता है जिसे वे पीते हैं कई घर मालिकों को पीने के पानी का इंतजाम करने के दौरान कई सारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है चाहे वॉटर जार की बात हो या फिर आरओ वॉटर प्यूरिफायर को नियमित रूप से मेंटेन करने की इस तरह की समस्याओं से निपटने के लिये, लिवप्योर अपने ग्राहकों को किफायती कीमतों पर परेशानीमुक्त और शुद्ध पेयजल की पेशकश कर रहा है। इस लॉन्च के बारे में श्री प्रितेश तलवार, सीईओ ने कहा लिवप्योर, भारत के सबसे भरोसेमंद आरओ वॉटर प्यूरिफ ायर ब्रांड में से एक है हम हर भारतीय को स्वस्थ बनाना चाहते हैं और वॉटर एज़ ए सर्विस जैसी सेवाएं प्रदान कर उनकी जिंदगियों में शुद्धता सुनिश्चित करते हैं यहां, ग्राहक वॉटर जार खरीदने या वॉटर प्यूरिफायर्स लगाने की परेशानी के बगैर ही सुरक्षित पीने का पानी पा सकते हैं। 250,000 से भी ज्यादा खुशहाल ग्राहकों के साथ, हमें देश के विभिन्न टियर 2 और टियर 3 शहरों में इस पेशकश का विस्तार करने की उम्मीद है। हम अपने ग्राहकों को जागरूक करना चाहते हैं और स्वच्छ पीने के पानी का विकल्प चुनने में सक्षम बनाना चाहते हैं। वॉटर एज़ ए सर्विस सुविधा लेने पर ग्राहकों को प्यूरिफायर इन्स्टॉल कराने के लिये अतिरिक्त भुगतान करने की जरूरत नहीं है और पूरी प्रक्रिया परेशानी रहित है इसके अलावा, ऐप के माध्यम से अपने मोबाइल पर आइओटी इनेबल्डक टेक्नोलॉजी, फिल्टर हेल्थ इनफॉर्मेशन और सर्विस सपोर्ट जैसी नई इंजीनियरिंग के साथ सहूलियत का अनुभव कर सकते हैं लिवप्योर ऐप के माध्यम से ग्राहक, मशीन की स्वास्थ्य जानकारी जांच सकते हैं और फौरन सर्विस सपोर्ट प्राप्त् कर सकते हैं, जोकि एक झंझटमुक्त अनुभव लेने में मदद करता है ब्रांड पेश करता हैबोल्ट मिनरलाइज़र 6-स्टेज वाला एडवांस प्यूरिफिकेशन, री-मिनरलाइज़र और इन-टैंक यूवी स्टरलाइजेशन है यह यूजर को पीने का सबसे शुद्ध पानी देने के लिये बनाया गया है।

# अमेजन बिजनेस ने की एमएसएमई ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2022 के लिए आकर्षक डील्स की घोषणा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

उद्यम आसानी और सुविधा से कॉरपोरेट उपहार की थोक खरीदारी कर सकते हैं। Amazon.in का सबसे बड़ा और महीने भर तक चलने वाला जश्न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल , जो 23 सितंबर से शुरू हो चुका है, लेकर आया है पूरे भारत में सभी व्यवसायों के लिए अनूठे उत्पादों पर पहले कभी न देखी गई डील्स और ऑफर्स। अमेजन बिजनेस के ग्राहक स्मार्टफोंस, लैपटॉप, एप्लाएंसेस, टीवी, ऑफिस फर्निशिंग आदि जैसे सभी कैटेगरी में टॉप ब्रांड्स की ओर से अमेजन पर शानदार डील्स पर न केवल जीएसटी लाभ उठाएंगे बल्कि अतिरिक्त बिजनेस डील्स और बल्क डिस्काउंट का भी फायदा उठा सकेंगे। Amazon.in पर बैंक डिस्काउंट के अलावा, अमेजन बिजनेस ग्राहकों को उनकी हर खरीद पर एक स्पेशल 5 प्रतिशत बोनस कैशबैक जो अधिकतम 7500 रुपए तक होगा, भी मिलेगा। इतना ही नहीं, बिजनेस ग्राहकों को ढेर सारे नए लॉन्च होने वाले उत्पादों को खरीदने का मौका मिलेगा और बिजनेस संबंधी चयन पर स्पेशल ऑफर भी हासिल कर सकेंगे। अमेजन बिजनेस उपहार और खुद के उपयोग दोनों के लिए खासतौर से तैयार किया गया स्टोर है जिसमें अमेजन बिजनेस अकाउंट को लॉगइन कर खरीदारी की जा सकती है। 16 करोड़ से ज्यादा जीएसटी सक्षम उत्पादों के साथ, व्यवसाय जीएसटी बिल के साथ 28 प्रतिशत तक की अधिक बचत कर सकते हैं। ये बिल ग्राहकों को जीएसटी इनपुट क्रेडिट का दावा करने में सक्षम बनाते हैं। अमेजन बिजनेस ग्राहकों को थोक में खरीदारी करने की भी सुविधा देता है, इस तरह ग्राहक क्वांटिटी डिस्काउंट में 40 प्रतिशत तक की अधिक बचत कर पाएंगे। इसके अलावा, अमेजन बिजनेस ने इस साल की शुरुआत में अपने ग्राहकों के लिए खरीद प्रक्रिया को और ज्यादा आसान बनाने के लिए एंड्रॉयड और आईओएस ऑप्टीमाइज्ड मोबाइल ऐप को भी लॉन्च किया था। ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान डील्स के साथ, अमेजन बिजनेस ने बिजनेस गिफ्टिंग जरूरत को पूरा करने के लिए ' कॉरपोरेट गिफ्टिंग स्टोर ' की भी शुरुआत की है। इस स्टोर के जरिए, ग्राहक अपने कर्मचारियों, क्लाइंट और अन्य प्रतिभागियों के लिए आसानी से कॉरपोरेट गिफ्ट की थोक में खरीदारी कर सकते हैं।

# कल्याण ज्वेलर्स ने नए शोरूम के साथ बिलासपुर में प्रवेश किया

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

भारत की सबसे भरोसेमंद और सबसे बड़ी आभूषण कंपनियों में से एक, कल्याण ज्वेलर्स ने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में अपना नया शोरूम लॉन्च किया। लिंक रोड पर अग्रसेन चौक स्थित यह नया और आलीशान शोरूम शहर में इस ज्वेलरी ब्रांड के प्रवेश का प्रतीक है। राज्य में ब्रांड का यह दूसरा शोरूम है। नए शोरूम लॉन्च के बारे में बताते हुए, श्रीरमेश कल्याणरमन, कार्यकारे निदेशक, कल्याण ज्वेलर्स ने कहा, हमें बिलासपुर में अपना पहला शोरूम लॉन्च करते हुए बेहद खुशी हो रही है। हमें इस बाजार में जबरदस्त विकास संभावना दिख रही है, चूंकि यह तेज गति से बढ़ रहा है। हमारा उद्देश्य एक सुरक्षित, स्वच्छ और व्यक्तिगत खरीदारी वातावरण प्रदान करके हमारे संरक्षकों और समुदाय की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करते हुए, सर्वोत्तम कोटि का खरीदारी अनुभव प्रदान करना है। अनूठी शैली में शोरूम लॉन्च का जश्न मनाते हुए, आभूषण ब्रांड ने कल्याण ज्वैलर्स के सभी आभूषणों की खरीद पर फ्लैट 25% की छूट की घोषणा की है और साथ ही रत्न के मूल्य पर फ्लैट 25% की छूट दी है, जो केवलन्यूनतम 1 लाख रुपये मूल्य के रत्न की खरीद पर लागू है। आभूषण ब्रांड ने भारत में सभी कल्याण ज्वेलर्स शोरूम में सोने की कीमत को मानकीकृत करते हुए ' विशेष कल्याण स्वर्ण दर' पेश की है, जो बाजार में सबसे कम है।


बईला पसरा चौक


बाजार लाइन चौक


पुराना पुलिस थाना चौक


जमुना चौक


बिजली ऑफिस चौक

## शारदीय नवरात्रि : नगर में चहुंओर विराजी माता रानी

**छुईखदान।** क्वांर शारदीय नवरात्रि के चलते नगर के मुख्य चौराहे एवं चौक में देवी मां की प्रतिमा स्थापित की गई है। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या इन पंडालों पर देखी जा सकती है। नवरात्र लगते ही मौसम खराब होने के चलते श्रद्धालु दर्शन करने पंडालों तक नहीं पहुंच पाए थे पंचमी के दिन श्रद्धालुओं की बड़ी हुजूम देखने को मिली। छुईखदान में बड़े ही मनमोहक देवी मूर्ति बनाया जाता है जो छुईखदान नगर के लिए एक पहचान है उन्हीं प्रतिमाओं को देखने नगर एवं आसपास ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालु नगर में लगातार पहुंच रहे हैं।

# नवधा भक्ति का चरमोत्कर्ष अविरल भक्तिधारा प्रवाह

### नवदुर्गा मातारानी का विशेष श्रृंगार, नवदुर्गा पंडालों में निशान, बाना व पताका स्थापित

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर सहित अंचल में नवरात्रि की नवधा भक्ति चरम पर पहुंच गई है। देवी मंदिरों में प्रतिदिन प्रभात से देर रात्रि तक भक्ति की बयार से नगर सहित समूचा अंचल भक्तिमय हो गया है। नवदुर्गा पंडालों में शाम होते ही सुमधुर जसगान से भक्ति की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है। पंचमी अवसर पर मातारानी का विशेष श्रृंगार किया गया। रात्रि में माता के सम्मान में जसगान से ग्रामीण अंचल भक्ति से ओतप्रोत हो गया है।

नवरात्रि में डोंगरगांव नगर में बाजार चौक, पुराना बस स्टैंड, महामाया चौक, हनुमान मंदिर परिसर, मटियावार्ड सहित अन्य वार्डों में दुर्गा स्थापित की गई हैं। वहीं साकेत धाम, नया बस स्टैंड रोड सहित अन्य स्थलों पर पंचमी दिवस को वीणादेवी सरस्वती स्थापित की गईं। देवी पंडालों में रात्रि में कृत्रिम रौशनी व स्थल सजावट सहित सुमधुर भजन भक्तों को सहसा ही आकर्षित कर रहे हैं। इस दरम्यान महिलाओं की श्रद्धा भक्ति भीड़ बतौर सहसा ही उमड़ रही हैं। अंचल के अजुनी, खुज्जी, तुमड़ीबोड, आसरा, कुमरदा व करमतरा बेल्ट के गांवों में भी आस्था के ज्योत जवारा परिलक्षित हो रहे हैं। माता के भक्तजन माता की सेवा में तल्लीनता से जुटे हुए हैं।



**निशान, पताका व बाना की रस्म पूर्ण :** नवदुर्गा पंडालों में पंचमी पर पारम्परिक तौर पर बैगा के संरक्षण में मातारानी को नीबू की माला, सात्विक उज्वल वस्त्र चढ़ावा के साथ ग्रामीण अंचल की मान्यता मुताबिक देवी मन्दिरों के पारंपरिक निशान, बाना व पताका स्थापित किए गए हैं। मान्यता अनुसार पंडाल में निशान, बाना व पताको के सानिध्य में हवन पूणार्हुति उपरांत ही ज्योत जवारा विसर्जित किए जाने की मान्यता है।

## अंडर 16 क्रिकेट ट्रायल आज स्टेडियम में

**राजनांदगांव।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आज 2 अक्टूबर, रविवार को जिले की टीम (अंडर 16) गठन हेतु दिग्विजय-स्टेडियम राजनांदगांव में चयन प्रक्रिया का आयोजन किया गया है। चयन प्रक्रिया सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगी अंडर 16 वर्ष 2022-23 हेतु कट आफ डेट 01 सितम्बर 2007 रहेगी। सितम्बर 2007 से 31 अगस्त 2009 तक के जन्म खिलाड़ी 'अंडर 16' आयु वर्ग मे हिस्सा ले सकते हैं। उक्त चयन प्रक्रिया में वे ही खिलाड़ी भाग ले सकते है जिनका पूर्व में आन लाइन रजिस्ट्रेशन हो चुका है। जिन खिलाडियो का रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है वे आवश्यक दस्तावेज पिछले 06 वर्षो की अंक सूची, जन्म प्रमाण, आधार कार्ड, सभी की मूल प्रति पासपोर्ट साइज फोटो, 02 अक्टूबर से पहले दिग्विजय स्टेडियम में सुबह 9:30 से 1 बजे, सांय 4 से 5 बजे के बीच उपस्थित होकर जमा करा सकते हैं। खिलाडियों का चयन व रजिस्ट्रेशन जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा नियुक्त चयनकर्ता द्वारा किया जाएगा। जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनादगांव के सचिव योगेश बागड़ी ने बताया कि उक्त चयन प्रक्रिया से खिलाड़ियों का चयन कर प्रशिक्षण शिविर लगाया जावेगा। शिविर में प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन कर जिले की बीच (अडर 16) का गठन किया जाएगा जोकि छत्तीसगढ़ प्रदेश क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेगी।

# मोदी ने छोटी-छोटी नीतियों से देश में बड़ा बदलाव किया : बृजमोहन



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिला भाजपा के निर्देश पर भाजपा विधि एवं शिक्षा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में प्रबुद्ध जन एवं बुद्धिजीवी संगोष्ठी का आयोजन रॉयल किड्स स्कूल में किया गया, जिसमें पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। मोदी ड्रीम मीट पुस्तक पर अपनी राय रखते हुए उन्होंने बताया कि पुस्तक में देश के 22 महान हस्तियों विशेषज्ञों के 21 लेखों का संकलन है।

पुस्तक में देश के प्रसिद्ध विद्वानों ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में 12 वर्ष एवं देश के प्रधानमंत्री के रूप में 8 वर्ष इस तरह से कुल 20 वर्षों तक मोदी जी की सोच और प्रदर्शन के विभिन्न पहलुओं को सामने लाया गया है। राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उनके कार्य के सराहनीय पहलू पर फोकस किया गया है, ताकि आगे की पीढ़ी इन रास्तों से राष्ट्र निर्माण कर सकें।

बृजमोहन अग्रवाल ने जोर देकर कहा कि मोदी के नेतृत्व के कारण ही भारत आज विश्व पटल पर अमेरिका और रूस के बाद तीसरे नंबर पर विराजमान हो चुका है, उन्होंने बताया कि भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक सभ्यता गत विरासत को संरक्षित एवं पुनर्जीवित करने के उनके प्रयासो को पुस्तक में विशेष तौर पर चिन्हित किया गया है।

## पूर्व मुख्यमंत्री एवं मूणत के भ्रष्टाचारों का स्मारक है दिग्विजय स्टेडियम : अभिमन्यु



**राजनांदगांव।** युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता। अभिमन्यु मिश्रा ने पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह व पूर्व मंत्री राजेश मूणत सहित पूर्व सरकार पर पूरे प्रदेश भर में अपने कार्यालय में में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा है कि पूर्व की भाजपा सरकार इस कदर भ्रष्ट हो चुकी थी कि स्वयं डॉ रमन सिंह ने कमिशनखोरी की बात स्वीकार की थी और अब भी स्वयं ने रोड निर्माण में भ्रष्टाचार स्वीकार किया है और साथ ही तत्कालीन लोक निर्माण मंत्री राजेश मूणत भी आरोपों से घिरे रहे, रायपुर का स्काई वाक भी इनके भरष्टाचारों की कहानी बयान कर रहा है। दिग्विजय स्टेडियम की बात करते हुए उन्होंने बताया कि दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव के लिए बेहद महत्वपूर्ण है इसका अंदाज़ा इससे लगाया जा सकता है कि पूर्व में एक तत्कालीन जिलाधीश ने राजनांदगांव के वासियों से चंदा कर उसका पुनर्निर्माण कार्य करवाया था, किंतु दुर्भाग्य रहा कि उसपर भी डॉ रमन व मूणत की नज़र पड़ गयी उसके बाद उसके उन्नयन के नाम वह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया।

# मुठभेड़ में महिला नक्सली ढेर, हथियार बरामद, अब तक शिनाख्ती नहीं

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में सिलसिलेवार मुठभेड़ और आत्मसमर्पण के बीच पुलिस ने एक महिला नक्सली को ढेर कर दिया है। गढ़चिरौली डीआईजी संदीप पाटिल और एसपी अंकित गोयल लगातार नक्सल मोर्चे पर तैनात फोर्स के दम पर नक्सलियों को कमजोर कर रहे हैं। इसी कड़ी में अहेरी पुलिस डिवीजन के दामरंचा जंगल में नक्सलियों की बड़ी संख्या में मौजूदगी की खबर थी।

सी-16 फोर्स के साथ जवान मौके पर पहुंचे और उन्होंने नक्सलियों से सरेंडर करने की अपील की, लेकिन नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद जवाबी कार्रवाई में मुठभेड़ चली। जिसमें एक महिला नक्सली पुलिस के हाथों मारी गई। पुलिस ने महिला नक्सली का शव बरामद कर लिया है, लेकिन उसकी शिनाख्ती नहीं हुई है। पुलिस ने मौके से हथियार और अन्य सामान जब्त किए हैं। घटनास्थल का मुआयना करने पर पुलिस को 8 एमएम रायफल और बड़े पैमाने पर नक्सल सामग्री मिला। नक्सल शव को गढ़चिरौली जिला मुख्यालय लाया गया है। उसकी पहचान की जा रही है। गौरतलब है कि अक्टूबर 2022 से अब तक गढ़चिरौली पुलिस ने 55 नक्सलियों को अलग-अलग क्षेत्रों में मुठभेड़ में मार गिराया। वहीं 46 नक्सली गिरफ्तार हुए हैं और 19 नक्सलियों ने हथियार छोड़कर मुख्यधारा में वापसी की है।



# आदतन बदमाश ने ब्लेड से की वृद्धा की निर्मम हत्या

- चोर कहने से गुस्साये युवक ने दिया हत्या को अंजाम
- कोकपुर वृद्धा की हत्या मामले का पर्दाफाश

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम कोकपुर में वृद्धा की हत्या मामले का पर्दाफाश हो गया है। आरोपी गांव का ही 26 वर्षीय रोशन उयके निकला। आरोपी ने हत्या उपरांत मृतका के मोबाईल व जेवरात भी ले गया था। पुलिस की माने तो आरोपी आदतन अपराधी है, तथा पूर्व में चोरी मामले में सजायाफ्ता है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड में भेज दिया है।

पुलिस के आधिकारिक डायरी मुताबिक पुलिस को 30 सितंबर को कोकपुर में मर्डर की सूचना मिलने पर तत्काल एसडीओपी नेहा वर्मा एंवं फॉरेंसिक अधिकारी डॉ मोहन पटेल के साथ थाना प्रभारी भरत बरेठ व सायबर सेल से आये अफसरों के साथ घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने मृतिका कुंवर बाई, 70 वर्ष के शरीर पर आये चोट एवं घटना स्थल से प्राप्त साक्ष्य सबुत को संकलित कर डेड बॉडी को पोस्ट मार्डम के लिये रवाना कर पतासाजी प्रारंभ की। परिजनो के कथन के आधार पर गांव के ही युवक रोशन उयके से पूछताछ की। युवक के दाहिने हाथ में आये चोट के निशान और चेहरे पर नाखुने से नोचने का निशान के संबंध में संतुष्टीपूर्ण जवाब न मिलने पर कड़ाई से पुछताछ करने पर संदेही रोशन उईके ने अपराध कबुल कर लिया। आरोपी रोशन मृतिका कुंवर बाई द्वारा तीन माह पूर्व उसके घर में हुये चोरी को लेकर शंका कर गाली गलौच से नाराज था।

आरोपी के निशानदेही पर पुलिस ने जेवरात व मोबाइल बरामद कर लिया। कबूलनामे पर आरोपी रोशन उईके, 26 साल, निवासी कोकपुर के खिलाफ प्रर्याप्त साक्ष्य सबुत मिलने पर एक अक्टूबर को विधिवत गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेज दिया। मामले को सुलझाने में उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा वर्मा, फॉरेसिंक अधिकारी डॉ मोहन पटेल, निरीक्षक भरत बरेठ सहित डोंगरगांव पुलिस स्टॉफ की सराहनीय भूमिका अदा की।

### ऐसे दिया वारदात को अंजाम

आरोपी ने 27 सितंबर रात्रि लगभग 9 बजे मृतिका के घर गया। बुजुर्ग महिला कुंवर बाई के मुंह को दबाकर पलंग में गिराकर रेजर ब्लेड से महिला के पेट एंव गर्दन में ताबड़तोड़ हमला कर दिया। दूसरे कमरे में ले। जाकर ड्रम के उपर बैठाकर उसके मुह को दबाये रखा जिससे महिला की मृत्यु हो गयी। उपरांत महिला के गले के जेवरात एवं मोबाईल को लेकर अपने घर के बाड़ी मे पॉलीथीन में भरकर छुपा दिया था।

### सोनाली यदु ने सबसे ज्यादा वजन उठाकर खिताब अपने नाम की

# तीन दिवसीय भारोत्तोलन स्पर्धा में संस्कारधानी के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

तीन दिवसीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 20वीं जूनियर महिला एवं पुरूष भारोत्तोलन (वेट लिफ्टिंग) चैम्पियनशिप प्रतियोगिता गरियाबंद जिला मंगल भवन में 23, 24 व 25 सितंबर को आयोजित की गई।

स्पर्धा के संबंध में अमित आजमानी ने बताया कि जय भवानी व्यायाम शाला के खिलाड़ी एवं नगर के महिला-पुरूष जूनियर वेट लिफ्टिंग खिलाड़ियों ने महिला वेट लिफ्टिंग टीम 3 गोल्ड, 3 सिल्वर व 1 ब्राउंस मेडल देकर लगातार 10वीं बार जूनियर वर्ग में छग भारोत्तोलन में चैम्पियनशिप ट्राफी पर अपना कब्जा कायम किया, वहीं जूनियर वर्ग के महिला वेट लिफ्टर खिलाड़ी सोनाली यदु ने ऑल ग्रुप में सबसे ज्यादा वजन उठाकर महिला जूनियर बेस्ट लिफ्टर ऑफ छग खिताब अपने नाम की।



उन्होंने बताया कि इस तीन दिवसीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में विभिन्न जिला से 140 जूनियर महिला एवं पुरूष वेटलिफ्टर एवं 30 कोच मैनेजर एवं आफिसियर ने भाग लिया। इस 3 दिवसीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता महिला वर्ग में सोनाली यदु, रिमझिम मैगी, एकता बंजारे प्रथम, दामिनी सिन्हा, भूमि सिंग, मानसी यादव द्वितीय, मुस्कान साहू तृतीय, दिव्या सिन्हा, साक्षी राजपूत चतुर्थ स्थान पर रहे।

पुरूष वर्ग में वैभव देवांगन प्रथम, रितेश यादव द्वितीय, मौलेश यादव, सौरभ सिन्हा, डोमेश देवांगन चतुर्थ स्थान पर रहे ये सभी खिलाड़ी एनआईएस कोच अजय लोहार के मार्गदर्शन में अभ्यासरत है। इस जूनियर टीम के कोच अजय लोहार व टीम के मैनेजर अशोक श्रीवास थे।

# क्षेत्र के कार्यक्रमों में शामिल हुई छन्नी साहू, लोकार्पण भी किया

पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com

बीते शुक्रवार खुज्जी विधानसभा की विधायक छन्नी चंदू साहू क्षेत्र के विभिन कार्यक्रमों में शामिल हुई। गौरतलब है कि नवरात्रि के पावन पर्व पर क्षेत्र के विभीन ग्रामों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं जिनमे विधायक ने शिरकत की। इस दौरान छन्नी ने ग्रामों में जनचौपाल लगाकर जनता की समस्याएं भी सुनीं। ग्राम मोहगांव में जनचौपाल लगाकर विधायक उनकी समस्याओं से रूबरू हुई और त्वरित निराकरण का प्रयास किया उसके बाद ग्राम आमगांव में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित हुई।



विधायक ने नवरात्र के पावन अवसर पर देवी दुर्गा के विभिन प्रतिमाओं के दर्शन भी किये और फिर ग्राम कल्लूबंजारी, ग्राम रामतराई व हराटीला में नवीन सामुदायिक भवन का लोकार्पण कर के क्षेत्रवासियों को सौगात दी।

ग्राम हाटबंजारी तथा ग्राम साल्हेटोला के दुर्गा पंडाल में आयोजित जसझाँकी प्रतियोगिता में सम्मिलित होते हुए समस्त क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य लाभ व कुशलता हेतु माता रानी से कामना करते हुए छन्नी चंदू साहू ने कहा कि नवरात्र के पावन पर्व पर इस तरह के आयोजन से समस्त क्षेत्र में भकित भाव की जो अविरल धारा प्रवाहित होती है उससे समस्त नकारात्मक प्रभाव नष्ट हो जाते हैं। विभिन्न स्थानों के कार्यक्रम में इस दौरान प्रमुख रूप बड़ी संख्या में समस्त ग्रामो के ग्रामवासीगण मौजूद रहे।

सनसनी फैला देने वाली कुम्हारी हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा

# आपसी रंजिश का बदला लेने छोटे भाई ने मृतक बड़े भाई के दुश्मनों के साथ मिलकर हत्या को अंजाम दिया

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

कुम्हारी में चार लोगों की हत्या के मामले में पुलिस सघन विवेचना कर 30 घंटे में मामले को सुलजाने में सफलता हासिल की। मृतक भोला यादव के छोटे भाई भोला यादव के कटुता रखने वाले किस्मत लाल ने आकाश मांझी और टीकम दास धृतलहरे के साथ मिलकर भाई की हत्या की योजना बनाई और अंजाम दिया। आकाश मांझी द्वारा पीने खाने की अवस्था में किस्मत एवं टीकम को मोहनी दवाई तथा उसका उपयोग कर मृतक भोलानाथ यादव घटना के संबंध में सब कुछ बताया गया। किस्मत द्वारा उक्त दवा का उपयोग करने की लालसा प्रगट की, तीनों आरोपियों द्वारा पैसा मिलाकर 15 हजार रूपये में उड़ीसा ग्राम घुरकोटी के बाबा से उड़ीसा जाकर मोहनी दवाई लाकर आकाश तथा मृतक भोलानाथ से पूर्व से परिचित महिला से संपर्क स्थापित किया गया। इसी तारतम्य में 29सित. को दोपहर से ही आरोपी किस्मत यादव, आकाश मांझी तथा



टीकम दास धृतलहरे द्वारा पैसे मिलाकर शराब सेवन किया गया देर शाम शराब सेवन के दौरान आरोपीगण द्वारा मृतक भोलानाथ से पूर्व के वैमनस्य, रंजिश तथा बिना घर परिवार की जिम्मेदारी लिये मृतक का प्रतिदिन शराब सेवन व ट्रेक्टर जमीन जायदाद तथा पैसे की आवश्यकता की वजह से आरोपीगण द्वारा मोहनी दवा प्राप्त करने हेतु किस्मत यादव द्वारा अपने साथीगण के साथ भोलानाथ से पैसे की मांग करने पर, भोलानाथ द्वारा आरोपीगणों को गाली देकर भगा देने बदला लेने की योजना तैयार की । इसी तारतम्य में 29सित. की रात्रि आरोपीगण मृतक के रेघा बाड़ी निवास स्थल पहुंचकर मृतक बड़े भाई भोलानाथ को आवाज देकर तलब किया गया। मृतक मुख्य द्वार के पास आने पर उससे पैसे की मांग की गयी जिस पर भोलानाथ द्वारा आक्रोशित होने तथा अपने छोटे भाई एवं अपने पूर्व के मित्र आकाश मांझी जिससे बातचीत नहीं है को अपशब्द कहे जाने पर आरोपीगण किस्मत यादव, आकाश मांझी एवं टीकम दास धृतलहरे द्वारा भोलानाथ को पकड़कर मारपीट हुई मृतक द्वारा तुम्हे नही छोड़ूंगा देख लूंगा अपशब्द कहे जाने पर मृतक के छोटे भाई किस्मत यादव द्वारा खेत के निकट ही पड़े कुल्हाडी को उठाकर मृतक भोलानाथ के माथे पर वार किया गया इसी दौरान आकाश मांझी द्वारा खेत में ही स्थित सब्बल तथा आरोपी टीकम द्वारा फसल काटने के पटटे से मृतक भोलानाथ यादव के सिर पर लगातार वार किया गया। भोलानाथ यादव मुख्य द्वार से कुछ कदम दूरी चित हालत में ढेर हो गया। घटना के दौरान मृतक के चिखने चिल्लाने पर मृतक की पत्नी नैला यादव द्वारा गेट के रास्ते पर आने पर आरोपीगण द्वारा मृतक की पत्नी का भी पीछा किया गया ।मृतका नैला यादव द्वारा घर में प्रवेश कर सुरक्षा हेतु प्रयास किया गया। आरोपीगण द्वारा मृतका को घर के प्रवेश द्वार पर ही हमला कर सिर पर वार किया गया, जिससे मृतक की पत्नी नैला यादव घर के प्रवेश द्वार में ही मौत हो गई, उसी कमरे में मृतक एवं मृतका के बच्चे सोये थे जो घटना की आवाज सुनकर तथा देखकर अंतिम कमरे रसोई की ओर भागे, आरोपीगण स्वयं के पहचान के डर से अपने भाई भोलानाथ यादव के बच्चों को सिर में आघात पहुंचाकर निर्मम हत्या कर दी । हत्या के उपरांत मृतक के छोटे भाई किस्मत यादव को जानकारी थी कि मृतक भोलानाथ यादव के पास हमेशा पैसा होता है आरोपीगण द्वारा मृतक के घर के मंदिर कमरा में स्थित आलमारी को खोलकर आलमारी में रखे सामान को बाहर निकाल कर आलमारी से नगद रकम 7,92,400 /- एवं कुछ सोने चांदी के जेवर मिले जिसे आरोपीगण अपने कब्जे में लेकर फरार हो गये। आरोपी आकाश मांझी व टीकम दास घटना के बाद से उड़ीसा भाग गये थे जिन्हें पुलिस टीम द्वारा भवानीपट्टना उड़ीसा में घेराबंदी कर पकड़ा गया।

# एसएसजी–ओवरऑल टॉप डिस्ट्रिक्ट ईस्ट जोन में दुर्ग को मिला द्वितीय स्थान

■ 2 अक्टूबर, महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में होगा सम्मान

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिला दुर्ग को स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2021 अंतर्गत एसएसजी-ओवरऑल टॉप डिस्ट्रिक्ट जोन वाइज ईस्ट जोन में द्वितीय रैंक प्राप्त हुआ है। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जिला दुर्ग में किये गये उत्कृष्ठ कार्यों जैसे खुले में शौचमुक्त करने हेतु व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालय निर्माण, ठोस अपशिष्ट के उचित प्रबंधन हेतु सेग्रीगेशन वर्कशेड निर्माण एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु सोख्ता गड्ढा का निर्माण सभी ग्राम पंचायतों में कराया गया एवं कुछ ग्राम पंचायतों में त्रि-स्तरीय जल शुद्धिकरण इकाई का भी निर्माण किया गया है। विशेष रूप से जिला दुर्ग में 02 एफएस.टी.पी. प्लांट निर्माण किया गया है, जिससे सेप्टिक टैंक से निकलने वाले हानिकारक अपशिष्ट




जल का सुरक्षित निपटान किया जा रहा है।

कुछ ग्राम पंचायतों में गोबर गैस संयंत्र की स्थापना की गई है। प्रचार-प्रसार हेतु सभी ग्राम पंचायतों में 05 प्रकार की आई.ई.सी. पेंटिंग, ओ.डी.एफ शीलालेख एवं स्वच्छ सर्वेक्षण पेंटिंग कराई गई। माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर एवं ओ.डी.एफ स्थायित्व हेतु स्वच्छाग्राही स्व-सहायता समुह द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता संबंधी संदेश एवं नारा लेखन किया गया है। सामुदायिक शौचालयों पर भी स्वच्छता संबंधित संदेशात्मक पेंटिंग बनाई गयी है। उक्त समस्त कार्यों का केन्द्र स्तर के विभिन्न एजेंसियों एवं अधिकारियों द्वारा विभिन्न चरणों में सर्वेक्षण किया गया। निर्धारित मापदण्डों के अनुसार गाम पंचायतों में समस्त कार्य पूर्ण पाये गये। जिसके आधार पर जिला दुर्ग को एसएसजी ओवरऑल टॉप डिस्ट्रिक्ट जोन वाइज ईस्ट जोन में द्वितीय रैंक प्राप्त हुआ है। 02 अक्टूबर, 2022 को महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर विज्ञान भनव, नई दिल्ली में आयोजित स्वच्छ भारत दिवस कार्यक्रम में जिला दुर्ग को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित होने हेतु जिला दुर्ग से पुष्पेन्द्र कुमार मीणा, कलेक्टर दुर्ग, शालिनी रिवेन्द्र यादव, अध्यक्ष, जिला पंचायत दुर्ग, अशोक कुमार साहू, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत दुर्ग, अश्वनी देवांगन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दुर्ग दिल्ली रवाना हो रहे है। 01 अक्टूबर को कार्यक्रम की रिहर्सल एवं 02 अक्टूबर मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

# मुख्यमंत्री घोषणा का कार्य शुरू, रिसाली के पांच वार्डो में भूमिपूजन, बनेगी नाली व सड़क

पायनियर संवाददाता < रिसाली
www.dailypioneer.com

पॉश कालोनी से लेकर श्रमिक बाहूल्य क्षेत्र में गंदा पानी निकासी और गली सीमेंटीकरण करने रिसाली निगम क्षेत्र के पांच वार्डो में भूमिपूजन किया गया। निगम महापौर शशि सिन्हा, पीसीसी महामंत्री जितेन्द्र साहू व सभापति केशव बंछोर ने कार्य आरंभ करने नारियल तोड़ा। अलग-अलग वार्डो में कुल 33.50 लाख से विकास कार्य होगा। उल्लेखनीय है कि जरूरत के हिसाब से नागरिकों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 1 करोड़ 20 लाख स्वीकृत किया है। इस राशि को प्रत्येक वार्ड में 8-8 लाख रूपए देकर पार्षद की अनुशंसा से कार्य स्वीकृत किया गया है। प्रदेश महामंत्री व महापौर शनिवार को सबसे पहले वार्ड 22 मैत्रीकुंज पहुंची और



सड़क नाली बनाने भूमिपूजन किया। बाद में वार्ड 31 शहीद किरण देशमुख, वार्ड 21 सूर्यानगर स्टेशन मरोदा, वार्ड 19 विजय चैक स्टेशन मरोदा व वार्ड 34 नेवई बस्ती पूर्व पहुंचकर विकास कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महापौर परिषद के सद्स्य चन्द्रभान सिंह ठाकुर, गोविन्द चतुर्वेदी, अनूप डे, सोनिया देवांगन, ईश्वरी साहू, पार्षद रमा साहू, शैलेन्द्र साहू, ममता सिन्हा, डोमन लाल बारले, विनय नेताम, जहीर अब्बास, रेखा देवी, चन्द्रप्रकाश निगम, अनिल देशमुख, एल्डरमेन संगीता सिंह, मोहम्मद निजाम, संतूदास मानिकपुरी, अजीत यादव, शिशिर साहू, संध्या वर्मा व ब्लाक कांग्रेस के महामंत्री चन्द्रकांत कोरे आदि उपस्थित थे।

# प्रयास आवासीय विद्यालय शिफ्ट हो जाएगा नए भवन में, कलेक्टर मीणा ने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

प्रयास आवासीय विद्यालय के विद्यार्थी सोमवार से नए भवन में शिफ्ट हो जाएंगे और नए भवन में पढ़ाई भी आरंभ हो जाएगी। आज कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने प्रयास परिसर का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश सहायक आयुक्त प्रियंवदा रामटेके को दिए। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ अश्विनी देवांगन भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि स्व. राजीव गांधी बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत जिले में प्रयास आवासीय विद्यालय का संचालन हो रहा था। इस विद्यालय में कक्षा 9वी, 10वीं, 11वीं एवं 12वीं में शालेय शिक्षा के साथ-साथ अखिल भारतीय स्तर के इंजीनियरिंग, मेडिकल, आईआईटी, जेईई, नीट, एनडीए, पीईटी, आईसीएआर, पीएटी की कोचिंग सुविधा देते हुए राज्य स्तर एवं



राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगी परीक्षा में चयन हेतु तैयारी करवाया जा रहा हैं। इस विद्यालय में राष्ट्रीय स्तर पर निविदा आमंत्रित कर आउटसोर्सिग के माध्यम से निर्धारित चयन प्रक्रिया पूर्ण करते हुए शिक्षकों की व्यवस्था की जाती है। (वर्तमान में मैट्रिक्स जे.ई.ई. एकेडमी द्वारा कक्षा 9वीं, 10वीं एवं गुरुकृपा कैरियर इंस्टीटयूट प्रा.लि. द्वारा 11वीं, 12वीं का अध्यापन एंव कोचिंग कराया जा रहा है। इस विशिष्ठ संस्था प्रयास आवासीय विद्यालय में कुल 500 सीट स्वीकृत है, वर्ष 2022-23 में 463 विद्यार्थी अध्ययनरत है। प्रत्येक कक्षा में 75 बालक 50 बालिका अध्ययन की व्यवस्था है। कक्षा में प्रवेश हेतु अनुसूचित क्षेत्र के जिला कोरिया, सूरजपुर, सरगुजा, जशपुर, बलरामपुर कांकेर, जगदलपुर, नारायणपुर, बीजापुर दंतेवाड़ा. सुकमा, कोण्डागांव, राजनांदगांव, महासमुंद, गरियाबंद, बालोद, धमतरी, कबीरधाम, कोरबा, गौरेला पेण्ड्रा मरवाही, बिलासपुर, मुंगेली, रायगढ़ के विद्यार्थी जो 60 प्रतिशत अंक अथवा समकक्ष ग्रेड से उत्तीर्ण हुए है, का चयन परीक्षा के माध्यम से राज्य स्तर में तैयार मेरिट लिस्ट के आधार पर आरक्षण अनुसार जिसमें अनुसूचित जनजाति के लिए 53 प्रतिशत, विशेष रुप से कमजोर जनजाति समूह के लिए 4 प्रतिशत, अनुसूचित जाति के लिए 13 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए 20 प्रतिशत, सामान्य वर्ग के लिए 10 प्रतिशत के मान प्रवेश दिया जाएगा।

# बीएमओ चौहान के कुशल नेतृत्व में कसडोल में विश्व हृदय दिवस मनाया गया



पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एम पी महीश्वर के मार्गदर्शन एवम खंड चिकित्साधिकारी डॉ ए एस चौहान कसडोल के निर्देश में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कसडोल और विकास खंड में विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम किया गया जिसमें सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हेल्थ वेलनेस सेंटर और महाविद्यालय में कार्यक्रम किया गया जिसमें हृदय रोगों से संबंधित बचाव रोक थाम की जानकारी दिया गया अनियमित खान पान और अनिद्रा उच्च रक्तचाप डायबिटीज मोटापा से हमारे शरीर में हृदय रोग की संभावना बढ़ जाती है बच्चो में हृदय रोग कभी कभी जन्मजात होता है हृदय रोग का इलाज शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत आसानी से हो जाता है चिरायु द्वारा चिन्हांकित बच्चो का निशुल्क आपरेशन कराया जाता है अचानक छाती दर्द होने पर तुरंत लेटकर छाती को हल्का दबाना चाहिए और चिकित्सक के सलाह पर दवाई लेना चाहिए।

# भिलाई शहर के सार्वजनिक स्थानों से निगम हटा रहा है अवैध पोस्टर एवं प्रचार सामग्री



पायनियर संवाददाता < भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

शहर को स्वच्छ एवं सुंदर रखने की दिशा में भिलाई निगम सतत कार्य कर रहा है और इसी कड़ी में अवैध पोस्टर एवं पॉम्प्लेट, होर्डिंग जैसे प्रचार सामग्री हटाए जा रहे हैं, इस पर भिलाई निगम प्रतिदिन कार्रवाई कर रहा है। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अवैध पोस्टर एवं प्रचार सामग्रियों को आज भी दिन भर हटाने का काम किया गया। मुख्यतः सुपेला चौक से लेकर गदा चौक तक के अवैध प्रचार सामग्री हटाए गए। चेतावनी देने के बाद भी अवैध पोस्टर एवं होर्डिंग तथा प्रचार सामग्री लगाने वालों पर आज जुर्माना भी लगाया गया, कार्रवाई के दौरान 7 दुकानों से 5600 रुपए जुर्माना वसूल किया गया। निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर एवं अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने अवैध प्रचार सामग्री एवं बेतरतीब पोस्टर को शासकीय संपत्ति के स्थानों से हटाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। निगम आयुक्त के आदेश के परिपालन में निगम का अमला सड़क किनारे से तथा विद्युत पोल में लगे अवैध प्रचार सामग्रियों को हटाने की कार्रवाई कर रही है। इसी के साथ ही डिवाइडर के ऊपर लगे हुए अवैध प्रचार सामग्रियों को भी हटाया गया, मुख्य सड़कों के किनारे से कई सारे प्रचार सामग्री हटाए गए। कई पोस्टर एवं प्रचार, सामग्री काफी दिनों से पोल पर लगे हुए थे।

# जैविक बाड़ियों का उत्पादन आयेगा जैविक सी-मार्ट में, जैविक सी-मार्ट की इंवेटरी का पूरा प्लान बना

■ कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने ली बैठक, अधिकारियों को किया निर्देशित, मिशन मोड में करें बाड़ियों का काम ताकि जैविक सीमार्ट के लिए पर्याप्त सामग्री उपलब्ध रहे



पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिले का पहला जैविक सीमार्ट दुर्ग में शीघ्र आरंभ होने वाला है। इसकी तैयारियों के संबंध में कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने आज बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने कृषि और उद्यानिकी अधिकारियों के साथ बैठकर जैविक सी-मार्ट के प्लान पर विस्तृत समीक्षा की। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ देवांगन भी उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि हमारे पास अभी 114 जैविक बाड़ियां हैं जिनमें जैविक फल सब्जी का उत्पादन हो रहा है। इनमें जैविक खाद का प्रयोग करने के निर्देश दिये गये हैं तथा समय समय पर अधिकारी इसकी मानिटरिंग करेंगे। जिले में 1200 सर्टिफाइट किसान हैं जो जैविक खेती कर रहे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा जैविक खेती को बढ़ावा देने के बाद अनेक किसान इस ओर आये हैं और इनके सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया तेजी से चल रही हैं। जैविक सी-मार्ट के आरंभ हो जाने के पश्चात इन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य मिल सकेगा। महानगरों में लोग चाहते हैं आर्गेनिक-कलेक्टर ने कहा कि महानगरों में जैविक खाद्य पदार्थों की बड़ी डिमांड है लेकिन इसके मुताबिक मार्केट नहीं है। हम जैविक सीमार्ट में इसकी उपलब्धता सुनिश्चित कराएंगे। जो सर्टिफाइड उत्पाद हैं उन्हें अलग डिस्प्ले किया जाएगा। जो जैविक उत्पाद हैं लेकिन जिन्होंने सर्टिफिकेशन के लिए आवेदन दिया है अथवा इसकी प्रक्रिया के लिए पात्र हैं उनके उत्पाद भी अलग से डिस्प्ले किया जाएगा। इसके लिए इंवेटरी का हो पूरा प्लान- आज की बैठक में मुख्य रूप से चर्चा इंवेटरी की हुई। जैविक सीमार्ट में साल भर उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित हो।

# निगम के पांच अन्य कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त, निगम सभागार में दी गई भावभीनी विदाई, रिटायर्ड कर्मचारियों का किया सम्मान

पायनियर संवाददाता < भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई से आज 6 अधिकारी कर्मचारी सेवानिवृत्त हो गए। इसमें मुख्य अभियंता संजीव ब्योहार भी शामिल है। कुछ महीने पूर्व ही तबादला होकर यह भिलाई निगम में पदस्थ हुए थे और रिटायरमेंट के आखरी समय पर भिलाई निगम में उन्होंने अपनी सेवाएं दी। इसके अलावा पांच निगम के अन्य कर्मचारी जिसमें पंप सहायक एवं वार्ड प्यून तथा हेल्पर क्लीनर जैसे वर्ग के कर्मचारी भी सेवा निवृत्त हो गए। आज इन सभी अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए निगम से इनको विदाई दी गई। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में खबलू राम साहू पंप सहायक जोकि जोन क्रमांक 3 मदर टैरेसा नगर में, दिलीप शर्मा पंप सहायक शिवाजी नगर जोन क्रमांक 4 में, प्रदीप शर्मा पम्प सहायक सेक्टर 6 जोन क्रमांक 5 में, भरत लाल निषाद वार्ड प्यून



शिवाजी नगर जोन क्रमांक 4 में तथा तुलाराम साहू हेल्पर क्लीनर भवन संधारण विभाग में पदस्थ थे। यह सभी कर्मचारी आज भिलाई निगम से रिटायर हो गए हैं। सेवानिवृत्त के अवसर पर अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने कहा कि इन सभी का कार्यकाल निगम के हित को देखते हुए अच्छा रहा है और बेहतरीन सेवाएं उन्होंने अपने कार्यकाल में प्रदान की है। ऐसे अधिकारी कर्मचारियों का अनुभव रिटायर्ड होने के बाद भी सभी को मिलता रहेगा। अपर आयुक्त ने कहा कि एक न एक दिन प्रत्येक कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होना है। रिटायर्ड होने के बाद परिवार के साथ अच्छा समय व्यतीत करने का मौका भी मिलता है। सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी कर्मचारियों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया, इसके साथ ही उन्हें स्मृति चिन्ह यादगार के तौर पर दिया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अधीक्षण अभियंता बीएल जोशी व बीके देवांगन, उपायुक्त रमाकांत साहू एवं नरेंद्र कुमार बंजारे, लेखा अधिकारी जितेंद्र ठाकुर, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, सचिव जीवन वर्मा, भवन अनुज्ञा अधिकारी हिमांशु देशमुख, समस्त कार्यपालन अभियंता, सहायक व उप अभियंता एवं कर्मचारी संघ से संजय शर्मा, विष्णु चंद्राकर, कृष्णा देशमुख आदि मौजूद रहे।

रेड क्रॉस सोसाइटी, जनभागीदारी समिति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई

# रक्तदान शिविर एवं शहीद सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा में रेड क्रॉस सोसाइटी, राष्ट्रीय सेवा योजना, जनभागीदारी समिति के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को स्वैच्छिक रक्तदान दिवस, शहीद सम्मान समारोह एवं विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव एवं गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष जनभागीदारी समिति जगदीश जी चांडक, अध्यक्ष नगर पंचायत अर्जुंदा चंद्रहास देवांगन, उपाध्यक्ष नगर पंचायत अर्जुंदा सुषमा चंद्राकर, ठाकुर राम देवांगन अध्यक्ष एलुमिनियम एसोसिएशन, थाना प्रभारी शिशिर पांडे, शहीद परिवार से मुन्नालाल निषाद, रतनलाल सिन्हा, रामप्यारी मंडावी, भूपेंद्र ठाकुर, प्राचार्य समस्त



प्राध्यापक गण एवं अधिकारी कर्मचारी, डॉ. नारायण साहु, एल्डरमैन रामाधार गजेंद्र, दिलीप देशलहरे, पार्षद रोशन सिन्हा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि कुंवर सिंह निषाद ने छात्र-छात्राओं को सदैव संघर्ष के लिए तैयार रहने व अपने लक्ष्य को हर स्थिति में हासिल करने की प्रेरणा दी। शहीदों के बलिदान को याद करते हुए उन्होंने सदैव अपने अंदर सेवा व राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत रखने के लिए विद्यार्थियों को आह्वान किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जगदीश चांडक ने कहा कि महाविद्यालय के नाम के साथ शहीद दुर्वाषा लाल निषाद का नाम जुड़ गया है।

अतः अब इस संस्था से जुड़ी हर एक गतिविधि को रचनात्मक व सकरात्मक बनाये जाने की महती जिम्मेदारी हम सब के कंधों पर है। चंद्रहास देवांगन, सुषमा चंद्राकर व मुन्ना लाल निषाद ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। शहीद सम्मान के अंतर्गत शहीद दुर्वासा निषाद लांस नायक, शहीद गजरू प्रसाद मंडावी, उकेश कुमार ठाकुर, रतिराम सिन्हा के परिजन का साल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह से सम्मान किया गया। शहीदो की स्मृति में महाविद्यालय परिसर में किया गया वृक्षारोपण-रक्तदान शिविर में महाविद्यालय परिवार के छात्र-छात्राएं एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा ब्लड डोनेशन किया गया। रक्तदान शिविर में 51 रक्त दाताओं ने ब्लड डोनेट किया। रेड क्रॉस ब्लड बैंक रायपुर एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी बालोद के संयुक्त तत्वाधान में ब्लड डोनेट का कार्य किया गया। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी बालोद के संयोजक चंद्रशेखर पवार, ब्लॉक प्रभारी गुंडरदेही जेआर देवांगन, पुष्पा एक्का, मधुबाला कौशल, मीना भरद्वाज शशि देशमुख, जामवंत का योगदान रहा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी प्रदीप कुमार प्रजापति, रेडक्रास प्रभारी, मोहित साव प्राध्यापक जीपी पाठक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेवक का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन मनोज साहू एवं आभार प्रदर्शन प्रदीप कुमार प्रजापति ने किया।

# प्रदेश अध्यक्ष मरकाम के साथ जिला महामंत्री साहू ने पैदल यात्रा कर दंतेश्वरी माता के दर्शन किये



**लवन।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक मोहन मरकाम ने अपने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ पैदल यात्रा कर बस्तर की आराध्य देवी सिद्ध शक्तिपीठ माँ दंतेश्वरी का दर्शन लाभ प्राप्त किये।मोहन मरकाम के साथ पैदल यात्रा में बलौदाबाजार जिला कांग्रेस कमेटी के जिला महामंत्री एवं गो ग्रीन फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष विमल साहू भी शामिल हुए एवं मां दंतेश्वरी का दर्शन प्राप्त किये।प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम एवं जिला महामंत्री विमल साहू ने मां दंतेश्वरी से प्रदेश की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना करते हुए सबकी उज्ज्वल भविष्य की कामना किये।इस पैदल यात्रा में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में महिलाएं एवं युवा वर्ग शामिल हुए।कसडोल विधानसभा के वरिष्ठ पत्रकार गोलू कैवर्त से चर्चा करते हुए विमल साहू ने बताया कि यात्रा सुखद रहा, लंबी यात्रा के बाद दंतेवाड़ा में विराजित शक्तिपीठ माँ दंतेश्वरी का दर्शन लाभ प्राप्त किया।



## डॉ. चरणदास महंत ने महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर किया स्मरण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें याद करते हुए स्मरण किया। विस् अध्यक्ष डॉ. महंत ने कहा, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अपने अथक प्रयासों के बल पर अंग्रेजों से भारत को आजाद कराया यही नहीं इस महापुरुष ने अपना पूरा जीवन राष्ट्रहित में लगा दिया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पास सत्य और अहिंसा दो हथियार थे, जिन्होंने इसे भयावह और बेहद कठिन परिस्थितियों में अपनाया। शांति के मार्ग पर चलकर बड़े से बड़े आंदोलनों में आसानी से जीत हासिल की बल्कि बाकी लोगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत भी बने।

## भारत जोड़ो यात्रा को मिल रहे समर्थन से भाजपा घबरा गयी : कांग्रेस



रायपुर। मरकाम ने कहा कि कांग्रेस पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की कन्याकुमारी से निकली भारत जोड़ो यात्रा को मिल रहे जन समर्थन से भारतीय जनता पार्टी बौखला चुकी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि देश भर में भाजपा के नेता भारत जोड़ो यात्रा के बारे में अनर्गल बयानबाजी और अतार्किक सवाल खड़ा करने की कोशिश के बावजूद देश की जनता राहुल गांधी की पदयात्रा को अभूतपूर्व समर्थन दे रही है। भारत जोड़ो यात्रा का काफिला 10 किमी तक लंबा हो जाता है। राहुल गांधी की यात्रा में देश के हर वर्ग के लोग साथ आ रहे है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि इस यात्रा को 20 दिन हो गये, रोज वे सैकड़ों लोगों से मिल रहे, छात्रों, गरीबों, महिलाओं वंचित हर वर्ग से मिल रहे उनकी समस्या सुन रहे, सांत्वना दे रहे। मीडिया के साथियों से मिल कर भारत जोड़ो यात्रा में भारत के सामने मौजूद गंभीर विषयों पर देशवासियों के साथ सीधा संवाद किया जा रहा। हम 150 दिनों में कन्याकुमारी से कश्मीर तक 3,500 किमी. का रास्ता तय करेंगे और देश भर में लाखों लोगों के साथ बातचीत करेंगे। हमारी भारत जोड़ो यात्रा का मकसद भी यही है कि हम बच्चे, बूढ़े, नौजवान, महिलाएं, मजदूर, गरीब, किसान और आदिवासियों सबकी बात सुन सकें, उनकी समस्याओं का समाधान निकाल सकें। हम सफल भी हो रहें हैं, युवा खुल कर हमसे बात कर रहे हैं, साथ चल रहे हैं।




कुष्ठ के लिये कार्य करना मात्र चिकित्सकीय मदद ही नहीं, वरन् इंसान की घोर निराशा और क्षोभ को खुशी और आनंद में बदलना है। यह व्यक्तिगत आकांक्षाओं, अभिलाषाओं को जागृत कराने के लिये निःस्वार्थ सेवा है। - महात्मा गांधी

बापू की 153 वीं जयन्ती पर कुष्ठ जागरुकता दिवस
02 अक्टूबर 2022



श्री टी. एस. सिंहदेव
मान. स्वास्थ्य मंत्री, छत्तीसगढ़

डरें नहीं बीमारी से, कुष्ठ मिटेगा जनभागीदारी से

कुष्ठ के लक्षण- ◆चमड़ी पर तेलिया-तामिया चमक हों ◆चमड़ी पर खासकर चेहरे पर, भौंहों के ऊपर, ठोड़ी पर या कानों में गठानें, सूजन या मोटापन हो ◆ चमड़ी पर दाग, चकत्ते जिसमें सुन्नपन हो ◆ तंत्रिकाओं में मोटापन-सूजन हो, दबाने से दर्द होता हो, हाथ पैरों में झुनझुनी-सुन्नपन हो।



सपना का सपना, कुष्ठमुक्त भारत अपना

कुष्ठ की जॉच व उपचार- कुष्ठ की जॉच व उपचार समस्त जिला चिकित्सालयों, सिविल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों व प्राथमिक स्वास्थ्य केद्रों में निःशुल्क उपलब्ध है।

कुष्ठ की दवा- एम.डी.टी. की दवा कुष्ठ रोग का पूर्ण इलाज है। एम.डी.टी. की दवा सभी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों एवं अस्पतालों में निःशुल्क उपलब्ध है।

- कुष्ठ रोग अन्य रोगों के समान रोगाणुओं से होता है एवं साध्य है।
- यह अमीर-गरीब, महिला-पुरूष, छोटे-बड़े किसी को भी हो सकता है।
- कुष्ठ रोगी के साथ खान-पान, साथ रहने अथवा साथ कार्य करने से कुष्ठ नहीं फैलता है।

SAMVAD 34110/6

आइये कुष्ठ रोग की जानकारी समुदाय के हर व्यक्ति को दें ताकि हम छत्तीसगढ़ को कुष्ठ मुक्त बना सकें।

कुष्ठ से संबंधित जानकारी एवं सेवाओं के लिए नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य संस्था से संपर्क करें।

किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर 104 से संपर्क करें

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ द्वारा जनहित में प्रसारित



02_Oct. 2022 Pride Of Raipur

CCTV Projects

Attendance Access Control
www.smartindustrialsystems.com
Smart Industrial Systems
Nr. Indian Post Office, Shankar Nagar, Raipur
Ph.: (0771) 2433880, Mob.: 84350-00880

आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन)
एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
मोटवानी फायनेंस
गली नं. 03 सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर
93404-44755

Al-Taam अत्-ताम

सऊदी अज्वा, ईरान, ईराक, ट्यूनिशिया एवं अन्य अरब देशों के बेहतरीन क्वालिटी के खजूर वाजिब रेट पर उपलब्ध हैं।
Wholesale Depot
अत्-ताम खजूरवाला
शॉप नं. 25, मुबारक कॉम्प्लेक्स, के.के. रोड, मौदहापारा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क करें :- 9329107950

जगदम्बा ज्योतिष
100% गारंटी समय 9 से शाम 6 बजे तक
फीस 101/-
हस्तरेखा, जन्म पत्रिका, संतान प्राप्ति, पति-पत्नी अनबन, लव प्रॉबलम, वशीकरण, स्पेशलिस्ट गृह क्लेश, शत्रु छुटकारा, प्रेम विवाद, धंधा-व्यापार में लाभ-हानि गुप्त रोग M/F पर्सनल प्रॉबलम A to Z समाधान तुरंत, बात गुप्त रहेगी।
नोट : सभी राशि के नग मिलेंगे।
आमापारा, लाखे नगर रोड, रायपुर
मो.: 8511213168


SAINT (MOTHER) TERESA

GROWTH MARKETING

Distributors of Plywood and Laminates
Harish Narayan Chand
Mob. 9334384408
Add. C-201, Dolphin Premium Plaza, Daldal Seoni, Mowa
Raipur, Chhattisgarh, 492001
Godown Add.-Opposite Kool Homes, Dal Dal Seoni, Mowa, Raipur

KSR Kisan Parryware

Shree Vijay Sales
New Dhamtri Road, Lalpur, Raipur,
Mob.9993376888

न्यू क्वालिटी टाईल्स
Quality & Price You Can Trust

नैनो विट्रीफाईड टाईल्स
डिजिटल टाईल्स
डबल चार्ज
सिरेमिक टाईल्स
किचन सिंक
डिजिटल दिवाल टाईल्स
बॉथ फिटिंग
फोटो टाईल्स
ग्रेनाईट
मार्बल मार्केट, रिंग रोड नं. 1 पचपेड़ी नाका, प्रकाश पैलेस के पास, रायपुर (छ.ग.) 492001
मो. : 9009189001, 9089089001

स्टील बॉडी के साथ SAH Yatri SY

धमाका
एक बार चार्ज होने पर 80-130 कि.मी. चलती जाए...
करन मोटर्स
स्टेशन रोड, गुरुद्वारा के पास, तेलघानी नाका, रायपुर
मो. 9826777050
9827277050

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567






नवा रायपुर
सेवाग्राम

लागत 125 करोड़ रु | क्षेत्रफल 75 एकड़

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों, विचारों, दर्शन और भारत की आजादी के मूल्यों को सहेजने तथा जनशिक्षा के लिए समर्पित करने हेतु छत्तीसगढ़ सरकार की पहल, जिसका शिलान्यास श्री राहुल गांधी माननीय सांसद द्वारा 3 फरवरी 2022 को किया गया।



SAMVAD 34090/48

बापू के आदर्शों की राह पर लगातार आगे बढ़ता छत्तीसगढ़
गांधी जयंती पर नतमस्तक है

- भूपेश बघेल मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403